माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 13 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 173, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति 16

राजामौली की फिल्म में महेश संग विदेशी अदाकार 2

एक नजर

खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.1% पर आई

नई दिल्ली। खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी आने के कारण इस वर्ष जनवरी में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.10 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2023 में खुदरा महंगाई 5.69 प्रतिशत रही है, जबकि जनवरी 2023 में यह 6.52 प्रतिशत पर रही थी। अगस्त 2023 में यह महंगाई 6.83 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर रही थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 में खाद्य पदार्थों की महंगाई 8.3 प्रतिशत रही, जबकि दिसंबर 2023 में यह 9.53 प्रतिशत और जनवरी 2023 में यह 6.0 प्रतिशत रही थी।

सिसोदिया को तीन दिन की अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को तीन दिन की जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने क्रमशः केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में 13 से 15 फरवरी तक सिसोदिया को राहत दी। सीबीआई ने अब निरस्त की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को बनाने एवं क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार को लेकर 26 फरवरी, 2023 को पूर्व उपमुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया था। ईडी ने सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद उन्हें संबंधित धनशोधन मामले में नौ मार्च, 2023 को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार कर लिया था।

अब एम्स में स्मार्ट कार्ड से होंगे सभी भुगतान

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अब मरीज या उनके तीमारदारों के साथ लूटपाट की घटनाएं नहीं हो पाएंगी। दरअसल, एम्स ने स्टेट बैंक की सहायता से एम्स ने एक स्मार्ट कार्ड विकसित किया है, जिससे सभी तरह का भुगतान किया जा सकेगा। इस स्मार्ट कार्ड के जरिए न सिर्फ मरीज और उनके तीमारदार किसी भी मद में भुगतान कर सकेंगे, बल्कि दूर दराज से पैसा भी ऑनलाइन मंगवा सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्टेट बैंक द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड जारी किया। इस अवसर पर उनके साथ एम्स निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास और स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक मनजीत सिंह सहित कई अधिकारी एवं मरीज के तीमारदार भी थे।

एल्गार मामलाः नवलखा की जमानत पर रोक बढ़ी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत देने के अपने आदेश के क्रियान्वयन पर बंबई उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को सोमवार को बढ़ा दिया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले की सुनवाई को मार्च के पहले सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दिया। पीठ ने कहा, 'इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उच्च न्यायालय ने जमानत आदेश पर पहले ही रोक लगा दी है, इसे सुनवाई की अगली तारीख तक बढ़ा दिया गया है।'

राज्यों में उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति असंवैधानिक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह बस एक ओहदा, अतिरिक्त लाभ नहीं मिलता

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उप-मुख्यमंत्री सिर्फ एक पदवी है, जो किसी भी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती है।

पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वकील से कहा कि उपमुख्यमंत्रियों को केवल दूसरे मंत्रियों से वरिष्ठ माना जाता, लेकिन वे उनसे अधिक वेतन नहीं लेते हैं। इसके बाद वकील ने दलील दी कि उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति सरकारी विभाग में अन्य अधिकारियों के लिए गलत उदाहरण स्थापित कर रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'उनकी नियुक्ति का आधार क्या है। आधार केवल धर्म और समाज का विशेष संप्रदाय है। ऐसे उप मुख्यमंत्री के पद पर नियुक्ति का कोई अन्य आधार नहीं है।' पीठ ने हालांकि कहा कि एक उप मुख्यमंत्री एक विधायक और एक मंत्री होता है।

कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारी रिहा

नई दिल्ली, एजेंसी

कतर ने जेल में बंद भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया है, जिन्हें कथित रूप से जासूसी के एक मामले में पिछले साल अक्टूबर में मौत की सजा सुनाई गई थी। इनमें से सात भारत लौट आए हैं। रिहाई से 46 दिन पहले उनकी मौत की सजा को अलग अलग अवधि की कारावास सजा में तब्दील किया गया था।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई की अपनी यात्रा के बाद 14 फरवरी को कतर की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि रिहा किए गए आठ भारतीय नागरिकों में से सात भारत लौट आए हैं और देश अपने नागरिकों की रिहाई तथा उनकी घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'भारत सरकार कतर में हिरासत में लिए गए दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है।'

मंत्रालय ने कहा, 'रिहा किए गए आठ भारतीयों में से सात भारत लौट आए हैं। हम इनकी रिहाई और घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करते हैं।' कैप्टन (सेवानिवृत्त) नवतेज गिल और सौरभ वशिष्ठ, कमांडर (सेवानिवृत्त) पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा, और सुगुनाकर पकाला और नाविक (सेवानिवृत्त) रागेश को सजा सुनाई गई थी। तिवारी दोहा में ही रुके हैं।

▸▸ सात भारत लौटे, अगस्त 2022 में जासूसी के आरोप में किया गया था गिरफ्तार

रिहाई में डोभाल ने निभाई अहम भूमिका

नौसेना के पूर्व कर्मियों को 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। अपीलीय अदालत ने 28 दिसंबर को मृत्युदंड को कम कर दिया था और पूर्व नौसैन्य कर्मियों को अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। भारतीय नागरिकों को जासूसी के एक कथित मामले में अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया गया था। अपीलीय अदालत ने मौत की सजा को कम करने के बाद उन्हें उनकी जेल की सजा के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया था। यह पता चला है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भारतीय नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने में कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत में भूमिका निभाई थी।

केंद्रीय मंत्रियों ने बताया कूटनीतिक जीत

पूर्व नौसैनिकों की रिहाई को केंद्रीय मंत्रियों ने भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत बताया। स्मृति ईरानी ने पूर्व नौसैनिकों का स्वागत करते हुए कहा, 'जैसे ही हमारे नौसेना के दिग्गज भारतीय धरती पर लौटे तो उन्होंने इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उनके शब्द प्रधानमंत्री के प्रभावशाली नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत के राजनयिक कौशल को रेखांकित करते हैं।' अनुराग ठाकुर ने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मतलब दुनिया भर में भारत के लोगों के जीवन और स्वतंत्रता की गारंटी है।'

नीतीश सरकार शक्ति परीक्षण में पास, विपक्ष ने किया वॉकआउट

समर्थन में 129 वोट पड़े, राजद में टूट, तीन सदस्यों ने सरकार के पक्ष में की वोटिंग

पटना, एजेंसी

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने विधानसभा में मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तीन सदस्यों के साथ से विश्वास मत शून्य के मुकाबले 129 से जीत लिया।

विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करीब डेढ़ बजे विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया, जिस पर 2 घंटे से अधिक हुई चर्चा के बाद मतदान कराया गया, लेकिन मतदान से पहले ही राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। प्रस्ताव के पक्ष समर्थन में 129 मत पड़े। इससे पहले सभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 125 के मुकाबले 112 मत से पारित हो जाने के कारण आसन पर उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी बैठे थे। इसलिए वह मतदान नहीं कर सके। हजारी जदयू के विधायक हैं। सरकार के पक्ष में राजद के तीन विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव ने भी मतदान किया। वहीं सत्ता पक्ष के एक विधायक दिलीप राय सदन में अनुपस्थित थे। 243 सदस्यीय बिहार विधान सभा में राजग के 128 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 78, जदयू के 45, हम के 04 और 01 निर्दलीय शामिल हैं।

शक्ति परीक्षण से पहले विधानसभा पहुंचे नीतीश कुमार अभिवादन स्वीकारते हुए।

राजद के लोग सत्ता में रहकर कमाई कर रहे थेः नीतीश

विश्वास मत पर हुई चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने उनके मंत्रिमंडल में रहे राजद कोटे से रहे मंत्रियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, "जब राजद के साथ हम सरकार बनाए थे तो शुरू में सब ठीक था, लेकिन बाद में पता चला कि वो लोग सरकार में रहकर कमाई कर रहे हैं। आज तक मेरी सरकार में ऐसा कभी नहीं हुआ।" उन्होंने कहा कि राजद ने सरकार में बहुत गलत काम किया। वह इसकी जांच कराएंगे।

तेजस्वी का नीतीश पर तंज, बोले- ना पलटने की गारंटी मोदी जी लेंगे

बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया तो तेजस्वी यादव ने भाजपा और जदयू को निशाने पर लिया। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत में तेजस्वी ने कहा, 'मोदी जी की गारंटी तो बहुत मजबूत गारंटी है। ऐ मोदी की गारंटी वालो, क्या मोदी जी गारंटी लेंगे कि ये फिर से पलटेंगे या नहीं। बताइए। मोदी जी की गारंटी वालों बताओ। खैर हमको इसकी चिंता नहीं है।' नीतीश कुमार से तेजस्वी यादव ने कहा, 'कम से कम एक बार बता तो देते। आप तो कुछ बताए भी नहीं। हम आपको कुछ कहे हैं। आप हमसे कहे होते तो हम बाहर से समर्थन दे दिए होते।'

अब न दंगा होता है, न सरकारी नौकरी में वसूली: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा का मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ बांगर से मुख्यमंत्री ने की शुरुआत

▸▸ कहा, 119 चीनी मिलों में 105 मिलें 10 दिन से कम समय में कर रहीं बकाया भुगतान

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुजफ्फरनगर जिले के शुकतीर्थ बांगर से भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा शुरू करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में आए दिन दंगा होते थे। सरकारी नौकरियों में डाका डाला जाता था। मगर अब न कहीं दंगा होता है, न ही सरकारी नौकरी में वसूली।

मुख्यमंत्री ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और धनराशि का चेक देते हुए कहा कि पिछले वर्ष का 99 प्रतिशत से ज्यादा गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में क्रियाशील 119 चीनी मिल में से 105 चीनी मिलें 10 दिन से कम समय में गन्ना किसानों का भुगतान कर रही हैं। बाकी बची मिलों पर दबाव बनाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार अन्नदाता किसान की मेहनत का पैसा दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने की बड़ी वजह अन्नदाता किसान हैं। हमारे एजेंडे में किसान सबसे पहले हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुजफ्फरनगर का दंगा कई महीनों तक चला था। उसे कोई नहीं भूल सकता है। 2017 में हमने आपसे सुरक्षा वादा किया था। आज पूरा प्रदेश सुरक्षित है और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। कहा कि पहले की सरकारें सरकारी नौकरियों में डाका डालती थी। अपने भाई, भतीजों और परिवार के लोगों को सरकारी नौकरियों में भरते थे। प्रदेश का नौजवान ठगा रह जाता था। आज प्रदेश में लगभग 60000 हजार नागरिक पुलिस आरक्षियों की बिना भेदभाव के भर्ती हो रही है।

नौ संकल्पों को लेकर चल रही ग्राम परिक्रमा यात्रा

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा निकाली जा रही ग्राम परिक्रमा यात्रा 9 संकल्पों को लेकर चल रही है। ये संकल्प जल संरक्षण, डिजीटल भुगतान, स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, घरेलू पर्यटन, जैविक खेती, मिलेट्स, ग्रामीण खेल, स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से वंचित किसानों की मदद है। यात्रा के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को सभी 9 संकल्पों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री संजीव कुमार बलियान, प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर, विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा आदि शामिल रहे।

पूर्व सीएम अशोक चह्वाण ने कांग्रेस छोड़ी

मुंबई, एजेंसी

▸▸ महाराष्ट्र के कई नेताओं के साथ भाजपा में हो सकते हैं शामिल

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की संभावना है। चव्हाण ने इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को एक पत्र लिखा है और राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को विधानसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा भी भेजा है।

हाल के वर्षों में महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक कई झटके लगे हैं, क्योंकि पार्टी के प्रमुख नेताओं मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी और उल्हास पाटिल सहित कई प्रमुख नेता पार्टी छोड़कर भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। सूत्रों के मुताबिक चव्हाण वर्तमान विधायकों समेत कुछ बड़े नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने उनके अगले राजनीतिक कदम के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह अगले दो दिनों में इस पर फैसला करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होंगे, चव्हाण ने कहा, "मैंने भाजपा में शामिल होने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है, भाजपा की कार्य प्रणाली के बारे में नहीं जानता।"

नेशनल कॉन्फ्रेंस की पूर्व एमएलसी शहनाज गनई भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) की पूर्व नेता और विधान परिषद की पूर्व सदस्य शहनाज गनई सोमवार को भाजपा में शामिल हो गईं। केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह और भाजपा महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में गनई ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा नेताओं ने इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति और क्षेत्र में महिलाओं के लिए गनई के काम की सराहना की। गनई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने लोगों के लिए काफी अच्छे काम किए हैं और 'सबका साथ, सबका विकास' के उनके दर्शन से वह प्रभावित हैं।

राजस्थान से भाजपा ने गरासिया और मदन राठौर को बनाया रास उम्मीदवार

जयपुर। भाजपा ने राज्यसभा के लिए राजस्थान से दो उम्मीदवारों के नाम के ऐलान किया है। पार्टी ने चुन्नी लाल गरासिया और मदन राठौर को उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों के नामों पर मुहर लगाई है। राज्यसभा की सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होने हैं। आदिवासी समुदाय से आने वाले गरासिया राज्य सरकार के पूर्व मंत्री हैं, जबकि राठौड़ पूर्व विधायक हैं। मदन राठौड़ पाली की सुमेरपुर विधानसभा सीट से दो बार विधायक रहे हैं। वह 2003 में पहली बार विधायक बने थे। वहीं 2013 में दूसरी बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे थे। चुन्नीलाल गरासिया पूर्व मंत्री और संगठन में कई पदों पर रहे है। गरासिया वर्तमान में भाजपा में प्रदेश उपाध्यक्ष है। राज्यसभा की तीन सीटों के लिए राजस्थान विधानसभा में 27 फरवरी को मतदान होना है। भाजपा, कांग्रेस, निर्दलीय और अन्य दलों के प्रत्याशियों की संख्या के हिसाब से राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के दो और कांग्रेस के एक प्रत्याशी की जीत तय मानी जा रही है।

रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने राजग में शामिल होने का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बदलेंगे चुनावी समीकरण

राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने सोमवार को भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन राजग में शामिल होने का ऐलान कर दिया। हालांकि जयंत का एनडीए में शामिल होना कई दिनों से तय माना रहा था, लेकिन आधिकारिक पुष्टि का इंतजार था। अब जयंत के राजग में जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी समीकरण भी पूरी तरह बदल जाएंगे।

जयंत चौधरी ने राजग में जाने के सवाल पर पत्रकारों से बात भी की। जब उनसे पूछा गया कि खबर आ रही है कि आप राजग में जा रहे हैं, लेकिन खबर ये भी आ रही हैं कि आपके विधायक नाराज हैं। इस सवाल के जवाब में जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने दल के सभी विधायकों, कार्यकर्ताओं से बात की है और फिर यह फैसला लिया है। इस फैसले के पीछे कोई बड़ी प्लानिंग नहीं रही है या बहुत समय से हम यही सोचे बैठे हों। बहुत कम समय में यह फैसला हमें लेना पड़ा। परिस्थितियों के कारण हमें यह फैसला लेना पड़ा।

बता दें कि बीते दिनों चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने का केंद्र सरकार ने ऐलान किया था। इसका जिक्र करते हुए जयंत चौधरी ने कहा, ''जब भारत रत्न से नवाजा गया है तो यह सिर्फ मेरे परिवार के लिए नहीं, देश के किसानों, गरीबों के लिए सम्मान की बात है।''

पत्नी-बच्ची की हत्या की, खुद को चाकू मारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ कानपुर की चकेरी कांशीराम कॉलोनी फेज-1 में हुई घटना

▸▸ सूदखोरों से परेशान होने की बात एक नोट में लिखी

अमृत विचारः चकेरी कांशीराम कालोनी स्थित फेज-1 में सोमवार दोपहर पत्नी और बेटी की गला दबाकर हत्या करने के बाद पति ने खुद को चाकू मार लिया। उसे गंभीर हालत में हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हत्यारोपी जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है। वारदात को अंजाम देने से पहले लिखे नोट में उसने सूदखोरों से परेशान होने की बात कही है।

कांशीराम कालोनी स्थित फेज-1 में 40 वर्षीय अर्जुन जायसवाल अपनी 36 वर्षीय पत्नी निशा और इकलौती 4 वर्षीया बेटी आशवी के साथ रहता थे। चकेरी पुलिस के अनुसार वह पहले मेडिकल रिप्रजेंटेटिव थे। कर्जा होने के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद कॉलोनी के पास आशवी जनरल स्टोर खोल लिया था। कई लोगों से कर्जा लेने के कारण वह काफी परेशान था। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि अर्जुन रविवार रात घर के बाहर बैठकर दहाड़ मारकर रो रहा था। फिर घर के अंदर चला गया।

सोमवार दोपहर बाद तक जब परिवार का कोई सदस्य नहीं दिखा तो लोगों को शंका हुई। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला तो घर के अंदर अर्जुन हाथ में चाकू लिए खून से लथपथ पड़ा था। पास में ही निशा और आशवी का शव जमीन पर गद्दे पर पड़ा था। आरोपी अर्जुन की हालत हैलट में बेहद गंभीर बताई गई है। पुलिस अर्जुन के परिजनों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस को मौके से चाकू मिला है। वहीं पंखे में दुपट्टा लटका मिला है। पुलिस ने बताया कि मां-बेटी की हत्या गला दबाकर करने की आशंका है।

नोट में लिखा- कर्ज ने जीने नहीं दिया...

अर्जुन ने घटना को अंजाम देने से पहले एक नोट में लिखा कि मैं जीना चाहता था, पर कर्ज ने जीने नहीं दिया। कर्जा था, पर इतना नहीं कि मैं दे ना पाऊं पर सूदखोरों ने समय नहीं दिया। मैं मजबूर होकर परिवार के साथ आत्महत्या कर रहा हूं। इसमें किसी कि गलती नहीं। भगवान सबको खुश रखे। मैं सिर्फ अपनी पत्नी और बेटी का दोषी हूं।

किसानों का प्रदर्शन आज, देखते ही गिरफ्तारी का आदेश

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ ट्रैक्टर, टेंपो एवं बाहरी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

अमृत विचारः न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून एवं स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर कई राज्यों के किसान दिल्ली की तरफ बढ़ चुके हैं। उनका प्रदर्शन 13 फरवरी को प्रस्तावित है, लेकिन दिल्ली पुलिस ने सभी तरह के धरना, प्रदर्शन, जुलूस व जनसभा पर रोक लगा दी है। सभी सीमाएं सील कर दी गई है और किसानों को देखते ही गिरफ्तार करने का आदेश भी जारी किया गया है।

दूसरी तरफ कुछ किसान नेताओं से चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के मंत्री बातचीत कर रहे हैं, लेकिन पंजाब सरकार के मुख्यमंत्री सहित किसी भी नुमाइंदे ने इस बातचीत से अपने आप को अलग रखा हुआ है। किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वर्ष 2021 की तर्ज पर पुनः आंदोलन करने की धमकी दी थी और 13 फरवरी को संसद का घेराव करने का नोटिस दिया था। उन्होंने देशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई है जिसके तहत इस बार न सिर्फ उत्तर प्रदेश हरियाणा पंजाब मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के किसान दिल्ली में प्रदर्शन करने के लिए चल चुके हैं, बल्कि दक्षिण भारत के तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के किसान भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने देर शाम बताया कि किसान आंदोलन सहित सभी तरह की आंदोलनकारी गतिविधियों जैसे धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रेलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और धारा 144 पूरी दिल्ली में लागू कर दी गई है। ट्रैक्टर, टेंपो सहित बाहरी वाहनों पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली भर में यदि किसानों का कहीं भी हुजूम नजर आएगा तो उन्हें देखते ही गिरफ्तार करने के भी आदेश दिए गए हैं।

'दिल्ली कूच' के तहत अपने वाहन से हरियाणा के फतेहाबाद पहुंचे किसान ● एजेंसी

पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेड्स और सड़कों पर कीलें ठुकवाईं

किसान आंदोलन को रोकने के लिए गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली राज्यों को लेकर एक रणनीति बनाई है, जिसके तहत किसानों को दिल्ली आने से पहले ही उनको उनके गृह राज्य में ही रोका जाएगा ताकि दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का जमावड़ा न लग सके। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत, गाजियाबाद, नोएडा, गाजीपुर, सिंधु बॉर्डर पर भी पुलिस ने कंक्रीट के बैरिकेड्स एवं सड़कों पर कीलें ठुकवा दी है।

फाइनल में हारने के बावजूद भारतीय युवाओं का भविष्य उज्ज्वल

भारतीय टीम अंडर-19 विश्व कप में लगातार पांचवीं बार पहुंची थी फाइनल में, श्रृंखला के दौरान खिलाड़ियों ने दर्शकों का जीता दिल

नई दिल्ली, एजेंसी

उदय सहारन के नेतृत्व में भारत ने अंडर-19 विश्व कप के लगातार पांचवें फाइनल में प्रवेश किया लेकिन इसमें चूकने के बावजूद खिलाड़ियों ने दिल जीत लिया। रिकॉर्ड पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 79 रन से हार गई।

उदय सहारन : भारत के अंडर-19 टीम के कप्तान टूर्नामेंट में बल्लेबाजी लाइन अप का आधार रहे और टीम को दबाव से बाहर निकाला। उन्होंने बड़े स्कोर के लिए अच्छी नींव रखी, जिससे वह 397 रन के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर रहे। **सचिन धास :** महाराष्ट्र के बीड के इस खिलाड़ी ने अपनी 'फिनिशिंग' से सबको आकर्षित किया। धास टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले 5 खिलाड़ियों में है। सेमीफाइनल में उनकी 96 रन की पारी ने भारत की जीत में अंतर पैदा किया क्योंकि टीम ने 32 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। **मुशीर खान :** अपने बड़े भाई सरफराज खान की तरह मुशीर को बल्लेबाजी पसंद है। उन्होंने टूर्नामेंट में दो शतक और एक अर्धशतक से कुल 360 रन बनाए। **सौम्य पांडे :** राजस्थान के भरतपुर के सौम्य ने बाएं हाथ की स्पिन से टूर्नामेंट में भारत को विकेट दिलाए और 18 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। **अर्शिन कुलकर्णी :** महाराष्ट्र के सोलापुर के इस आल राउंडर को अंडर-19 विश्व कप खेलने से पहले ही आईपीएल का अनुबंध मिल गया था। कुलकर्णी को भविष्य का हार्दिक पंड्या कहा जा रहा है। उन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में भारत के लिये पारी का आगाज किया। **राज लिम्बानी :** 'कच्छ के रण' के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज लिम्बानी ने नई गेंद से प्रभावित किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने द. अफ्रीका के खिलाफ छक्का जड़कर भारत को नौवीं बार फाइनल में पहुंचाया। अपने सपनों के लिए लिम्बानी को दयापुर गांव छोड़कर बड़ौदा आना पड़ा। **प्रियांशु मोलिया :** मोलिया भी बड़ौदा के हैं और उन्होंने 7 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 144 रन है। मध्यक्रम का यह बल्लेबाज आफ स्पिन गेंदबाजी कर सकता है। **नमन तिवारी :** लखनऊ के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने जसप्रीत बुमराह से यॉर्कर डालना सीखा है। उन्होंने टूर्नामेंट में 19 .83 के औसत से 12 विकेट लिए। **मुरुगन अभिषेक :** हैदराबाद का युवा ऑफ स्पिनर आर अश्विन से प्रभावित है। हालांकि वह काफी विकेट नहीं ले सके लेकिन रन गति पर लगाम कसने में सफल रहे। **अरावेली अवनीश :** रवि शास्त्री और आर श्रीधर की अकादमी का यह विकेटकीपर बल्लेबाज हैदराबाद के लिए लिस्ट ए में पदार्पण कर चुका है और उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा था। वह तेलंगाना के राजन्ना सिरसिला जिले के पोथुगल गांव से हैं। **आदर्श सिंह :** बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के बांग्लादेश के खिलाफ 76 रन की पारी से भारत की आदर्श शुरुआत हुई थी।फाइनल में भी 47 रन की पारी खेली। **रूद्र पटेल :** उन्हें टूर्नामेंट में खेलने का मौका नहीं मिला। वह अपनी कप्तानी में गुजरात को अंडर-16 राज्य चैम्पियनशिप का खिताब दिला चुके हैं। **इनेश महाजन :** वह टीम के रिजर्व विकेटकीपर थे और अवनीश के कारण उन्हें मौका नहीं मिला। नोएडा के बाएं हाथ के बल्लेबाज इनेश एमएस धोनी के मुरीद हैं। **धनुष गौड़ा :** बेंगलुरु का यह तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ और आर विनय कुमार के नक्शेकदम पर चलना चाहता है। वह कुछ बड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि उनके पिता अपने क्रिकेट सपने को पूरा करने में असफल रहे जबकि चोटों ने उनके बड़े भाई का करियर बरबाद कर दिया। **आराध्य शुक्ला :** गणित शिक्षक के बेटे अराध्य ने लंबा होने के लिए क्रिकेट खेलना शुरू किया। लुधियाना के इस खिलाड़ी ने सीके नायडू ट्रॉफी और कूच बिहार ट्रॉफी में प्रभावित किया जिससे उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली।

कानिटकर को भरोसा, भारत के लिए खेलेंगे कुछ खिलाड़ी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

भारत के अंडर-19 टीम के मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर को भरोसा है कि उनकी इस टीम के कुछ खिलाड़ी भविष्य में सीनियर टीम से खेलेंगे। कानिटकर ने रविवार को मैच के बाद कहा कि निश्चित रूप से भारत का भविष्य उज्जवल है। गेंदबाजी और बल्लेबाजी, दोनों में ही कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने मुश्किल हालात में परिपक्वता दिखाई जो भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा है। सहारन पंजाब के लिए खेलते हैं, वह इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नेपाल के खिलाफ शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 81 रन बनाएं। मुशीर टीम के लिए बल्ले से निरंतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे। इन दोनों के अलावा धास ने 'फिनिशर' की भूमिका निभाई और बाएं हाथ के स्पिनर पांडे ने 18 विकेट झटके। भारतीय टीम हमेशा ही आयु ग्रुप में 'पावरहाउस' रही है और अंडर-19 विश्व कप ने विराट कोहली, युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार दिए हैं। मुझे भरोसा है कि इसमें से कुछ खिलाड़ी भारतीय टीम में खेलेंगे।

खेल डायरी

उत्तर प्रदेश के कुदरत अली, लोकेश चौधरी और मोहम्मद आजाद रोइंग के राष्ट्रीय अंपायर

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के कुदरत अली, लोकेश चौधरी व मोहम्मद आजाद ने रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से हैदराबाद में आयोजित नेशनल अंपायर सेमिनार और परीक्षा को उत्तीर्ण की है। इसके साथ यह तीनों अब रोइंग की स्पर्धाओं में राष्ट्रीय अंपायर की भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे। प्रदेश के तीन अंपायरों के इस राष्ट्रीय प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल करने पर उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के चयन कमेटी के चेयरमैन आईपीएस आदित्य मिश्रा, संरक्षक आईपीएस डॉ. आरपी सिंह, आईपीएस राजीव त्रिवेदी, आईपीएस गोपाल गुप्ता सेवानिवृत्त, आईपीएस रेनुका मिश्रा (डीजी पुलिस प्रमोशन व भर्ती बोर्ड), आईजी आगरा रेंज दीपक कुमार (आईपीएस), आईपीएस बिनोद कुमार सिंह व एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा ने बधाई दी। सुधीर शर्मा ने बताया कि हैदराबाद के बोट क्लब में गत 10 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा को 12 लोगों ने उत्तीर्ण किया। इन राष्ट्रीय अंपायरों को रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव (उपाध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ) ने सम्मानित किया था।

नई दिल्ली राष्ट्रीय मैराथन 25 फरवरी को आयोजित

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से राष्ट्रीय प्रतियोगिता और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा के रूप में मान्यता प्राप्त नई दिल्ली मैराथन का आयोजन 25 फरवरी को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। पुरुष और महिला वर्ग के 5 एथलीटों को पुरस्कृत किया जाएगा। दोनों वर्ग में विजेता को 1 .5 लाख रुपए जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले को एक लाख रुपए का पुरस्कार मिलेगा। तीसरे, चौथे और पांचवें खिलाड़ियों को क्रमश : 50,000, 30,000 और 30,000 रुपए मिलेंगे। एएफआई ने कहा कि दिल्ली मैराथन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 25 फरवरी को किया जाएगा।

पाकिस्तान के सईद से भिड़ेंगे संग्राम सिंह

मुंबई, एजेंसी। पूर्व राष्ट्रमंडल हेवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह 6 साल बाद वापसी करते हुए 24 फरवरी को दुबई में 'इंटरनेशनल प्रो रेसलिंग चैम्पियनशिप' में पाकिस्तान के मोहम्मद सईद के सामने होंगे। इस चैम्पियनशिप की पुरस्कार राशि तीन करोड़ है और इसमें पांच मुकाबले होंगे। इन पांच में से एक मैच संग्राम और सईद के बीच होगा। संग्राम (38 वर्ष) ने 2015 और 2016 में राष्ट्रमंडल हेवीवेट चैमपियनशिप जीती थी। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य फिट इंडिया की विचारधारा को ध्यान में रखते हुए युवाओं को प्रेरित करना है। सईद के खिलाफ प्रतिस्पर्धा इसका शानदार तरीका है कि उम्र कोई बाधा नहीं है और मैं विश्व पेशेवर कुश्ती द्वारा मुहैया कराए इस भिड़ंत के लिए तैयार हूं।

स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में भारत 75वें स्थान पर, अमित और सचिन ने जीते स्वर्ण

सोफिया (बुल्गारिया), एजेंसी। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल और राष्ट्रीय चैंपियन सचिन ने रविवार को यहां 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीते। अमित पंघाल (51 किग्रा) ने मौजूदा विश्व चैंपियन संझार ताशकेनबे पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की। अमित सटीक गति के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी हो गए और एक सेकंड के लिए भी मुकाबले पर पकड़ ढीली नहीं होने दी। सजाख पूरे मुकाबले के दौरान बाहर जाने का रास्ता तलाशते रहे लेकिन अमित डटे रहे और टूर्नामेंट में चौथी बार जीत हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल किया। पहले मैच के विपरीत सचिन (57 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के शाखजोद मुजाफारोव के खिलाफ जमने में कुछ समय लगा। पहले राउंड में दोनों मुक्केबाज समान रूप से हावी थे, हालांकि सचिन इसे 3-2 के मामूली अंतर से जीतने में सफल रहे। हरियाणा के मुक्केबाज ने दूसरे और तीसरे राउंड में अपने मुक्कों का सटीक समय इस्तेमाल करते हुए 5-0 के अंतर से जीत हासिल की।

केएल राहुल तीसरे टेस्ट से बाहर देवदत्त पडीक्कल टीम में शामिल

बल्लेबाज क्वाड्रिसेप्स की पीड़ा के कारण नहीं खेल सके थे दूसरा टेस्ट मैच

राजकोट, एजेंसी

भारत के बल्लेबाज केएल राहुल अपनी 'क्वाड्रिसेप्स' चोट से उबरने में विफल रहे, जिससे सोमवार को वह इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर हो गए। इसी चोट के कारण वह विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। इससे साफ है कि कर्नाटक के बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल टीम में राहुल की जगह लेंगे।

बीसीसीआई के वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि केएल राहुल अभी तक राजकोट नहीं पहुंचे हैं। स्थानीय खिलाड़ी रविंद्र जडेजा टीम से जुड़ चुके हैं। टीम में शामिल होना फिटनेस पर निर्भर था और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम को अब भी नहीं लगता कि वह फिट हैं। चयनकर्ताओं ने चिकित्सा टीम से हरी झंडी मिलने पर ही राहुल और जडेजा को टीम में शामिल किया था। हाल के रणजी ट्राफी मैच में 23 साल के पडीक्कल ने 151 रन बनाए हैं और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर स्टैंड में बैठकर उनकी पारी देख रहे थे। इस घरेलू सत्र में पडीक्कल फॉर्म में हैं, उन्होंने पहले रणजी मैच में पंजाब के खिलाफ 193 रन और गोवा के खिलाफ 103 रन बनाए। रणजी के अलावा पडीक्कल ने भारत 'ए' के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट की तीन पारियों में 105, 65 और 21 रन बनाए। जहां तक राहुल का संबंध है तो बल्लेबाज का इतना लंबा ब्रेक गंभीर सवाल खड़े करता है कि क्या सीनियर खिलाड़ी और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम कुछ निश्चित खिलाड़ियों की चोट की स्थिति के बारे में सही जानकारी दे रही है या नहीं। चिकित्सा टीम को पता था कि राहुल की जांघ की चोट गंभीर है तो उन्हें टीम में रखा क्यों गया और खिलाड़ी भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर गलत संकेत दे रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान चैपल ने कहा- भारत के सामने कड़ी चुनौती

मेलबर्न, एजेंसी। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम टेस्ट में भारत को कड़ी टक्कर देगी, लेकिन उन्होंने मेजबान टीम के जीतने का समर्थन किया। भारत और इंग्लैंड इस समय 5 मैच की श्रृंखला में 1-1 की बराबरी पर हैं। चैपल ने लिखा कि घरेलू टीम होने के नाते भारत को आखिर में इस मुश्किल श्रृंखला को जीतना चाहिए लेकिन उन्हें बचे हुए मुकाबलों में कड़ी चुनौती मिलेगी। स्टोक्स के आक्रामक नेतृत्व वाली टीम जो रूट की अगुआई वाली टीम से बेहतर है जो पिछले दौरे पर स्पिन के आगे पस्त हो गई थी। भारत के 2021 में इंग्लैंड की टीम रूट की अगुवाई में पहला टेस्ट जीतने के बाद श्रृंखला गंवा बैठी थी।

अबुधाबी से एक सप्ताह बाद राजकोट पहुंची इंग्लैंड की टीम

राजकोट, एजेंसी। अबुधाबी में एक सप्ताह बिताने के बाद इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी बचे 3 मैचों में खेलने के लिए सोमवार को यहां पहुंची। तीसरा मैच 15 फरवरी से खेला जाएगा। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 106 रन की हार के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ी दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के बीच 10 दिन का अंतर होने से अबुधाबी चले गए थे। इंग्लैंड की टीम मंगलवार की सुबह सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में अभ्यास करेगी जबकि भारतीय खिलाड़ी दोपहर के बाद अभ्यास सत्र में भाग लेंगे। भारत लौटने से पहले इंग्लैंड की टीम को करारा झटका लगा क्योंकि उसके मुख्य स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट से श्रृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए।

विराट के न होने से इंग्लैंड के पास जीत का मौका : ब्रॉड

केपटाउन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट श्रृंखला में नहीं होना इस श्रृंखला और खेल के लिए अच्छा नहीं है लेकिन उनकी गैर मौजूदगी में इंग्लैंड के पास भारत को हराने का मौका है। विराट निजी कारणों से बाहर है जबकि भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला में 1-1 कीबराबरी कर ली है। ब्रॉड ने कहा कि विराट किसी भी स्पर्धा को अपने जनून, आक्रामकता और बेहतरीन खेल से शानदार बना देते हैं। दर्शक उनका खेल देखने को आतुर रहते हैं, लेकिन निजी मसले हमेशा से बड़े होते हैं। उनका मानना है कि विराट की गैर मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका होगी। इंग्लैंड के लिए 167 टेस्ट में 604 विकेट ले चुके इस गेंदबाज ने कहा कि हमने पिछले टेस्ट में देखा कि यशस्वी जायसवाल ने कैसे दोहरा शतक जड़ा। अगले 3 मैचों में कोई और खिलाड़ी भारत के लिए चमकेगा और हो सकता है कि वह इस लायक हो जाए कि जब विराट खेल को अलविदा कहें तो उनकी जगह ले सके। ब्रॉड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच यह सबसे प्रतिस्पर्धी श्रृंखलाओं में से है और अगले 3 टेस्ट में इंग्लैंड के पास अच्छा मौका है। विराट के नहीं होने से बहुत कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस पर निर्भर करेगा। विराट और इंग्लैंड के जिम्मी एंडरसन के बीच प्रतिद्वंद्विता काफी मशहूर रही है।

बीएटीसी में खिताब जीतना चाहेगा भारत

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

पीवी सिंधु और पुरुष टीम पर फोकस

थॉमस कप चैम्पियन भारत अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का खिताब जीतने की कोशिश करेगा, जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की चोट से वापसी होगी। भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता और पिछले साल के एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल किया था। टीम की कोशिश इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचने की होगी, जिसमें उसने 2016 और 2018 में कांस्य जीता था। भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप ए के लीग मैच में मजबूत चीन और हांगकांग का सामना करना होगा, जिससे यह उसके लिए इतना आसान नहीं होगा। एचएस प्रणय की अगुवाई में भारत लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के साथ शीर्ष दो में जगह बनाकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा। सिंधू के नेतृत्व वाली महिला टीम को ग्रुप 'डब्ल्यू' में सिर्फ चीन से भिड़ना है जो ग्रुप की दूसरी टीम है, जिससे भारत ने नॉकआउट में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है।

नागल एटीपी एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया। रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं। पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर उलटफेर किया था, हालांकि दूसरे दौर में वह चीन के जुनचेंग शांग से हार गए थे। 2019 में बायें हाथ के प्रजनेश गुणेश्वरन के शीर्ष 100 में पहुंचने के बाद बाद नागल शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने रविवार को चेन्नई में मिली जीत के बाद कहा कि मैं बहुत भावुक हूं। हर टेनिस खिलाड़ी का सपना कम से कम शीर्ष 100 में पहुंचना होता है। जैसा कि मैंने कहा कि अपने देश के घरेलू दर्शकों के सामने यह मैच जीतना शानदार है, इसके लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसे बयां करने के लिए शब्द थे। हर कोई रो रहा था। शब्द कम थे, आंसू ज्यादा। मैं अब भी बहुत भावुक हूं। पिछले साल मेरी रैंकिंग 500 थी, जिसके बाद मेरी सर्जरी हुई और वित्तीय सहयोग भी नहीं था तो पिछला साल काफी मुश्किल रहा।



नितेश की रामायण में दशरथ होंगे अमिताभ

डायरेक्टर नितेश तिवारी की मेगा बजट फिल्म 'रामायण' लगातार सुर्खियों में है। इसके कास्ट को लेकर आए दिन कोई न कोई अपडेट आ रहे हैं। फिल्म के अनाउंसमेंट के बाद बताया गया था कि इसमें राम के रोल में रणबीर कपूर, सीता के रोल में साईं पल्लवी और रावण के रोल में यश नजर आने वाले हैं। वहीं, फिल्म 'रामायण' की कास्ट को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि फिल्म में मेगास्टार अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई है। इसके साथ ही फिल्म में अमिताभ बच्चन के किरदार का भी खुलासा हो गया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन राजा दशरथ यानी रणबीर कपूर के पिता का रोल करने वाले हैं। हालांकि, मेकर्स और अमिताभ बच्चन की तरफ से 'रामायण' में कास्ट किए जाने को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दिया गया है। फिलहाल, अमिताभ बच्चन के फैंस इस खबर से उत्साहित हैं।

चिंटू की फिल्म फिदा के अगले हिस्से की शूटिंग मुंबई में शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी फिल्म जगत के चॉकलेटी हीरो प्रदीप पाण्डेय चिंटू अभिनीत फिल्म फिदा के बाकी हिस्से की शूटिंग मुम्बई में शुरू हो गई है। फिल्म फिदा की लगभग 90 प्रतिशत शूटिंग बीते महीने में उत्तरप्रदेश के बनारस, मिर्जापुर के आसपास की गई है। फिल्म फिदा में बॉर्डर पार के प्रेम सबन्धों और एक सैनिक की अपने देश के प्रति कर्त्तव्य और प्रतिबद्धता के साथ निजी जीवन की मजबूरियों को दिखाने की कोशिश की गई है। प्रदीप पाण्डेय चिंटू ने बताया हमने एक बेहतरीन फिल्म बनाई है और इसकी बेहतरी के लिए ही हमने ये शेड्यूल मुम्बई में लगाया है, जिससे कोई कसर बाकी ना रह जाए। पूरी टीम ने मेहनत और ईमानदारी से अपना काम किया है और अब रिजल्ट तो दर्शक ही देंगे।

राजामौली की फिल्म में महेश संग होगी विदेशी अदाकारा

टॉलीवुड के सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की अपकमिंग जंगल एडवेंचर मूवी 'एसएसएमबी 29' को लेकर दर्शकों में भारी क्रेज है। इस मूवी का मेकर्स ने धांसू ऐलान किया है। महेश बाबू स्टारर निर्देशक एसएस राजामौली की मूवी को लेकर छोटी सी भी जानकारी मिनटों में वायरल होने लगती है। ताजा खबर है कि राजामौली और महेश बाबू की इस मूवी में एक और नामी एक्ट्रेस की एंट्री हो चुकी है। महेश बाबू की मूवी में इंडोनेशियन अदाकारा चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान की एंट्री हुई है। इन खबरों को बल उस वक्त मिला जब हाल ही में चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान ने राजामौली को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया। इससे पहले एक वेबसाइट ने जनवरी में अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया था कि एसएस राजामौली और महेश बाबू की अपकमिंग मूवी में इंडोनेशियन एक्ट्रेस चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान नजर आ सकती हैं। इन खबरों पर फिल्ममेकर्स ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया। अब हाल ही में चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान ने इंस्टाग्राम पर राजामौली को फॉलो किया है। 'बाहुबली' सीरीज और 'आरआरआर' की सफलता के बाद ये राजामौली की अगली मचअवेटेड मूवी है, जिसमें टॉलीवुड प्रिंस महेश बाबू अलग ही लुक में नजर आएंगे। इस मूवी को मेकर्स पैन वर्ल्ड स्तर पर बनाने की तैयारी में है। इस वजह से फिल्म में विदेशी स्टारकास्ट के भी होने का अनुमान है। अभी तक मेकर्स ने इस फिल्म की स्टारकास्ट का खुलासा नहीं किया है। फिल्म कब तक फ्लोर पर पहुंचेगी। इसे लेकर सही जानकारी सामने नहीं आ पाई है। संभवत ये मूवी इसी साल अंत तक फ्लोर पर पहुंचेगी। तो क्या आप निर्देशक एसएस राजामौली की इस अपकमिंग मूवी को लेकर एक्साइटेड हैं। अपनी राय हमें कमेंट कर बताएं।



टाइगर श्रॉफ ने शुरू की फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी आने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग शुरू कर दी है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी इन दिनों फिल्म 'सिंघम अगेन' बना रहे हैं। यह फिल्म सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। फिल्म सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण की मुख्य भूमिका है। टाइगर श्रॉफ इस फिल्म में कैमियो कर रहे हैं। 'सिंघम अगेन' में टाइगर श्रॉफ एसीपी सत्या की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में टाइगर ने फिल्म में अपनी भूमिका का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके कैप्शन में टाइगर ने लिखा, 'एसीपी सत्या रिपोर्टिंग सर'। मेकर्स को उम्मीद है कि फरवरी के अंत तक टाइगर अपने अधिकांश सीन की शूटिंग पूरी कर लेंगे। सिंघम अगेन इस वर्ष रिलीज होगी।

फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने पहले सप्ताह में कमाए 55.10 करोड़ रुपए

नई दिल्ली, एजेंसी। शाहिद कपूर और कृति सेनन अभिनीत फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने अपने शुरुआती सप्ताहांत में वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 55 .10 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह फिल्म अमित जोशी तथा आराधना शाह द्वारा लिखित और निर्देशित है। यह दोनों की पहली फिल्म है। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया ने भी अभिनय किया है। निर्माण कंपनी मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर फिल्म की तीन दिन की कमाई का आंकड़ा साझा किया और लिखा कि फिल्म ने रिलीज के बाद से दुनिया भर में 55 .10 करोड़ रुपये की कमाई की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

हादसे में तीन युवकों की मौत, दो गंभीर

मुगल रोड पर मूसानगर थाना क्षेत्र के सरायं गांव के पास हुआ हादसा, कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर

संवाददाता, पुखरायां

अमृत विचार: मूसानगर थाना क्षेत्र के सरायं गांव के समीप मुगल रोड पर रविवार की रात कार और मिनी ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई, जिसमें कार सवार पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पुखरायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि कानपुर ले जाते समय रास्ते में एक युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे में दो युवकों की हालत चिंताजनक है, जिन्हें कानपुर के एक प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अहरौली शेख इस्लामाबाद गांव के रहने वाले शहबाज उर्फ राजा (30) की फतेहपुर जिले के बिंदकी कस्बे में शादी तय हुई थी। रविवार को बिंदकी के मीरखपुर मोहल्ले में नन्हू मंसूरी की बड़ी बेटी की गोदभराई का कार्यक्रम था। गोदभराई का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद शहबाज अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ वापस गांव लौट रहा था। रात करीब 11 बजे जब ये लोग कार से मुगल रोड पर मूसानगर थाना क्षेत्र के सरायं गांव के समीप पहुंचे, तभी सामने से आए तेज रफ्तार मिनी ट्रक से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कार सवार सभी पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने हादसे की पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां भेजा, जहां डॉ. राजवीर ने शाहबाज उर्फ राजा पुत्र पप्पू (30) और रिजवान पुत्र अनीस (32) को मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर निशांत पाठक ने सभी घायलों को कानपुर रेफर कर दिया। फैज अनवर पुत्र मुश्ताक (30) की कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए आदिल पुत्र साजिद (25) और अमन पुत्र चंदू (23) को कानपुर ले जाया गया, जहां उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग पहुंच गए।

शहबाज उर्फ राजा।


रिजवान।

फैज अनवर।

मरने वाले तीनों युवक जिगरी दोस्त थे

कार हादसे में जान गंवाने वाले तीनों युवक जिगरी दोस्त थे। एक साथ तीनों की मौत से उनके घरों में कोहराम मच गया। पड़ोस के लोगों की माने तो तीनों ज्यादातर एक साथ ही रहते थे।

हादसे में मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

सगाई की खुशियां मातम में बदलीं

कार हादसे का शिकार हुए शहबाज उर्फ राजा की सगाई होने के बाद परिवार में खुशियां थीं। कुछ देर पहले ही गोदभराई का कार्यक्रम हुआ था। सगाई के बाद शहबाज अपने दोस्तों के साथ कार से घर लौट रहा था, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही हादसे में मौत हो जाने से सगाई की खुशियां मातम में बदल गईं। शहबाज उर्फ राजा की मौत से उसकी मां सन्नो, बहन जोया, भाई नवाब का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक सगाई के बाद शहबाज का जल्द ही निकाह होने वाला था। उधर, हादसे की खबर लड़की वालों के घर पहुंची तो वहां भी मातम पसर गया।

अधिक खून के बहने से हुईं मौतें

हादसे में जान गंवाने वाले तीनों युवकों के शवों का सोमवार को माती में पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम में तीनों की मौत का कारण अधिक खून का बहना बताया गया है। शरीर में कई गंभीर चोटें मिली हैं। पोस्टमार्टम के बाद तीनों के शवों को परिवार वालों को सौंप दिया गया।

दो बाइकों में भिड़त, महिला की मौत

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार: कानपुर-रसूलाबाद मार्ग पर दहेली गांव के समीप दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका नाती गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल नाती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शारदा देवी।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के दहेली गांव निवासी शारदा देवी (63) सोमवार की सुबह गांव के जयराम के साथ बाइक से अपने नाती मोनू को दवाई दिलाने के लिए कहिंजरी गई थी। कहिंजरी में दवा लेने के बाद घर वापस लौट रही थी, तभी दहेली मोड़ पर दूसरी बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार शारदा देवी की मौके पर मौत हो गई, वहीं नाती मोनू (14) को गंभीर रूप से घायल हो गया।

- हादसे में नाती भी गंभीर रूप से घायल, कानपुर रेफर

हादसे में घायल नाती मोनू को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां ईएमओ डॉ. सौरभ शाक्य ने मोनू की हालत गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी होने पर शारदा के बेटे गुलाब सिंह, रजपाल सिंह और बेटी मंजू और सुमन रो-रोकर बेहाल हो गए। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया शव को पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल में रोती-बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

मुंगीसापुर। डेरापुर थाना क्षेत्र के मवई मुक्ता-थनवापुर के बीच घायल मिले एक युवक की सोमवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना क्षेत्र के नेरा कृपालपुर निवासी मोहम्मद कासिम की पत्नी मोसिना अकबरपुर के एक निजी अस्पताल में आईसीयू में पांच दिन से भर्ती हैं। मोहम्मद कासिम अस्पताल जा रहा था। रविवार की देर शाम थनवापुर ओवरब्रिज के पहले वह घायल पड़ा मिला। सूचना पर बिहारघाट चौकी इंचार्ज निशांत महेंद्रू ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया, जहां सोमवार सुबह उसकी मृत्यु हो गई। संभावना जताई गई है कि कासिम हादसे में घायल हुआ।

स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब का होगा गठन

- सड़क सुरक्षा जागरूकता पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

कानपुर देहात: जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देने के लिए शीघ्र ही सभी स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब गठित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि इस वर्ष को रोड सेफ्टी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। यूपी के सड़क दुर्घटनाओं के मामले में दूसरे नंबर पर होने के कारण इस योजना को गंभीरता से लिया गया है। इसके तहत इन क्लब के गठन के लिए शासन ने इस संबंध में प्राथमिक, माध्यमिक एवं संस्कृत शिक्षा विभाग को निर्देश जारी किए हैं। जिसके क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

नई योजना के तहत प्रार्थना सभा में बच्चों को हर सप्ताह कम से कम दो बार रोड सेफ्टी की जानकारी दी जाएगी। स्कूल और कॉलेजों में रोड सेफ्टी के संबंध में वाद-विवाद, पोस्टर निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। यातायात पुलिस अधिकारियों को भी इस प्रोजेक्ट में शामिल करते हुए उन्हें स्कूलों में आमंत्रित किया जाएगा, जहां पहुंचकर वे बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारियां देंगे।

मोबाइल पर बात, बच्चों के वाहन चलाने, गलत ढंग से ओवरटेक करने, ट्रैफिक पर ध्यान नहीं देने, वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट नहीं लगाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने, शराब पीकर ड्राइविंग करने के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

सिर्फ रजिस्टर्ड फर्म से ही सामग्री खरीद सकेंगे प्रधानाध्यापक

संवाददाता, कानपुर देहात

- कंपोजिट ग्रांट जारी प्रधानाध्यापकों को जल्द खरीदारी करने के निर्देश

अमृत विचार: परिषदीय स्कूलों की 50 फीसदी कम्पोजिट ग्रांट जारी कर दी गई है। शासन ने इसके खर्च करने के नियम सख्त कर दिए हैं। यह धनराशि खर्च करने से पहले हेडमास्टर को कार्ययोजना व जीएसटी बिल पोर्टल पर अपलोड करना होगा। रजिस्टर्ड फर्म से ही स्कूल में उपयोग होने वाली सामग्री को खरीदा जाएगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि फर्म के पास जीएसटी नंबर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। अफसरों की संस्तुति के बाद यह धनराशि दुकानदार के बैंक खाते में सीधे भेजी जाएगी।

परिषदीय स्कूलों के रखरखाव व रंगाई-पुताई के लिए प्रत्येक वर्ष शासन से प्रबंध समितियों के खाते में तय धनराशि भेजी जाती है। अधिकतर हेडमास्टर यह धनराशि मनमाने तरीके से निकालकर खर्च करते थे। इससे स्कूलों की दशा जीर्ण-शीर्ण बनी रह जाती थी। हेडमास्टरों की इस मनमानी पर रोक के लिए शासन ने पिछले शैक्षिक सत्र से यह धनराशि खर्च करने का नियम संशोधित कर ऑनलाइन कर दिया है। अब कम्पोजिट ग्रांट खर्च करने से पहले हेडमास्टर को मद बताना होगा, इसके बाद मद की कार्ययोजना तैयार कर किसी दुकानदार से जीएसटी बिल लेकर पोर्टल पर अपलोड करना होगा। कार्ययोजना की संस्तुति के बाद हेडमास्टर के मोबाइल पर ओटीपी मिलेगा। इसी ओटीपी से संबंधित दुकानदार के बैंक खाते में कार्ययोजना तैयार कर किसी दुकानदार से जीएसटी बिल लेकर पोर्टल पर अपलोड करना होगा। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर 10 फीसदी धनराशि अनिवार्य रूप से खर्च करनी होगी। इसमें टायलेट क्लीनर, साबुन, झाड़ू, डस्टबिन आदि खरीदा जा सकेगा। वहीं शौचालय में टूट फूट की रिपेयरिंग भी कराई जा सकती है।फर्स्ट एड बाक्स, अग्निशमन यंत्रों की रिफलिंग सहित अन्य उपकरण खरीदे जा सकते हैं। इसके अलावा स्कूलों की रंगाई पुताई, दरवाजे खिड़कियों व ग्रिल की पेंटिंग कराई जाएगी। इसके अलावा स्मार्ट क्लास को लेकर उपकरण खरीदे जा सकते हैं।

अस्पताल में विचाराधीन बंदी की मौत की होगी जांच

कानपुर देहात। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलंकृता शक्ति त्रिपाठी ने विचाराधीन बंदी की मौत पर अपर सिविल जज को जांच सौंपी है। उन्होंने बताया कि जिला कारागार के अधीक्षक की ओर से विचाराधीन बन्दी सुनील कुमार पुत्र बलवान सिंह (45) निवासी अलियापुर, थाना मंगलपुर कानपुर देहात की हैलट अस्पताल कानपुर में 6 फरवरी को रात करीब 21.20 बजे मृत्यु होने की सूचना दी गई है। दण्ड प्रक्रिया संहिता व विधिक प्रावधानों के अनुसार अपर सिविल जज (जूडि) सुनील कुमार गुप्ता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो 10 दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।



डिवाइडर के दोनों ओर खड़े होते हैं वाहन। अमृत विचार

फुटपाथ पर दुकान, उसके आगे ठेले सड़क को संकरी कर रहे। अमृत विचार

अतिक्रमण ने व्यस्त मेस्टन रोड का दबा दिया गला

100 साल पुराने आठ बाजारों को जोड़ती है मूलगंज से बड़ा चौराहा तक की यह रोड, हालत यह है कि पैदल चलना भी दुश्वार

बेजार बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। 100 साल से पुरानी शहर की प्रमुख आठ बाजारों की लाइफ लाइन साबित होने वाली मेस्टन रोड का गला अतिक्रमण व ई-रिक्शों की अराजकता घोंट रही है। मुख्य मार्ग के दोनों ओर की लिंक रोड पर बिजली, कास्मेटिक, प्लास्टिक समेत करीब छह हजार से अधिक दुकानें हैं, जिनमें रोजाना शहर समेत आसपास के जनपदों के तकरीबन ढाई से तीन हजार ग्राहक आते हैं। दुकानों में आने से पहले ग्राहकों को बाजार में जाम व अतिक्रमण के युद्ध से जूझना पड़ता है। वर्षों से अराजकता की मार झेल रहे व्यापारियों का दर्द सोमवार को अमृत विचार से बात करते वक्त झलका।

मूलगंज चौराहा से बड़ा चौराहा की ओर जाने वाली मेस्टन रोड शहर की सबसे पुरानी व प्रमुख बाजारों में से एक है। इलेक्ट्रानिक बाजार के लिए मशहूर मनीराम बगिया, खोया बाजार, चौक सर्राफा, कास्मेटिक मार्केट, प्लास्टिक, स्टेशनरी मार्केट, होलसेल शू बाजार, बिसातखाने समेत तमाम बाजारों की लिंक रोड इस प्रमुख मार्ग से आकर मिलती हैं। यहां प्रदेश का सबसे बड़ा असलहा बाजार भी है जहां देशभर से ग्राहक आते हैं। मेस्टन रोड इन बाजारों की लाइफ लाइन कही जाती है। लेकिन 80 फिट चौड़ा मुख्य मार्ग अतिक्रमण के कारण मात्र 20 फिट का बचा है। किसी-किसी जगह पर यह दायरा मात्र 15 फिट का बचता है। अतिक्रमणकारियों के कारण सड़क के दोनों ओर पांच-पांच फिट के फुटपाथ विलुप्त हो चुके हैं। सड़क के दोनों ओर पांच-सात फिट तक गाड़ियां खड़ी रहती हैं। साथ ही पूरी सड़क पर दिन भर ई-रिक्शा चालकों की धमाचौकड़ी लगी रहती है।

मेस्टन रोड पर फुटपाथ के आगे तक दुकानदारों का कब्जा है। अमृत विचार

- बीच सड़क खड़े होते हैं वाहन पैदल चलना भी दूभर

100 साल पुरानी महत्वपूर्ण रोड बदहाल

08 बाजारों को जोड़ती है यह रोड

6000 से अधिक दुकानें हैं दोनों ओर

03 हजार ग्राहक रोजाना आते बाजार में

अराजकता खत्म करने वालों ने ही किया कब्जा

कोढ़ में खाज होना यह कहावत मेस्टन रोड पर स्थित मूलगंज थाने पर चरितार्थ होती है। मेस्टन रोड की मुख्य सड़क पर ही करीब 200 गज की जगह पर मूलगंज थाना वर्षों से कब्जा जमाए रखे है। थाने के बगल से शू मार्केट के लिए जाने वाले रास्ते पर लोग वाहन खड़ा कर देते हैं, जिस कारण यह सड़क पूरी तरह से बंद हो जाती है।

तारों का मकड़जाल, अग्निकांड का खतरा

बाजार में बिजली के जर्जर तार लोगों के सिरों से छूकर गुजर रहे हैं। दुकानों के बाहर जर्जर तारों का जाल आसानी से दिखाई देता है, जिनमें अक्सर शार्ट सर्किट होता रहता है। व्यापारियों के मुताबिक शार्ट सर्किट से संकरी गलियों में स्थित बाजार में आगजनी का खतरा मंडराता रहता है।

..... क्या बोले व्यापारी .....

बाजार में अतिक्रमण के साथ ही पार्किंग की समस्या सबसे बड़ी है। दुकानों के बाहर पुलिस वाहनों की पार्किंग नहीं होने देती, जिससे व्यापार पर असर पड़ता है। प्रशासन परेड में वाहनों को पार्किंग करने की बात कहता है, लेकिन इतनी दूर वाहन पार्किंग में काफी समस्या का उद्यमियों को सामना करना पड़ेगा।

–पुनीत बलानी

थाने के सामने ही ई-रिक्शा चालकों का जमावड़ा लगा रहता है। पूरी रोड पर जगह-जगह पर ई-रिक्शा चालक रुक-रुक कर सवारियां भरा करते हैं, जिस कारण पूरी रोड पर 10-10 मिनट में जाम लग जाता है। फुटपाथ पूरी तरह से गायब हो चुके हैं, लोग दुकानों तक सामान फैलाए रहते हैं।

–तीर्थराम लालवानी

अतिक्रमण व पार्किंग की समस्या इस बड़े बाजार की सबसे प्रमुख समस्याओं में से एक है। अभियान चलाने के कुछ देर बाद अतिक्रमणकारी दोबारा कब्जा जमा लेते हैं। अतिक्रमण खत्म कराने के लिए सड़क पर दिन में दो बार पुलिस की गश्त होनी चाहिए। बार-बार अतिक्रमण करने पर दुकानें चिन्हित कर उनका चालान किया जाए।

–मनोज मेघानी

करीब ढाई-तीन हजार ग्राहक रोजाना मेस्टन रोड बाजार में आते हैं। त्योहारी सीजन में यह आंकड़ा पांच से छह गुना बढ़ जाता है। जिनके लिए नगर निगम, केडीए की ओर से कोई इंतजाम नहीं हैं। बाजार में कहीं पर भी यूरिनल की व्यवस्था नहीं है। कुछ मार्केट में यूरिनल है, जो जर्जर पड़े हुए हैं। सड़कों पर इतने कब्जे हैं कि वाहन निकल ही नहीं पाते।

–मोहित अरोड़ा

..... ये हैं सुझाव .....

- अभियान चलाकर प्रमुख बाजार को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए
- दोबारा अतिक्रमण करने पर दुकानों को चिन्हित कर चालान किया जाए
- बाजार में नगर निगम व केडीए जगह चिन्हित कर मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराए
- जर्जर बिजली के पोल व तारों को हटवा कर अंडरग्राउंड केबिल बिछवाई जाए
- बाजार में यूनिरल की व्यवस्था की जाए

नगर निगम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर फुटपाथों को खाली कराया जाएगा। दोबारा कब्जा न हो इसके लिए स्थानीय पुलिस को निगरानी रखने को निर्देशित किया जाएगा। ई-रिक्शा की अराजकता को खत्म करने के लिए एडीएम सिटी की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है। जल्द ही अभियान चलाकर अराजकता खत्म कराई जाएगी।

–सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक

आड़े-तिरछे वाहनों से चौराहे पर लगता जाम

संवाददाता, सिकंदरा

अमृत विचार: कस्बे के पटेल चौक चैराहे पर काफी लंबे समय से चालक ऑटो खड़ा करके सवारियां भरते हैं, जिससे चौराहे पर जाम लग जाता है और राहगीरों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। पटेल चौक चौराहे पर डग्गामार ऑटो चालकों की वजह से आम जनमानस ट्रैफिक से त्रस्त है।

कस्बे में पटेल चौक चैराहे पर डग्गामार आटो चालक काफी लंबे से समय से बीच रोड पर सवारियां भरते हैं, जिसके चलते वहां से निकलने वाले अन्य वाहनों को ट्रैफिक का भारी सामना करना पड़ता है। यदि डग्गामार वाहन चालकों से वाहन हटाने को कहा जाता है तो वह सीधे मारपीट और लड़ने पर आमादा हो जाते हैं और थोड़ी-थोड़ी देर में ट्रैफिक भी जाम हो जाता है।

सिकंदरा कस्बे में सड़क के बीचोबीच आड़े-तिरछे आटो खड़े कर बैठाई जाती हैं सवारियां। अमृत विचार

जर्जर सड़क से परेशानी डीएम को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रामादेवी से देहली सुजानपुर होते लवकुश आश्रम तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर है। जिस पर आवागमन में काफी परेशानी होती है। सोमवार को शंकर सेना ने डीएम से मिलकर ज्ञापन दिया। उनसे कहा कि खराब सड़क पर आएदिन हादसे होते हैं। मुख्य रोड होने के नाते निर्माण जरूरी है। इस पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों सड़क बनवाने के निर्देश दिए।

शंकर सेना प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने बताया कि रामादेवी चौराहे से दहेली सुजानपुर, सनिगवां, पिपरगवां होते हुए लवकुश आश्रम तक सड़क उखड़ी पड़ी है। उन्होंने बताया कि करौली शंकर महादेव का आश्रम भी इसी रोड पर है। जहां आने वाले हजारों श्रद्धालु खराब सड़क पर परेशान होते हैं। उक्त सड़क से समस्या होने पर जिलाधिकारी से मुलाकात की है।



मंदिर में मौजूद नव दंपति। अमृत विचार

धर्मगढ़ मंदिर में जोड़े ने जयमाल डाल की शादी

रसूलाबाद। कस्बे के केशव नगर निवासी घनश्याम की बेटी संगीता (19) और लखन के बेटे गोविंद का सिद्धपीठ धर्मगढ़ बाबा मंदिर में सोमवार को वर-वधू पक्ष की मौजूदगी में विवाह हुआ। इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने वर-वधू को आशीर्वाद देकर दांपत्य जीवन के सुखमय होने की कामना की। मंदिर के पुजारी सत्येन्द्र तिवारी समेत वर-वधु पक्ष के लोग मौजूद रहे।

कृष्ण-सुदामा की झांकी पर भक्तों ने बरसाए फूल

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार: अटियारायपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आखिरी दिन सोमवार की कथा में आचार्य अशोक मिश्रा ने विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया।

मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना, सुभद्रा हरण एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास अशोक मिश्रा ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए? यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे तो द्वार पर तैनात द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। बाद में प्रभु कृष्ण खुद दौड़े आए और गले से लिपट गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की और मित्र के प्रति प्रेम देखकर श्रोता भाव विभोर हो उठे।

कथा सुनाते व्यास। अमृत विचार

कूड़ा फेंकने गया छात्र लापता

कानपुर। रविवार दोपहर घर से कूड़ा फेंकने निकला जूही सफेद कॉलोनी निवासी छात्र लापता हो गया। सोमवार शाम किशोर के वाराणसी में होने की सूचना मिलने पर परिजन रवाना हुए।

जूही सफेद कॉलोनी निवासी पूनम सिंह ने बताया कि पति रोशन सिंह से विवाद के बाद वह अपने 17 वर्षीय बेटे अनिकेत के साथ अलग रहती हैं। रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अनिकेत घर से कूड़ा फेंकने गया था, जिसके बाद से घर नहीं लौटा। इसके बाद पूनम ने किदवई नगर थाने में पति रोशन सिंह, देवर रोहित, ससुर अशोक कुमार समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर, सोमवार देर शाम अनिकेत के वाराणसी स्टेशन पर होने की जानकारी परिजनों को मिल गई।

सार-संक्षेप

लाभर्थियों को सम्मानित करते भजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

भाजपाइयों ने रनियां में अभियान के तहत बांटे पत्रक

कानपुर देहात। भारतीय जनता पार्टी ने गांव चलो अभियान के तहत रनियां विधानसभा के बूथ नंबर 215 फतेहपुर रोशनाई में कन्हैया कुशवाहा की ओर से चौपाल लगाई, जिसमें योजनाओं के पत्रक वितरित किए गए और लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। कन्हैया कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास पर विश्वास करती है। किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। समान रूप से सभी को शौचालय, बिजली कनेक्शन, मुफ्त में गैस सिलेंडर, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि दी जा रही है। यहां मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, केशव त्रिपाठी, धर्मेश अग्निहोत्री, विजय कुशवाहा, शिवम तिवारी आदि रहे।

वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम पेश करते बच्चे। अमृत विचार

'बेटे वंश हैं तो बेटियां अंश हैं' का गूंजा संदेश

मूसानगर। कर्मयोगी कृषि वैदिक इंटर कॉलेज चांदपुर में सोमवार को वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नगर पंचायत अध्यक्ष पूजा निषाद के प्रतिनिधि विनोद निषाद व सपा नेता सम्राट विकास ने कार्यक्रम का शुभ्भारभ किया। बच्चों ने सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के साथ देश भक्ति गीत और नाटकों का मंचन किया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि बेटे से कम नहीं होती बेटियां। बेटे वंश हैं तो बेटियां अंश हैं। बेटे एक कुल को रोशन करते हैं तो बेटी दो कुलों को रोशन करती है। बच्चों को पुरस्कार दिये गए। कार्यक्रमों में अंशिका, क्षमा, अवनीश, अर्पित, विकास गुप्ता, मयंक यादव आदि ने भाग लिया। प्रधानाचार्य अविनाश चन्द्र ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सचिन कुमार गुप्ता, मूसानगर चेयरमैन प्रतिनिधि विनोद निषाद, हरमोहन गुप्ता, अभिषेक सिंह, अंकिता यादव, अनिल कुमार, रविशंकर आदि रहे।

पिकअप गाड़ी चोरी

रसूलाबाद। दशहरा सुजानपुर निवासी ईशु कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी पिकअप गाड़ी गांव में ही सुंदर भदौरिया के दरवाजे खड़ी थी। नौ फरवरी की रात चोरी हो गई। उसने गाड़ी की काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अनदेखी गजनेर और शिवली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिलीं एक्सरे मशीनें महज शो पीस बनीं

एक्सरे मशीन उपलब्ध, मगर नहीं होती जांच

संवाददाता, कानपुर देहात

- बिना काम के वेतन ले रहे एक्सरे टेक्नीशियन

अमृत विचार: सरकार सीएचसी और पीएचसी की तस्वीर संवारने पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन यहां हालात बद से बदतर हैं। आलम यह है कि जिले की पांच सीएचसी में मशीनें और टेक्नीशियन की तैनाती होने के बाद भी लोगों को एक्सरे की सुविधा नहीं मिल पा रही है। गजनेर और शिवली सीएचची में उपलब्ध डिजिटिल एक्सरे मशीनें शो पीस बनी हैं, जबकि जिले की सबसे दूरस्थ रसूलाबाद सीएचसी सहित चार सीएचसी को मशीनें उपलब्ध होने का इंतजार है। इससे तकनीकी कर्मी बिना काम के वेतन उठा रहे हैं। जनपद में एक्सरे मशीनों के साथ ही तकनीकी कर्मियों की तैनाती के बाद भी सीएचसी अकबरपुर, डेरापुर, सिकंदरा, झींझक व पुखरायां में इनका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। कभी बिजली की कमी या तकनीकी कारणों से मशीनों के न चल पाने से मरीज बाहर से एक्सरे कराने को मजबूर होते हैं। वहीं नवंबर माह में सीएचसी गजनेर व शिवली को उपलब्ध हुई डिजिटल एक्सरे मशीन भी शो पीस बनकर रह गई है। वहीं जनपद की सबसे दूरस्थ तहसील रसूलाबाद सीएचसी के अलावा रूरा, देवीपुर, हवासपुर सीएचसी में एक्सरे तकनीशियन की तैनाती के बाद भी एक्सरे मशीन उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को भटकना पड़ रहा है।

शिवली सीएचसी में रखी एक्सरे मशीन।

जिले को चार डिजिटल एक्सरे मशीनें जल्द

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके सिंह ने बताया कि गजनेर और शिवली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली डिजिटल एक्सरे मशीनें स्टाल करा दी गई हैं। अभी जिले को चार नई डिजिटिल एक्सरे मशीनें मिलनी हैं। इन मशीनों के उपलब्ध होते ही रसूलाबाद, रूरा, हवासपुर और देवीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी डिजिटल एक्सरे मशीनें उपलब्ध करा दी जाएंगी, ताकि क्षेत्र को लोगों को इसका लाभ मिल सके।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मैंने अपना नाम जिन्नत बीबी से बदलकर जिन्नत रख लिया है। अब मुझे जिन्नत के नाम से जाना पहचाना जाये। **जिन्नत पत्नी निजामुद्दीन निवासी ग्राम पोस्ट – कम्हरिया, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर।**

सूचना

सूचित हो कि AWADHESH KUMAR BHARTI पुत्र RAM BRICHHA निवासी निवीहा गोण्ठा, पोस्ट गोण्ठा, जिला मऊ का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदलकर AWDHESH KUMAR रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र विकास की बेजा हरकतों व गतिविधियों से तंग एवं परेशान होकर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उक्त पुत्र से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **राकेश रावत पुत्र राम प्रसाद निवासी–141, चन्द्रिका देवी रोड, ग्राम रामपुर, जिला लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश इसरा पत्नी कालेन्द्र कुमार अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम उषा पत्नी कालेन्द्र कुमार है। यही सही व वास्तविक नाम है। **– उषा पत्नी कालेन्द्र कुमार, निवासी बेलसर, परगना डिक्सिर, तहसील–तरबगंज, जिला गोंडा**

सूचना

मेरी हाईस्कूल यू.पी. बोर्ड वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2146896 व इंटरमीडिएट 2020 अनुक्रमांक 1576918 अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। **गुड़िया पुत्री विनोद कुमार निवासी तारापुर गुमान थाना व तहसील रामनगर जिला बाराबंकी।**

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन सं0 6AKH No- 11,62,78 लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो कि पूर्णागिरी, सहकारी आवास समिति लखनऊ द्वारा श्रीरामबली कश्यप के पक्ष में किया गया, जो की पुस्तक संख्या 1031 के पृष्ठ संख्या 239/254 क्रम संख्या 2897 को उपनिबन्धक लखनऊ के यहाँ दिनाँक – 11/02/2003 के यहाँ पंजीकृत है, कहीं खो गया है, जो किसी सज्जन को प्राप्त हो, या कोई अपना दावा करें, तो मेरे से सम्पर्क करें। अन्यथा उचित कार्यवाही की जाएगी। **–(श्रीमती बबिता श्रीवास्तव), पता – भवन सं0– 6AKH No- 11,62,78 नौबस्ता खुर्द, मेला मैदान, जानकीपुरम, लखनऊ**

सूचना

सूचित हो कि मैं आर्मी मेडिकल कोर विभाग में हवलदार रैंक के पद पर कार्यरत हूँ। मेरी सर्विस बुक में मेरी माता का नाम उर्मिला पाण्डेय पत्नी रामकेवल पाण्डेय अंकित है। जबकि उनके आधार कार्ड सं. 788826972809 में सुरति देवी पत्नी स्व0 रामकेवल पाण्डेय जन्मतिथि 01/01/1961 अंकित है। अतः मेरे सर्विस बुक में सही नाम सुरति देवी पत्नी स्व0 रामकेवल पाण्डेय जन्मतिथि 01/01/1961 दर्ज किया जाये। **प्रभात कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 रामकेवल पाण्डेय ग्राम पछियाना परगना पश्चिम राठ तहसील बीकापुर जनपद फैजाबाद/अयोध्या**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **मो. इसरार पुत्र मो. आरिफ, नि. ग्राम जेठू मवई पो. धनीजलालपुर, थाना व तह. गौरीगंज, जनपद–अमेठी** का निवासी हूं। मेरे पिता मो. आरिफ पुत्र वली मोहम्मद 21. 5. 2015 को बहराइच मेले से गायब हो गए थे काफी खोजबीन के बाद भी उनका आज तक कहीं पता नहीं चल सका है।

संवेदनशील केंद्रों पर रहेगी प्रशासन की नजर

◆ बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी ◆ नकल रोकने को अफसरों की 'फौज' ◆ नकल मिली तो व्यवस्थापक नपेंगे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडियट की परीक्षाएं नकल विहीन कराने के लिए शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में हाईस्कूल तथा इंटर के 67,631 परीक्षार्थियों के लिए 115 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इनमें से आधा दर्जन परीक्षा केन्द्रों को संवेदन एवं अतिसंवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। इनमें प्रशासन की खास नजर रहेगी।

जिले में बोर्ड की परीक्षाएं कराए जाने के लिए काफी समय से तैयारी चल रही है। परीक्षा केन्द्र फाइनल हो जाने के बाद परीक्षार्थियों के लिए कापियां भी आ गई हैं। इन्ही कोडेड कापियों पर परीक्षा कराई जाएगी। इन कापियों को सुरक्षा के बीच रखा गया है। अभी बोर्ड परीक्षा के लिए आई कापियों को सुरक्षा के बीच जिला मुख्यालय पर रखा गया है। अब इन कापियों को परीक्षा केन्द्रों पर भेजा जाएगा। बोर्ड परीक्षा कराने के लिए करीब ढाई हजार शिक्षकों को लगाया जाता है। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग का सहयोग लिया गया है और बेसिक शिक्षा विभाग के करीब एक हजार शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगाई गई है। इन शिक्षकों की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में लगाई जाती है। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई जा रही है और परीक्षा से पहले ही सभी तैयारी कर ली गई हैं। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि नकल विहीन परीक्षा कराए जाने की सभी तैयारी कर ली गई हैं।

हाईस्कूल-इंटर की परीक्षा 22 फरवरी से नौ मार्च के बीच होनी है। शासन-प्रशासन ने तेजी के साथ तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नकल विहीन परीक्षा कराए जाने के लिए सोलह सेक्टरों में बांटकर जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तीनों तहसीलों के एसडीएम को जोनल मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी गई है। परीक्षा केंद्र पर छात्र-छात्राओं के लिए अलग शौचालय, परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए संपर्क मार्ग, परीक्षा केंद्र पर चहारदीवारी को दुरुस्त किया जा रहा है। डीआईओएस ने निर्देश दिए हैं कि इसमें किसी तरह की खामी है तो परीक्षा से पहले ठीक करा लिया जाए। परीक्षा के दौरान रिकार्डिंग को रिकार्ड में रखे जाने के निर्देश दिए गए। डीआईओएस ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। पांच सचल दस्तों का गठन किया जा रहा है। यह सचल दस्ते तीनों तहसीलों में बनाए गए केंद्रों पर पहुंचकर आकस्मिक छापेमारी करेंगे। डीआईओएस ने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन कराया जाना है। किसी केंद्र पर परीक्षा के दौरान नकल पकड़ी गई तो इसके लिए सीधे तौर पर केंद्र व्यवस्थापक जिम्मेदार होगा। परीक्षा की तैयारियों को लेकर जल्द ही केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा अन्य अधिकारियों की बैठक आयोजित होगी। जिलाधिकारी परीक्षा को लेकर दिशा निर्देश प्रदान करेंगी।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश

22 फरवरी से शुरू होगी परीक्षा

67 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी

05 सचल दस्ते गठित किए गए

115 विद्यालयों को बनाया गया परीक्षा का केंद्र

बोर्ड परीक्षा एक नजर में

कुल परीक्षार्थी	67631
कुल परीक्षा केन्द्र	115
इंटरमीडियट छात्र	29449
हाईस्कूल छात्र	38182

तीसरी आंख की रहेगी निगरानी

यूपी बोर्ड की परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में कराई जाएंगी। जिला मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जिससे सभी परीक्षा केन्द्रों पर नजर रखी जाएगी। बोर्ड के निर्देशों के क्रम में यह व्यवस्था कर दी गई है कि सभी परीक्षा केन्द्रों के सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी लगा दिए जाएं और यह सीसीटीवी काम भी करते रहें। इसका परीक्षण भी कर लिया गया है।

उड़नदस्ते भी करेंगे छापेमारी

बोर्ड परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए उड़नदस्तों का गठन भी किया जा रहा है। यह उड़नदस्ते परीक्षा के दौरान लगातार दोनों पालियों में परीक्षा केन्द्रों पर चेकिंग अभियान चलाएंगे। इन उड़नदस्तों में महिला शिक्षकों को भी शामिल किया जाता है। यह उड़नदस्ते पूरी परीक्षा के दौरान सक्रिय रहते हैं।

कागजों में पार्किंग, फुटपाथ पर वाहन

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के शापिंग मॉल हो या फिर मैरिज हाल यहां पर कागजों में तो पार्किंग की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। कहीं भी पार्किंग न होने के कारण वाहनों को बेतरतीब तरीके से बाहर ही खड़ा कर दिया जाता है। जिससे शहरियों को जाम के झाम से दो चार होना पड़ता है। वहीं वाहनों के फुटपाथ पर खड़े होने से यह पार्किंग में तब्दील नजर आता है। आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

शापिंग मॉल के सामने सुबह से आने वाले खरीदारों के वाहन फुटपाथ पर खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे शहर के मुख्य बाजारों में स्थित मॉल में पार्किंग न होने का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ता है। कहने को तो बहुमंजिला इमारतों में संचालित होने वाले विभिन्न शापिंग मॉल व होटल रेस्टोरेंट में पार्किंग का स्थान दिए बिना इनका नक्शा पास नहीं होता। वाहनों को फुटपाथ पर खड़ा जाम की समस्या नासूर बनती जा रही है। चौक बाजार, वर्मा तिराहा, पटेल नगर, कलेक्टरगंज आदि स्थानों पर दुकानदारों व खरीदारों के वाहन फुटपाथ पर ही खड़े नजर आते है।

कचहरी रोड पर कुछ इस तरह से खड़े होते हैं वाहन। अमृत विचार

एक दूसरे पर टाला जाता मामला

शापिंग मॉल व मैरिज हाल में फुटपाथ पर खड़े वाहनों के मामले में पुलिस व पालिका के अफसर एक दूसरे पर ही मामले को टाल देते हैं। शहर में जाम की समस्या नासूर बनती जा रही है। इमरजेंसी के दौरान यह जटिल समस्या बन कर उभरती है।

सहालग में होती परेशानी

सहालग के समय मैरिज हाल के सामने बड़ी संख्या में जमा होने वाले वाहनों के कारण शहर में चारों ओर जाम लगना आम बात है। बावजूद इसके जिम्मेदारों द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहरियों को जाम के झाम से मुक्ति कैसे मिलेगी।

व्यवस्थाओं में सुधार के लिए जल्द ही रणनीति बनाकर उसके अनुसार काम किया जाएगा। जिससे शहर वासियों को होने वाली समस्याओं से निजात दिलवाई जा सके। विभिन्न विभागों की सहायता ली जाएगी।

–समीर कुमार कश्यप, ईओ, नगर पालिका

हिंदू महासभा ने किया कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

संवाददाता फतेहपुर

- ज्ञानवापी में नमाज पढ़ने पर रोक लगाने की मांग
- डीएम के माध्यम से पीएम के नाम भेजा ज्ञापन

अमृत विचार। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन दिया। प्रदेश महासचिव ने कहा कि काशी के ज्ञानवापी में मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा नमाज पढ़ने पर रोक लगाई जाए। साथ ही मथुरा सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर जो कब्जा किया गया है उसको छोड़ने की मांग की है।

अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव मनोज त्रिवेदी के नेतृत्व में संगठन के लोगों ने पार्टी कार्यालय पटेल नगर से जुलूस निकालकर कलक्ट्रेट परिसर पहुंचे और काशी के ज्ञानवापी में मुस्लिम समाज के द्वारा पढ़ी जा रही नमाज पर रोकने लगाने को लेकर जमकर नारेबाजी की। प्रधानमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन देते हुए प्रदेश महासचिव मनोज त्रिवेदी ने कहा कि इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि 1669 में औरंगजेब ने भगवान शिव की नगरी काशी में ज्ञानवापी परिसर स्थित मंदिर को ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण कराया था। केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रयास से पिछले दिनों ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व विभाग सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट में ज्ञानवापी परिसर में श्रंगार, मंडप, ज्ञान मंडप, ऐश्वर्य मंडप मूर्ति, शिवलिंग, स्वस्तिक सहित प्रमाण मिला है, जिसके बाद कोर्ट ने रिपोर्ट के आधार पर मुसलमानों को द्वारा पढ़ी जा रही नमाज पर रोक लगाने का आदेश दिया है। हमारी मांग है कि मुस्लिम समाज के द्वारा पढ़ी जाने वाली नमाज को बन्द कराकर ज्ञानवापी को ही हिंदुओं को सौंपा जाए, जिससे वहां पर एक भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा सके। इस मौके पर रमा शंकर शुक्ला, संगीता गुप्ता, निरंजन श्रीवास्तव, स्वामी दयानंद बाबा, अर्जुन प्रसाद, डॉक्टर प्रमोद कुमार पांडेय, करन सिंह पटेल, राजा राम मौर्य, श्रवण कुमार, पुष्पा गुप्ता, शशिकांत मिश्रा सहित संगठन के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हिंदू महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना लागू करना अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शिशिक्षुओं को केंद्र व प्रदेश सरकार से मिलेगी सहायता
- सरकारी व गैरसरकारी प्रतिष्ठानों में होगा लागू
- प्रशिक्षण लेने वाले को एक हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय

अमृत विचार। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी प्रधानाचार्य ने बताया कि भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन संचालित शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना चलाई गई है। इसके अंतर्गत युवाओं को विभिन्न शासकीय, अर्धशासकीय, सहकारी, निगम एवं निजी उद्योगों, अधिष्ठानों के माध्यम से आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षण प्रदान कराते हुये उन्हें रोजगार से जोड़ने के दृष्टि से तैयार किया जाता है। शिशिक्षु अधिनियम के अन्तर्गत उन उद्योग, अधिष्ठान जिनमें 29 से अधिक कार्मिक (संविदा सहित) कार्यरत हैं, इस योजना को लागू करना अनिवार्य है। जहां 3 से 29 के बीच कार्मिक कार्य कर रहे हैं वह भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

कार्यरत कार्मिकों के अनुसार न्यूनतम 2.5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत शिशिक्षुओं को योजित कर सकते हैं। उन्हें मानदेय के लिए 7000 रुपये देना होगा। जिसमें 1500 रुपये भारत सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से शिशिक्षुओं के खाते में सीधे आयेगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शिशिक्षु योजना के अन्तर्गत 1000 रुपये प्रति माह की दर से प्राप्त कर सकते हैं। इस तरह से केवल 4500 रुपये प्रति माह मानदेय पर दक्ष शिशिक्षु 1 वर्ष के लिये उद्योग, अधिष्ठान को मिलेगा। प्रतिष्ठित सरकारी सहकारी निजी उद्योग प्रतिष्ठान संस्थाओं को किसी भी तरह से इस योजना को संचालित करने में किसी भी समस्या के लिये प्रधानाचार्य नोड़ल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं अप्रैन्टिसशिप प्रभारी अमित मिश्र मोबाइल नम्बर 7007861020 से सम्पर्क किया जा सकता है।

जमीन का दो बार बैनामा-एग्रीमेंट

फतेहपुर। जमीन खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी कर दो बार बैनामा और एक एग्रीमेंट किए जाने के मामले में विक्रेता समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। खागा क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी छोटेलाल ने ब्राह्मणटोला के रामबाबू, किशनपुर क्षेत्र के सिलमी निवासी सुभाष कुमार, अंजना भैरों निवासी गोपी, गढ़ा निवासी सुचित कुमार दीक्षित, मड़ौली निवासी पंकज कुमार, शिवलाल का डेरा निवासी अनिल कुमार के खिलाफ जमीन का धोखाधड़ी कर बैनामा करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

आरोप है कि छोटेलाल ने भाई बासुदेव व गया प्रसाद के साथ मिलकर ब्राम्हणपुर निवासी रामबाबू से चार बिस्वा जमीन एक जुलाई 1992 में खरीदी थी। भूमि का दाखिल-खारिज नहीं कराया था। विक्रेता रामबाबू ने दोबारा 2019 में धोखाधड़ी कर सुभाष कुमार, गोपी को जमीन का एग्रीमेंट किया। इसके बाद रामबाबू ने तीसरी बार जमीन का बैनामा सुचित कुमार दीक्षित को किया।खतौनी में सुचित कुमार दीक्षित का नाम दर्ज कराया है।

15 मार्च से शुरू होगी गेहूं खरीद, बनाए गए 43 केंद्र

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गेहूं की खरीद से प्रभावित हो रहे लक्ष्य को देखते हुए इस बार शासन ने मार्च से ही गेहूं खरीद शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको लेकर अफसर तैयारी में जुट गए हैं। अभी तक 43 केंद्र फाइनल किया जा चुके हैं। शेष केंद्रों का अनुमोदन जल्द ही किया जाएगा। वहीं खरीदे गए गेहूं का किसानों को 24 घंटे भुगतान करने की व्यवस्था है।

जिले में प्रतिवर्ष शासन द्वारा गेहूं की सरकार खरीदारी करती है। इस बार शासन द्वारा गेहूं के दामों में डेढ़ सौ रुपए की बढ़ोतरी की है। पिछले साल जहां 2150 रुपये में प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं खरीदा गया था। वहीं इस बार 2275 के हिसाब से गेहूं की खरीद होगी और 24 घंटे के अंदर भुगतान की व्यवस्था की जा रही है। अभी तक गेहूं खरीद के लिए कुल 43 केंद्र फाइनल किया जा चुके हैं। अभी कई क्रय एजेंसियों के केंद्र फाइनल होने बाकी हैं। पिछले कई सालों से लक्ष्य पूरा न होने की वजह से शासन द्वारा इस बार कोई कोताही नहीं बरती जा रही। हर साल एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होती थी लेकिन इस बार शासन के निर्देश पर फिलहाल 15 मार्च से ही खरीद की शुरुआत होगी। बारदाना से लेकर इलेक्ट्रॉनिक कांटे, नमी मापक यंत्र एवं अन्य व्यवस्थाए पूरी की जा रही हैं।

पिछले साल कम हुई थी खरीद

जिले में गेहूं की पैदावार सबसे अधिक मात्रा में होती है लेकिन मंडियों में मिलने वाले ऊंचे रेट की वजह से केंद्रों पर बहुत कम ही खरीद हो पाई थी। पिछले साल लक्ष्य के सापेक्ष कम मात्रा में गेहूं की खरीद हुई थी। ऐसे में पिछले साल में हुए नुकसान की भरपाई को देखते हुए 15 मार्च से गेहूं खरीद का निर्णय शासन द्वारा दिया गया है।

फरवरी महीने के अंत तक केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी जाएंगी। फिलहाल 15 मार्च से किसान अपना गेहूं सरकारी केंद्रों पर बेंच सकेंगे। अभी कई एजेंसियों के केंद्र फाइनल होने बाकी हैं।

–संजय श्रीवास्तव, डिप्टी आरएम

विकास कार्यों की जांच के लिए डीएम से मिले ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यो में धांधली का आरोप

अमृत विचार। बहुआ विकास खंड की ग्राम पंचायत फुलवामऊ गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को डीएम को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। जिसमें बताया गया है कि उप्र पंचायतीराज एक्ट के नियमों के अनुसार गांव में कराए गए विकास कार्यो में खेल किया गया है। जिसकी जांच कराना आवश्यक है।

गांव के मोनू अवस्थी, राकेश समेत अन्य लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत फुलवामऊ में वर्ष 2021 में ग्राम प्रधान बने रमाकांत शिवहरे, तब से लेकर एक जनवरी 2024 तक बैंक से निकाली गई धनराशि के अनुसार राज्यवित्त, 13वां वित्त, 14वां वित्त समेत मनरेगा योजना से गुणवत्ताविहीन कार्य कराए गए हैं। कार्य के सापेक्ष भुगतान ज्यादा किया गया है। इनके कार्यकाल में एक ही कार्य के दो-दो बार भुगतान किया गया है। सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया जा रहा है। इन सभी कार्यो की सक्षम अधिकारी से जांच कराना अनिवार्य है।

यमुना में उतराता मिला बुजुर्ग महिला का शव

संवाददाता, किशनपुर

- सड़ा हुआ शव पुलिस ने यमुना से निकलवाया
- पुलिस शव की शिनाख्त कराने में अभी तक नाकाम

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गुरुवल गांव के पास सोमवार की सुबह यमुना नदी में एक शव बहता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी है।

सोमवार की सुबह गुरुवल गांव के कुछ लोग खेतों में काम के लिए गए थे। उसी दौरान उनकी नजर यमुना नदी मे बहते हुए शव पर पड़ी। जिसके बाद ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर स्थानीय पुलिस व क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय भी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से शव को यमुना नदी से बाहर निकाला गया। शव को बाहर निकालने के बाद पता चला कि शव किसी 65 वर्षीय किसी बुजुर्ग महिला का है जो पूरी तरीके से सड़ चुका था। महिला के सड़े हुए शव में कफन भी लिपटा हुआ था। शव में कफन लिपटा होने से कयास लगाए जा रहे हैं कि महिला की मौत के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार जल प्रवाह के रुप में किया होगा। वहीं शव करीब चार से पांच दिन पूर्व का बताया जा रहा है जो पूरी तरीके से सड चुका है। वहीं बताया जा रहा है कि शव कही दूर से बहकर आया आस पास किसी का अंतिम संस्कार जल प्रवाह के रुप में नहीं किया गया है। किशनपुर थानाध्यक्ष जेपी शाही ने बताया कि शव कई दिन पुराना है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नदी किनारे मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

सार-संक्षेप

आर्म्स एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। मलवां पुलिस ने चितौरा गांव निवासी रामऔतार के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। तब से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

बलवा के आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। हुसेनगंज पुलिस ने पिलही गांव निवासी तेज सिंह और संजय उर्फ अजय के खिलाफ बलवा, मारपीट समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। तबसे आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

दो मामलों में हुआ समझौता

फतेहपुर। पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में सोमवार को निरीक्षक संगीता सिंह व काउंसलर सदस्य सुरेश चंद्र जायसवाल व मधु शर्मा द्वारा काउंसलिंग कराते हुए दो मामलों में समझौता कराया गया। काउंसलिंग के दौरान मुख्य आरक्षी उमेश कुमार सिंह व महिला आरक्षी ममता शर्मा मौजूद रहीं।

42 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। सोमवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 42 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है।

15 तक त्रुटियों का करें संशोधन

फतेहपुर। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत सभी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के छात्र- छात्राओं द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन, जिसमें कोई भी त्रुटि प्रदर्शित हो रही है तो ऐसे आवेदनों में 15 फरवरी तक सुधार किया जा सकता है।

वहीं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 11-12) एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के लिए छात्र छात्राओं के आवेदन पत्र को करेक्शन के लिए ओपन कर दिया गया है। बताया कि यदि किसी छात्र-छात्रा द्वारा निर्धारित तिथि तक छात्रवृत्ति आवेदन पर संशोधन नहीं किया जाता है तो उसके लिए स्वंय उत्तरदायी होंगे।

मौसम का मिजाज

आसमान में मंडराते रहेंगे हल्के बादल,उत्तरी-पश्चिमी हवाएं 2 .5 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलीं

धूप निकली पर तापमान सामान्य से एक डिग्री कम, हवा में ठंड

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। पिछले तीन दिन से निकल रही धूप से सर्दी के तेवर ढीले पड़ गए हैं। सोमवार को धूप के साथ तेज हवाएं चलने से एक बार फिर मौसम में परिवर्तन के आसार नजर आए। धूप निकलने के बाद भी पारा सामान्य से करीब एक डिग्री नीचे रहा। शाम को 2.5 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली ठंडी उत्तर पश्चिमी हवा ने फिर से मौसम को सर्द कर दिया।

धूप निकलने से गांवों से लेकर कस्बों तक चहलपहल दिखी। लोग घरों से बाहर आकर गुनगुनी धूप का आंनद लेते दिखे। वहीं हवा की रफ्तार तेज रहने के कारण लोगों को सर्दी का भी एहसास हुआ। शाम होते ही सर्दी फिर से बढ़ गई। जिले में तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। वहीं मौसम के तेवर भी तेजी से बदल रहे हैं। रविवार रात में पारा सामान्य से करीब एक डिग्री नीचे रहने के बाद भी ठंडी हवा लोगों को सर्दी का अहसास कराती रही। सोमवार को भी ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ। लेकिन आठ बजे से ही धूप निकलने से गांवों से लेकर कस्बों तक चहल पहल बढ़ गई।

लोग घरों से बाहर निकलकर धूप का आंनद लेते दिखे। जबकि स्कूल आए बच्चों की धूप में क्लास लगाई गईं। वहीं बाजार में कई दिन बाद रौनक दिखी।

कड़क धूप के बाद बाजारों में दिखने लगी रौनक। अमृत विचार

बारिश की संभावना

मौसम के जानकारों ने बताया कि सोमवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रहा। उन्होंने बताया कि जनपद में अभी मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। दिन में धूप निकलने के साथ ही आसमान में हल्के बादल मड़राते रहेंगे। 14 फरवरी को गरज चमक के साथ बारिश होने की भी संभावना है।

मौसम बच्चों पर पड़ रहा भारी, पहुंच रहे अस्पताल

फतेहपुर। रात और दिन के तापमान में दोगने से अधिक का अंतर सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। मौसम में बदलाव सबसे अधिक बच्चों को प्रभावित कर रहा है। बड़ी संख्या में बच्चे वायरल और निमोनिया की चपेट में हैं। दस्त समेत दूसरी बीमारियां भी बच्चों को गिरफ्त में ले रही हैं। तापमान के उतार-चढ़ाव को देखते हुए बच्चों की सेहत को लेकर चौकन्ना रहने की जरूरत है।

ओपीडी में मरीजों का चेकअप करते डाक्टर।

250 पार हुई पीड़ित बच्चों की संख्या

जिला अस्पताल में बच्चों की ओपीडी फुल रही। सप्ताह भर पहले के ही तरीके अभी बच्चों की सेहत में सुधार नजर नहीं आया। रोगियों में बच्चों की संख्या 250 पार हो गई। ज्यादातर को वायरल, दस्त की समस्या रही। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया इस मौसम में बच्चों की खास देखभाल की जरूरत है। जरा सी लापरवाही उसे बीमार कर सकती है। बच्चों को ठंडा पानी बिल्कुल न पिलाएं, सुबह शाम गर्म कपड़ों में ही रखें।

- वायरल, निमोनिया और दस्त की समस्या से बच्चे हो रहे परेशान

मच्छरजनित बीमारियां फैलने की आशंका

जिला अस्पताल में जिन फिजीशियन डाक्टरों की ओपीडी में वयस्क मरीजों में 30 फीसदी तक की कमी आई है। हालांकि जो लोग भी पहुंचे जिन्हें बुखार, शरीर में टूटन जैसी समस्या रही। डाक्टरों ने ऐसे मौसम में टायफाइड होने का खतरा बताते हुए जांच कराई। कहना है कि मच्छरों के प्रकोप के चलते आने वाले दिनों में मरीज फिर से बढ़ सकते हैं।

रोगियों में वयस्कों की संख्या भले ही कम हुई हो लेकिन बच्चों की संख्या कम नहीं हुई है। ऐसे मौसम में बच्चों की सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जरा सी लापरवाही पर वह निमोनिया के शिकार हो सकते हैं।

–डा. एम. चन्द्रा, बाल रोग विशेषज्ञ

वृक्ष की आकृति बना मतदान को किया प्रेरित

गांधी मैदान में 102 वर्षीय वृद्ध मतदाता का किया गया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए जागरुकता फैलाई गई। सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान में वृक्ष की आकृति बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 102 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विधानसभा सदर के ब्लॉक भिटौरा के ग्राम पंचायत ढकौली के रामरतन को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने अंगवस्त्र, मिष्ठान, श्रीफल, पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सम्मानित वृद्ध मतादाता से इस बार भी मतदान अवश्य करने की अपील की गई। साथ ही अपने परिवार के साथ आसपास के नागरिकों को भी मतदान के लिए जागरूक करें। जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ सके। बताया गया कि वृद्ध रामरतन के परिवार में भाई, बहन, बुआ, पुत्र, बहू, नाती, पनाती आदि कुल 27 लोग थे। जिसमें 16 मतदाता थे। कहा कि वोट जरूर डालेंगे हम, मेरा परिवार एक जागरूक परिवार है और इस लोकसभा निर्वाचन में हमारा पूरा परिवार यह शपथ लेता है कि हम सब मिलकर मतदान अवश्य करेंगे। इसी थीम पर वृक्ष की आकृति बनाकर मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस भावना को हृदय में रखकर मतदाता जागरुकता अभियान अभिभावकों, रिश्तेदारों व पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी बिंदकी अनिल यादव, उप जिलाधिकारी खागा नन्द प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, परियोजना निदेशक डीआरडीए शेषमणि सिंह आदि मौजूद रहे।

वृद्ध मतदाता को सम्मानित करतीं डीएम सी. इंदुमती। अमृत विचार

युवा-बुजुर्ग, महिलाओं के साथ थर्ड जेंडर के भी वोट डलवाएं

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने के लिए लगाए गए नोडल अधिकार, प्रभारी अधिकारियों को उनके दायित्वों का बोध कराया। कहा कि टीम भावना से आयोग के दिशा निर्देशानुसार पूरी तैयारी कर लें। डीएम ने कहा कि जिन कार्मिकों की फीडिंग शेष है, उसे जल्द से जल्द पूरी करा लें। जिससे कार्मिकों की ड्यूटी लगाने में कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यूथ, महिला, बुजुर्ग, एक सौ वर्ष के ऊपर वृद्धजन, थर्ड जेंडर को स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक किया जाए। कार्ययोजना बनाकर वृहद प्रचार प्रसार कराया जाय। उन्होंने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फैमिली ट्री बनाकर बच्चों से उनके घर में मतदाताओं के नाम व संबंध अंकित करते हुए बनाएं। मतदान व मतगणना के लिए ईवीएम एवं वीवी पैट का प्रशिक्षण संवेदनशीलता के साथ पूरी तैयारी कर लें, साथ ही उनके छोटे-छोटे ऑडियो, वीडियो क्लिप तैयार कर प्रशिक्षण कराएं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को कंट्रोल रूम में शिकायतों के निस्तारण लिए सी-विजिल पोर्टल, ऑनलाइन, ऑफलाइन सिस्टम से शिकायतों का निस्तारण होता है, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक किया जाए।

बिंदकी नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला, लगाया जुर्माना

- सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया, चालकों से झड़प भी हुई
- मंडी गए किसान सड़क किनारे खड़े किए थे ट्रैक्टर व ठेले

संवाददाता, बिंदकी, फतेहपुर

अमृत विचार। नगर में यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए सोमवार को नगर पालिका परिषद की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहन चालकों के साथ नोकझोंक भी हुई। टीम ने कई वाहनों पर जुर्माना भी लगाया है।

नगर पालिका द्वारा एसडीएम अनिल कुमार यादव के निर्देशन पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नगर के नवीन गल्ला मंडी के पास बने धर्म कांटे के पास ट्रैक्टर और ठेले में लदे धान खड़े थे। जिसे हटाने को लेकर पालिका टीम से बहस शुरू हुई तो पुलिस ने लोगों को समझा कर शांत कराया और जाम को बहाल कराया। ललौली चौराहे से नवीन गल्ला मंडी तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। वहीं जब नगर पालिका टीम नवीन गल्ला मंडी के पास स्थित कई धर्म कांटा के पास पहुंचे तो वहां लगभग आधा सैकड़ा किसान अपने धान को मंडी के चलते ब्रिकी न होने पर सड़क के किनारे ट्रैक्टर, ठेले आदि में लिए खड़े थे। जिन्हे हटाने को लेकर पालिका टीम द्वारा किए प्रयास नाकाम होने पर मौके पर मौजूद कस्बा इंचार्ज नीरज कुमार कुशवाह ने किसानों को समझा बुझा कर धान के लदे वाहन को रास्ते से हटवाया। वहीं जेई नीरज शुक्ला ने बताया कि रास्ते में लगे अतिक्रमण को हटवाया गया। वही अतिक्रमणकारियों पर 5 हजार 3 सौ रुपए का जुर्माना किया गया। इस मौके पर प्रधान लिपिक मनोज शुक्ला, जावेद, शकील अहमद, राजकुमार, सुनील गुप्ता, सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

अभियान टीम पहुंचते ही एकत्र हो गई भीड़। अमृत विचार

टूटा अजगव तो पंडाल में गूंजा जय श्रीराम

- रामलीला के देखने के लिए उमड़े दर्शक
- लक्ष्मन-परशुराम का संवाद सुन भावविभोर हुए श्रोता

संवाददाता, अमौली फतेहपुर

अमृत विचार। कस्बे में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का आयोजन किया गया। परम्परा के अनुसार लीला का शुभारम्भ ग्रामीण क्षेत्र की बुजुर्ग महिला कालिका की माता एवं शिक्षक पद से रिटायर्ड छेदा लाल आर्य द्वारा फीता काटकर किया गया। रामलीला कमेटी के द्वारा दोनों बुजुर्गो का सम्मान माला पहनाकर एवं वस्त्र देकर किया गया।

अखिल ब्रम्हाण्ड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की झांकी का अनावरण कमेटी के अध्यक्ष रवी ओमर ने किया एवं प्रथम आरती कमेटी के संरक्षक महेश द्विवेदी ने किया। उत्तर भारत के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया। जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भूमिका में लखनऊ से दीपू द्विवेदी, शेषावतार लक्ष्मण की भूमिका में सौरभ बाजपेई, भगवान परशुराम की भूमिका में रामनरायण मिश्र, जनक की भूमिका में बीरेश मिश्र, रावण की भूमिका में फूलचंद्र सैनी, वाणासुर की भूमिका में विनय सचान, विश्वामित्र की भूमिका अवनीश मिश्र ने निभाई।

लीला की शुरुआत गणेश वंदना से प्रारम्भ हुई। धनुष भंग होते ही दर्शकों ने जयश्रीराम के जयकारे लगाए। वहीं परशुराम का आगमन हुआ। लक्ष्मण और परशुराम का संवाद हुआ। अंत में भगवान परशुराम ने भगवान श्री राम की स्तुति की। इस लीला का संचालन फूलचंद्र सैनी ने किया। इस लीला में कमेटी के अध्यक्ष रवी ओमर, कोषध्यक्ष सुनील आर्य, महेश द्विवेदी, गणेश आर्य, नीरज आर्य, महेंद्र त्रिपाठी आदि लोग मुख्य रूप से सहयोग मंज लगे रहे।

रामलीला शुभारम्भ से पूर्व हुआ आरती कार्यक्रम। अमृत विचार

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के बेला मोड़ के पास रविवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से युवक बाइक सहित खंती में गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई।

हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमरावां गांव निवासी धर्मराज का पुत्र वीरेंद्र कुमार बाइक से अपने बहनोई अखिलेश निवासी मकदूमपुर खुर्द जा रहा था। जैसे ही वह बेला मोड़ के पास पहुंचा उसी समय अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह बाइक सहित खंती में गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पति निकला समलैंगिक, पत्नी ने धोखा देने की लिखाई रिपोर्ट

- लड़कियों में रुचि न होने का तकाजा देकर पत्नी से मांगा तलाक

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। समलैंगिक पति ने लड़कियों में रुचि न होने की बात कहकर पत्नी से तलाक मांगा तो पत्नी ने भी उसके व ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस की चौखट पर दस्तक दे दी। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने पांच ससुरालियों के खिलाफ धोखे में रखकर शादी करने और प्रताड़ित किए जाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती की शादी 29 मई 2021 को शहर के एक युवक के साथ हुई थी। युवती का आरोप है कि शादी के बाद पति का व्यवहार ठीक नहीं रहा। हनीमून पर पति ने शारीरिक संबंध नहीं बनाए। उसे एहसास होने लगा कि पति समलैंगिक है या शादी के पहले से शारीरिक, मानसिक बीमारी से ग्रसित है। हनीमून से लौटने पर सास-ससुर को आपबीती बताई। ससुरालियों ने कुछ दिन में सब ठीक होने का भरोसा दिलाया। सास, ससुर, जेठ ने अपने घर में इसे नहीं बताने की बात कही। कुछ दिनों बाद पति को बदनाम करने का आरोप भी लगाया। इस दौरान सास ने उसे पीटा भी। कुछ दिनों बाद पति से शादी के बारे में पूछने पर वह (पति) रोने लगा और स्वीकार किया कि उसने अपने परिवार और मामा के दबाव में आकर शादी की। बोला, मुझे तलाक दे दो, मेरी लड़कियों में कोई रुचि नहीं है। लड़के ही अच्छे लगते हैं। यह भी स्वीकारा कि वह समलैंगिक है। ससुरालियों को यह बात बताने पर सास, ससुर, जेठ ने उसे बेल्ट से पीटा। वह एक सितंबर 2022 को भाई के साथ मायके आ गई। अभी वह मायके में रह रही है। कोतवाल एसबी सिंह ने बताया कि ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

शैक्षिक भ्रमण को लेकर बच्चों में दिखा उत्साह। अमृत विचार

दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए छात्र-छात्राएं रवाना

खागा फतेहपुर। खखरेरु क्षेत्र के साधू शरण सिंह इंटर कॉलेज एवं एसएस सिंह कान्वेंट स्कूल बरयेपुर में दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम को कालेज के प्रबन्धक साधू शरण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रबन्धक साधू शरण सिंह ने बताया कि इस भ्रमण में 150 बच्चों व 25 अध्यापकों ने प्रतिभाग किया है। यह भ्रमण बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने तथा उन्हें अपने इतिहास से परिचय कराने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। इन्होंने बताया कि यह भ्रमण जनपद चित्रकूट के गणेश बाग, राम दर्शन, सती अनुसुइया, कामता नाथ परिक्रमा, आरोग्य धाम, रामघाट सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा। यह भ्रमण पूर्ण रूप से नि :शुल्क है। इसमें छमाही परीक्षा में टाप-3 बच्चों ने प्रतिभाग किया है। बच्चों के रहने, खाने एवं वाहन आदि की ब्यवस्था विद्यालय प्रशासन की ओर से रहेगी। इस मौके पर श्लेष कुमार सिंह, शिवकुमार सेन, चमन सिंह, रवीकरन सिंह, भोला सिंह, अखिलेश सिंह, मेवालाल, अंजना सिंह, तरन्नुम, राधिका, नैन्सी सहित अन्य कालेज स्टाप मौजूद रहा।

सीनियर छात्रों ने साथ बिताए पलों को किया साझा

फतेहपुर। बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आते ही कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं की स्कूल से विदाई का सिलसिला जारी है। सोमवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित शहर के महर्षि विद्या मंदिर में कक्षा 11 के छात्रों द्वारा 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने बिताये हुये लम्हों को याद किया। कक्षा 12वीं के छात्र अखंड मानस ने कहा कि गुरु के बिना जीवन ही अधूरा है। प्रवीण कुमार ने मेरी उपलब्धि शिक्षकों की वजह से है। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने अपने शुभ कामना संदेश दिया।

अन्ना मवेशी के हमले से अधेड़ की मौत

फतेहपुर। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मिश्रामऊ गांव निवासी जागेश्वर पासवान सोमवार की सुबह शौचक्रिया के लिए जंगल की तरफ जा रहा था। तभी अचानक वहां अन्ना मवेशी आ गया और अचानक से उस पर हमला कर दिया। यह देख ग्रामीण उसे बचाने के लिए दौड़े लेकिन जब तक उसे अस्पताल ले जाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

ड्यूटी से लौटे होमगार्ड की अचानक मौत

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गुल्ला का पुरवा पूरे अगन मजरे मथइयापुर गांव निवासी कुबेर सिंह होमगार्ड के पद पर तैनात था। रविवार घर आने पर उसकी हालत बिगड़ी और मौत हो गई।

सात उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण

फतेहपुर। एसपी उदय शंकर सिंह ने पुलिस लाइन से जगदीश प्रसाद मिश्र को किशनपुर, दिवाकर कांत पाण्डेय को औंग, उग्रेश दत्त त्रिपाठी को हुसेनगंज, राज कुमार गौतम को राधानगर, सुरेश सिंह को खागा, सुरेश चन्द्र सिंह को एसओजी और शोभिताष जैन को मलवां से पुलिस लाइन भेजा गया है।

बेटा गया है बाहर कमाने बहू के साथ किया दुष्कर्म

- ससुर पर लगाए गए आरोप की जांच शुरू

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। एक गांव की रहने वाली महिला का पति मजदूरी करने के लिए बाहर कमाने गया है। घर पर दो छोटे बच्चों और ससुर के साथ महिला रह रही है। महिला ने शराबी ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महिला के तहरीर पर जांच की जा रही है। जांच में मामला सही मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

असोथर थाना क्षेत्र एक गांव की रहने वाली महिला ने थाना पुलिस को तहरीर दिया। तहरीर में लिखा कि उसके पति डेढ़ माह से बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। घर पर वह अपने दो बच्चों के साथ अपने ससुर के साथ रहती थी। तीन फरवरी 2024 को अपने घर पर बनी झोपड़ी में सो रही थी। तभी देर रात ससुर राजू ने शराब के नशे में बहू के साथ जबरन दुष्कर्म किया। बहू ने आरोप लगाया कि ससुर ने किसी से बताने पर बच्चों व मुझे जान से मारने की धमकी दी। पांच फरवरी को मां के पास पहुंची और सारी जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। खेत में काम करने गई एक युवती ने बबूल के पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। तलाश करने पर परिजनों ने देखा तो कोहराम मचा रहा।

चांदपुर थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरी गांव निवासी रामकृपाल की पुत्री रीना रविवार की शाम अपनी मां के साथ खेतों में काम करने गई थी। तभी कुछ देर मां के साथ काम करने के बाद आगे निकल गई और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो कुछ ही दूर पर एक बबूल के पेड़ से उसकी लाश फांसी के फंदे से लटक रही थी। यह देख परिजनों की चीख निकल गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

इंसाफ दिलाने को आंदोलन की घोषणा

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। रामरतन हत्याकांड में पूछताछ करने के बहाने थरियांव पुलिस द्वारा प्रताड़ित मानपुर के रामरूप लोधी के आत्महत्या के बाद मध्य प्रदेश से आये ओबीसी कोर कमेटी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी महेन्द्र सिंह लोधी पीड़ित परिवार से मिले। उनके नेतृत्व में दस सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल आया था। उन्होंने ऐलान किया कि इंसाफ दिलाने के लिए अगर हाईवे भी जाम करना पड़ेगा तो हम उसे भी करने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा तो लिख गया, लेकिन जांच ठंडे बस्ते में पड़ी है। जांच में शिथिलता बरतने का विरोध किया जाएगा। इंसाफ की लड़ाई लड़ने के लिए समाज को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार पिछड़ी के मान सम्मान के प्रति गम्भीर नही है। उनका कहना है कि पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए हमारा संगठन पूरी ताकत लगा देगा। उन्होंने क्षेत्र के सजातीय नेताओं को भी आड़े हाथों लिया और समाज को एकजुट होने की अपील की। प्रतिनिधि मंडल में ललितपुर जनपद के ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष रवींद्र सिंह, झांसी मण्डल के अध्यक्ष बृजभान सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह ललितपुर, महेन्द्र सिंह महरौनी आदि रहे।

पीड़ित परिवार के पक्ष में उतरा ओबीसी कोर कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यक्रम | लोकसभा चुनाव में तीसरी बार फिर मोदी सरकार का संकल्प दिलाया

भाजपा ने ग्राम परिक्रमा अभियान की शुरुआत अमौरा से की

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 12 फरवरी से 12 मार्च तक ग्राम परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत सोमवार को की गई। मलवां मंडल के अमौरा गांव से ग्राम परिक्रमा अभियान शुरू किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में तीसरी बार फिर मोदी सरकार की संकल्प को दोहराते हुए देश के किसानों के प्रति समर्पित मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा जितेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल एवं किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने अपने-अपने विचार रखें। मुख्य अतिथि ने कहा कि 2017 से पहले दंगों में लोगों की जान माल सुरक्षित नहीं थे। बीजेपी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि प्रदेश में दंगा मुक्त वातावरण बना है। पहले की सरकारों में नौकरी परिवार से बाहर नहीं जाती थीं। जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों के कल्याण को समर्पित है। बजट में किसानों को मुफ्त सिंचाई सुविधा के लिए 1100 करोड़ की व्यवस्था की गई। पहली बार अन्नदाता सरकार के एजेंडे का हिस्सा बने हैं। जैविक खेती, मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने का काम बीजेपी सरकार ने किया। इस मौके पर रमाकांत त्रिपाठी, रमन जीत सिंह, संतोष सिंह, उदय भान गुप्त, सुतिक्षण सिंह, मनोज सिंह गौतम, जितेंद्र सिंह, पुष्प नाथ द्विवेदी, गोलू शुक्ला, शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष मुख लाल। अमृत विचार

भाजपाइयों ने किया गांव प्रवास, लगाई चौपाल

जहानाबाद। सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता विधानसभा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के विधानसभा क्षेत्र संयोजक डॉ. ओमप्रकाश पाल जहानाबाद क्षेत्र अंतर्गत बूथ संख्या 139 में प्रवास के दौरान लाभार्थियों से संपर्क किया। प्रवास के दौरान बूथ अध्यक्ष मोहित द्विवेदी, रूपेश सैनी, सेक्टर अध्यक्ष राम शंकर, पूर्व प्रधान शिवचंद पाल ने भाजपा नेता को माला पहनकर स्वागत किया। ग्रम चौपाल में भाजपा नेता ने बताया कि सरकार ने बिचौलियों का काम खत्म कर दिया है। सरकार की योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में आता है। प्रधानमंत्री के द्वारा चलाई गई किसान सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना जैसी तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि विश्वकर्मा योजना के तहत ट्रेनिंग देकर कारीगर को स्वावलंबी बनाने का काम किया जा रहा है। स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी, पटरी व गुमटी के दुकानदारों को सरकार ने प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना का लाभ देकर उन्हें स्वावलंबी बनाने का काम किया है। इस मौके पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर निषाद, पूर्व प्रधान राम भजन, रामपाल, मिथिलेश कुमार, शिवपाल, गोरेलाल, अमरपाल, जयपाल, शिक्षक शिव प्रसाद रामखेलावन, धर्मेंद्र निषाद, चंद्रपाल, अजय, अनिल, सुरेन्द्र, दीपू आदि मौजूद रहे।

ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए फर्जी लिंक से दूर रहने की दी नसीहत

- किसी भी कंपनी का गूगल से सर्च न करें कस्टमर केयर का नंबर
- ईमेल, व्हाट्सएप व मैसेज बॉक्स में फर्जी लिंक्स की हो रही भरमार

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। एक ओर जब लोग खुद के मानसिक तनाव कम करने की जुगत कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर साइबर ठग इस समय लोगों को आर्थिक मोर्चे पर चूना लगाने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों के ईमेल व मैसेज बॉक्स के साथ व्हाट्सएप में भी ऐसे लिंक शेयर किए जा रहे हैं जिनके बारे में कुछ पता नहीं होता। इन लिंक्स के जरिए साइबर धोखाधड़ी का प्रयास हो रहा है।

पिछले कुछ समय से लोगों के स्मार्टफोन के विभिन्न मैसेज बॉक्स में ऐसे संदेशों की भरमार हो गई है जिनमें लिंक्स दिए जा रहे हैं। यह मैसेज आम तौर पर इनाम जीतने, दान करने और किसी रोजगार से जुड़े होते हैं। आपके आवेदन के बिना ऐसे मैसेज आने से आपको पहले ही सचेत हो जाना चाहिए। लोगों के उनके मोबाइल फोन में इनाम जीतने के बारे में कई मैसेज आ चुके हैं। जिनमें एक लिंक के जरिए अपना डिटेल भरने को कहा जाता है। कुछ समय पहले तक कई लोग पीएम केयर्स फंड व फेसबुक मैसेन्जर के द्वारा मदद के नाम पर पैसा जमा कराने के संदेशों के बारे में सुना जा चुका है लेकिन वह अब सजग हो रहे हैं।

फर्जी कस्टमर केयर नंबर से भी खेल

ऑनलाइन शापिंग व ई कामर्स के दौर में वे लोग मुश्किलों में फंस सकते हैं जो किसी कंपनी या बैंक का कस्टमर केयर नंबर कंपनी की वेबसाइट पर न जाकर सीधे सर्च इंजन से सर्च कर रहे हैं या फिर किसी अजनबी व्यक्ति द्वारा दिए गए फोन नंबर का इस्तेमाल करते हैं।

ऐसे होती है ग्राहकों से ऑनलाइन धोखाधड़ी

सूत्र बताते हैं कि कुछ बड़ी कंपनियों के फर्जी कस्टमर केयर नंबर गूगल पर फर्जी नाम से शो होते हैं। जब इन नंबरों पर फोन किया जाता है तो रिसीवर लोगों की बैंक डिटेल लेकर एक दूसरा फोन नंबर बताता है जिस पर बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से सिर्फ मैसेज फारवर्ड करने को कहा जाता है क्योंकि इसी मैसेज में ओटीपी दिया होता है। कॉल करने पर दिया गया नंबर कनेक्ट नहीं होगा। सूत्र बताते हैं कि इसके जरिए जालसाज आपके बैंक अकाउंट से शापिंग कर सकते हैं।

आज से मदरसा परीक्षाएं, 11 केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट हुए तैनात

पूरे जिले में तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट व सचल दल भी करेंगे परीक्षा केंद्रों का भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जनपद में 11 केंद्रों पर 13 फरवरी यानि आज से मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं दो पालियों में शुरू हो जाएंगी। इसमें मदरसों के अलावा माध्यमिक विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसके लिए कुल 3444 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट व इतने ही सचल दल गठित किए गए हैं।

डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने एडीओ समाज कल्याण, एडीओ कृषि रक्षा व एडीओ कृषि को स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाया है। मदरसा शिक्षा परिषद की पहली पाली की परीक्षाएं सुबह आठ से 11 बजे तक होंगी, इसमें 2329 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। दूसरे चरण में 1115 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसका समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। सेकेंड्री, सीनियर सेकेंड्री, कामिल व फाजिल की परीक्षाएं 13 से शुरू होकर 21 फरवरी तक चलेंगी। कन्नौज क्षेत्र के दो परीक्षा केंद्रों के लिए एसडीएम सदर अविनाश गौतम, तिर्वा इलाके के भी दो केंद्रों के लिए एसडीएम अशोक कुमार व छिबरामऊ, सौरिख व गुरसहायगंज इलाके के सात परीक्षा केंद्रों के लिए एसडीएम उमाकांत तिवारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी गई है। परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी गई है। परीक्षार्थी सीटिंग प्लान के मुताबिक अनुक्रमांक के आधार पर बैठेंगे।

मदरसा जेबीजी हायर सेकेंड्री स्कूल छिबरामऊ में परीक्षा स्लिप लगाते शिक्षक व अन्य।

- तीन सचल दल संपन्न कराएंगे नकलविहीन परीक्षा

इनके नेतृत्व में गठित हुए सचल दल

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में सचल दल गठित किए गए हैं। अधिकारियों को क्रमशः तीन-तीन और पांच परीक्षा केंद्रों की जिम्मेदारी दी गई है। सचल दल को प्रतिदिन परीक्षा केंद्रों पर जाकर सघन तलाशी करने के आदेश डीएम की ओर से हुए हैं। सचल दल में शामिल सदस्यों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में हाजिरी देनी होगी। डीएम ने एसपी को पत्र भेजकर दो-दो पुलिस बल सभी केंद्रों पर तैनात करने की बात कही है।

वाहन की टक्कर से चालक की मौत

सौरिख, कन्नौज। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर लघुशंका के लिए कंटेनर से चालक नीचे उतरा तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मिनी पीजीआई सैफई भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

फिरोजाबाद के थाना नगला खंगर के गांव प्रधान कोटा निवासी सहचालक श्याम बिहारी पुत्र सूबेदार अपने साथी चालक योगेश पुत्र कैलाश चंद (37) निवासी बढ़पुरा थाना पिरोरा जिला आगरा के साथ कंटेनर को लेकर बस्ती से फिरोजाबाद जा रहा था। सोमवार सुबह पांच बजे किलोमीटर 160 पर पहुंचा तो चालक योगेश ने गाड़ी खड़ी करने के लिए कहा। यहां नीचे उतरकर लघुशंका के लिए चला गया। तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे योगेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे यूपीडा सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने घायल को हाईवे एंबुलेंस से मिनी पीजीआई सैफई भेजवाया। वहां योगेश ने दम तोड़ दिया।

शातिर को जेल में बिताई गई अवधि सात साल की सजा सुनाई गई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- इंदरगढ़ थाना के मढ़पुरा गांव में सात साल पहले फायरिंग कर फैलाई थी दहशत
- फायरिंग में एक ग्रामीण हुआ था घायल, बदमाश ने कोर्ट में अपराध किया था स्वीकार

अमृत विचार। गांव में फायरिंग कर दहशत फैलाने तथा गोली लगने से ग्रामीण के घायल होने के मामले में शातिर बदमाश ने कोर्ट में अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिस पर अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट-प्रथम) ने उसे जेल में बिताई गई अवधि सात साल 9 माह सात दिन की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर उसे दस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़पुरा में 16 मार्च 2016 को शाम आठ बजे के करीब चोरी की बाइक से आए तीन बदमाशों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। गोली लगने से एक ग्रामीण कप्तान सिंह पुत्र हरदयाल घायल हो गया था। गांव के अवधेश चंद्र पाठक, अलंकार दीक्षित, राजवीर, अमित कुमार व प्रवीण पाठक ने बदमाशों को खदेड़ लिया था।

सतीश सविता के मकान के सामने ग्रामीणों ने दो बदमाशों भोला ठाकुर पुत्र राजपाल निवासी कैरदा थाना विशुनगढ़ तथा राहुल यादव पुत्र सरमन निवासी ग्राम सरफापुर थाना सौरिख को दबोच लिया, जबकि तीसरा बदमाश अमजद पुत्र जौहरी निवासी ग्राम उस्मानपुर थाना विशुनगढ़ फायरिंग कर भागने में कामयाब हो गया।

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों बदमाशों को थाने ले आई। इनके पास से दो तमंचे व कारतूस और चोरी की बाइक बरामद हुई थी। पुलिस ने ग्रामीण अवधेश चंद्र पाठक पुत्र विजय शंकर पाठक की तहरीर पर घटना का मुकदमा दर्ज किया था।

पांच मई 2016 को पुलिस ने भागे हुए बदमाश अमजद को भी गिरफ्तार कर लिया था, जबकि पकड़ गए बदमाशों ने भागे हुए बदमाश का नाम अन्नू राठौर पुत्र ओमपाल निवासी कैरदा गढ़ी थाना विशुनगढ़ बताया था। अमजद ने कोर्ट में अपना अपराध स्वीकार कर लिया और कम से कम दंड दिए जाने की गुहार लगाई थी। सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट-प्रथम) इंद्रजीत सिंह ने अमजद को दोष सिद्ध करते हुए जानलेवा हमले के मामले में जेल में बिताई गई अवधि सात साल 9 माह सात दिन कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। चोरी की बाइक बरामदगी में तीन साल का कारावास व पांच हजार रुपये जुर्माना तथा आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम में छह माह का कारावास व 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

असीम से की लाइब्रेरी चैंबर बनवाने की मांग

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। रियल टाइम खतौनी से किसानों को दिक्कत हो रही है। कारण यह कि अलग-अलग गाटा संख्या की अलग-अलग खतौनी बन रही है। एक किसान की खेती एक ही खतौनी में दर्ज हो तो सहूलियत हो। यह बात कचहरी पहुंचे राज्यमंत्री असीम अरुण से वकीलों ने कही। साथ ही यहां लाइब्रेरी व चेंबर बनवाने की भी मांग रखी।

सोमवार को यहां पहुंचे राज्यमंत्री व भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया का लायर्स बार ऐसोसिएशन के वकीलों ने स्वागत किया। इस दौरान वकीलों ने तहसील में और चेंबर बनाने के साथ लाइब्रेरी बनवाने की मांग की। रियल टाइम खतौनी को लेकर बताया कि अभी तक किसानो को एक खतौनी में किसान के खेतों के कई नंबर मिल जाते थे। अब नई व्यवस्था में प्रत्येक गाटे को अलग अलग कर खतौनी बनाई गई है। मांग की कि एक ही खतौनी में एक किसान की सभी खेती दर्ज की जाए। राज्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि राजस्व मंत्री से मुलाकात कर किसानो की समस्याएं बताएंगे। इस मौके पर लायर्स एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश राजपूत, भूपेद्र सिह, मनोज राजपूत, रामगोपाल, इंद्रपाल, बल्लू चौहान आदि वकील मौजूद रहे।

अधेड़ के बाद पत्नी ने भी तोड़ा दम

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए अधेड़ की मौत के कुछ समय बाद उसकी पत्नी के भी दम तोड़ने से गांव में मातम छा गया।

थाना इंदरगढ़ के अनंतपुर गांव निवासी रामप्रताप (55) पुत्र जगन्नाथ अपनी पत्नी मिथलेश कुमारी को लेकर बाइक से शनिवार को तिर्वा आया था। देर शाम वापस जाते समय अगौस गांव के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इससे पति-पत्नी गंभीर घायल हो गए थे। ग्रामीणों ने घायलो को मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया था। यहां से रविवार की सुबह भर्ती घायल रामप्रताप की उपचार दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजन रविवार को अतिम संस्कार कर घर आए वैसे ही कानपुर मे भर्ती मिथलेश कुमारी की मौत की खबर आ गई। इसे सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। देर रात कानपुर से शव गांव आया। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

मृतक के दरवाजे बिलखते परिजन व लगी भीड़। अमृत विचार

- शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए थे बाइक सवार दंपति

भूमि विवाद में ग्राम प्रधान से अभद्रता, की मारपीट

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- आरआरसी सेंटर के निर्माण को लेकर हुआ विवाद

अमृत विचार। ग्राम समाज की भूमि पर आरआरसी सेंटर के निर्माण को लेकर ग्राम प्रधान द्वारा लेखपाल से भूमि की पैमाइश कराई गई। इसके बाद भूमि पर निर्माण सामग्री को डलवाया गया। इसी बात को लेकर गांव के लोगों ने रंजिशन गाली गलौज शुरू कर दी और ग्राम प्रधान को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम प्रधान ने कोतवाली पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी है।

ग्राम सियरमऊ निवासी व ग्राम प्रधान सोनू सिंह का कहना है कि गांव में स्थित ग्राम समाज की भूमि पर उसके द्वारा आरआरसी सेंटर का निर्माण कराया जा रहा था। जिसको लेकर उसने लेखपाल से भूमि की पैमाइश कराई और निर्माण सामग्री को चिंहित की गई भूमि पर उतरवा दिया। इसी बात की रंजिश को लेकर गांव के छह लोग उसके घर पर आए और जाति सूचक गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

सूचना पर पहुंचे कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, जसोदा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच पड़ताल की।

विक्षिप्त महिला से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

सौरिख। देर शाम घर में अकेली विक्षिप्त महिला से गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। पति ने आरोपी को मौके पर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दिमागी रूप से बीमार महिला घर में अकेली थी। इस बात का फायदा उठाकर गांव का ही गोविंद पुत्र उमाकांत तिवारी घर में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। तभी उसका पति पड़ोसी गांव से निमंत्रण खाकर वापस घर आ गया। उसने गोविंद को पकड़ने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। पति पीड़िता को लेकर थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

भाजपा की सदस्यता दिलाते राज्यमंत्री असीम अरुण व नेतागण। अमृत विचार

तिर्वा विधान सभा के सैकड़ों लोग हुए भाजपाई

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- विस मिलन समारोह में राज्यमंत्री ने दिलाई सदस्यता

अमृत विचार। क्षेत्र में आयोजित विधानसभा मिलन समारोह में तमाम लोगों ने भाजपा की नीतियों में रुचि दिखाते हुए सदस्यता ग्रहण की।

सोमवार को उमर्दा ब्लाक परिसर में समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने विभिन्न दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीर सिंह, विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि भाजपा के कार्यों से खुश होकर लोग भाजपा मे शामिल हो रहे हैं। सांसद सुब्रत पाठक ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य शिल्पी भारती, जिला महामंत्री हरिबख्श सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामू राजपूत, विस प्रभारी मिथिलेश बाथम, जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, नगर पंचायत प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, विकास गुप्ता, आशू मिश्रा मौजूद रहे।

शीतगृह के कमरे में मिला लोडिंग बाबू का शव

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जाफराबाद स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में लोडिंग बाबू का शव कमरे में पड़ी चारपाई पर मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने उसके साथियों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

जनपद मैनपुरी बरनाहल थाना क्षेत्र के ग्राम सीथरा निवासी 45 वर्षीय सर्वेश कुमार शाक्य पुत्र बृजलाल पिछले चार वर्षों से जाफराबाद में स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में लोडिंग बाबू के पद पर तैनात था। बुधवार को परिवार में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर गया था। वहां से रविवार को गांव के ही निवासी अरविंद कुमार प्रजापति पुत्र थानसिंह के साथ ड्यूटी पर आया था। अरविंद ने बताया कि रविवार देर शाम सर्वेश ने पड़ोस में स्थित ठेका से शराब खरीदी और अन्य कर्मियों के साथ बैठकर शराब पी गई, और खाना खाने के बाद एक ही चारपाई पर सो गए। सुबह जब उठाने का प्रयास किया तो नहीं उठे। काफी देर तक न उठने पर अन्य लोगों के साथ जाकर देखा तो सर्वेश की मौत हो चुकी थी। मौजूद कर्मियों ने इसकी सूचना कोल्ड स्टोरेज मालिक समेत मृतक के परिजनों को दी। परिजनों ने साथियों पर जहर देकर हत्या के आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

विधान परिषद में गूंजा डॉ. लक्ष्मी गुप्ता हत्याकांड

छिबरामऊ। शहर के कारोबारी की बेटी डॉ. लक्ष्मी गुप्ता हत्याकांड का मामला विधान परिषद में भी गूंजा। याचिका समिति के सभापति भीमराव आंबेडकर ने मामला सदन में उठाया तो नेता सदन एवं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने सरकार की तरफ से कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिससे परिजनों में न्याय की उम्मीद जगी है।

शहर के कारोबारी धर्मेंद्र गुप्ता की इकलौती पुत्री लक्ष्मी गुप्ता मोदीनगर (गाजियाबाद) के दिव्य ज्योति आयुर्वेदिक संस्थान में बीएएमएस तृतीय वर्ष की छात्रा थी। 15 जून 2023 को उसकी हत्या कर दी गई थी और उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर टांग दिया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई थी। आठ माह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। वहीं, कोर्ट ने इस मामले में आरोपी मनोज शर्मा, बिशू शर्मा, कौस्तुभ, आसिफ व तारिफ के नार्को टेस्ट की अनुमति दी है। इसमें एक युवती नार्को टेस्ट से मना कर रही है जो शव के पास सबसे पहले पहुंची थी।

सुभाष वर्मा को भाजपा ओबीसी मोर्चा की कमान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जनखत के पूर्व प्रधान भी रह चुके, पत्नी लड़ चुकीं चेयरमैन पद का चुनाव

अमृत विचार। तहसील तिर्वा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जनखत के पूर्व प्रधान व वर्तमान में तिर्वा के मोहल्ला अन्नपूर्णा नगर निवासी सुभाष वर्मा को भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने जिलों के नए पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी। उसके बाद नए जिलाध्यक्ष के समर्थकों में उत्साह बढ़ गया है।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुभाष वर्मा ने बताया कि वह जनपद में भाजपा को और मजबूत करेंगे। ओबीसी मोर्चा का भी नए तरीके से गठन करेंगे। मेहनती व जिम्मेदार लोगों को संगठन में स्थान मिलेगा। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी। कन्नौज से भी प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत मिलेगी। जिलाध्यक्ष की पत्नी गीता वर्मा पूर्व में नगर पंचायत तिर्वा से चेयरमैन पद का चुनाव भी लड़ चुकीं हैं। बताया गया है कि अब तक जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश चंद्र शास्त्री के पास थी। सुभाष वर्मा को जिले की कमान मिलने पर हसेरन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पुष्पेंद्र शाक्य, सौरभ पटेल, संजय राजपूत, अनिल राजपूत, सतीश राजपूत, विक्रम, शिवप्रकाश राजपूत व राजेश राजपूत समेत कई लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

सुभाष वर्मा। अमृत विचार

बोर्ड परीक्षा जूते-चप्पल पहनकर कक्ष में देंगे इम्तिहान, हर पेज पर लिखना होगा रोल नंबर

परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को न किया जाए परेशान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से नौ मार्च तक चलेंगी। परीक्षा शुरू होने से लेकर समापन तक करीब तीन घंटे परीक्षार्थियों को परेशान नहीं किया जाएगा। इस बार परीक्षार्थी जूता-चप्पल पहनकर ही कक्ष में प्रवेश करेंगे और इम्तिहान देंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं के सभी पेजों पर परीक्षार्थियों को रोल नंबर लिखने का नियम भी लिखित में जारी किया है।

सोमवार को कलक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने बोर्ड परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक तीन-तीन पालियों में सभी 100 परीक्षा केंद्रों से तीन-तीन जिम्मेदारों को बुलाया गया था।

डीएम ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर कक्ष निरीक्षक की उपस्थिति पंजिका रखी जाए जिसमें उनका नाम, पदनाम, अध्यापित विषय, स्नातक एवं परास्नातक का विषय अंकित किया जाए। बतौर मास्टर ट्रेनर अभिनव राजकीय इंटर कॉलेज गंगधरापुर के प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट का होना जरूरी है। पेपर रिसीव करने से लेकर सील कर रखने व पेपर खोलने में तीनों जिम्मेदारों के हस्ताक्षर होंगे। अगर किसी कारणवश कोई समय पर नहीं पहुंचता है तो उसकी सूचना देनी होगी। उन्होंने बताया कि एक कक्ष में जो दो कक्ष निरीक्षक लगेंगे दोनों उसी विद्यालय नहीं होने चाहिए। एक का दूसरे विद्यालय से होना जरूरी है।

कलक्ट्रेट सभागार में मौजूद केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

- सभी केंद्रों पर 50 फीसदी बाहरी कक्ष निरीक्षकों की लगेगी ड्यूटी

24 घंटे चलेंगे सीसीटीवी कैमरे

परीक्षा के लिए जब प्रश्न पत्र रखे जाएंगे तो उसे प्रधानाचार्य कक्ष से अलग जगह चयनित की जाएगी। उसे स्ट्रॉग रूम का नाम दिया जाएगा। 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कॉपियां व प्रश्न पत्र रखे रहेंगे। परीक्षा भी कैमरों की देखरेख में संपन्न होगी। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 में हाईस्कूल के 27,145 एवं इंटरमीडिएट के 24,639 कुल 51,784 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिले में 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें एक राजकीय विद्यालय, 44 सहायता प्राप्त व 55 वित्तविहीन विद्यालय शामिल हैं। कुल 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 100 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, तीन जोनल और पांच सचल दल को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक भी रहेंगे। इस मौके पर एडीएम आशीष सिंह, प्रधानाचार्य अनिल मिश्र, शिवमोहन सिंह कुशवाहा, योगेंद्र तोमर, अजय यादव, योगेंद्र पाल, रीना कनौजिया, दिव्या शर्मा व रजनीश सिंह संजू मौजूद रहे।

ओएमआर शीट भरने से पहले बताएंगे बारीकियां

मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार ने बताया कि हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा के लिए 30-30 नंबर की ओएमआर शीट दी जाएगी। उसे भरने से पहले कक्ष निरीक्षक परीक्षार्थियों को सभी बारीकियां बताएंगे, ताकि गलती न हो। उन्होंने बताया कि ओएमआर शीट दो भागों में होगी। जब परीक्षार्थी ओएमआर शीट की परीक्षा दे देंगे तो एक घंटे के अंदर संकलन केंद्र पर उसे दो अलग-अलग लिफाफों में सील कर जमा करना जरूरी होगी। शीट पर व्हाइटनर, फ्लड लगाना वर्जित है। साथ ही पेन से किसी प्रकार की कटिंग नहीं होनी चाहिए।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

संख्या– 919 / न0पा0प0 गुरसहायगंज /2023–24 दिनांक 09/2/2024

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा हेतु निकाय में पंजीकृत ठेकेदार, बिडर्स/कान्ट्रेक्टर्स, वेण्डर्स एवं शासनादेश संख्या–3/2017/ 1067/ 78–2–2017–42 आईटी/2017 अनुभाग–2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/कान्ट्रैक्टर्स/वेण्डर्स को प्रतिभाग करने हेतु अवसर प्रदान करते हुये ई–निविदायें, ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम ई–निविदाएं निम्न कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती हैं।

क्र0	नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज / ANN Stage	Vendor Stage	प्रारम्भ तिथि व समय	अन्तिम तिथि व समय
1	Tender Release		13.02. 2024 06.00PM	
		Tender Download	13.02. 2024 06.00PM	21.02. 2024 10.00AM
		Bid Submission	13.02. 2024 06.00PM	21.02. 2024 10.00AM
	Close of Bid			21.02. 2024 10.00AM
	Technical Bid Opening			21.02. 2024 10.00AM
	Financial Bid Opening		After Approval of Technical Bid	

नोट :– निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी http://etender.up.nic.in पर निर्धारित समय पर या कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज–कन्नौज।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज–कन्नौज।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ असलहों का जखीरा बरामद

लोकसभा चुनाव में खपाने के लिए हो रहा था निर्माण, पुलिस ने मारा छापा, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। एसओजी, सर्विलान्स टीम व कोतवाली पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड किया है। इसमें देशी राइफल, देशी बंदूक, देशी तमंचे व अधबने तमंचों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि साथी भाग निकला। एसपी ने पुलिस लाइन में खुलासा करते हुए बताया कि यह असलहे चुनाव के दौरान खपाने के लिये तैयार किये जा रहे थे।

पुलिस लाइन में एसपी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार के नेतृत्व में एसओजी टीम प्रभारी टीम, सर्विलांस टीम एवं सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की टीमों को लगाया गया था। 11 फरवरी को मिली सूचना पर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फूलपुर में सरकारी ट्यूबबेल के पास घेराबंदी की। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद राशिद खान पुत्र सादिक खान निवासी मोहल्ला गौरी नवादा, समधन कोतवाली गुरसहायगंज जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी बीच हरदोई जनपद के थाना बिलग्राम गांव पुन्नापुर्वा निवासी आरोपी रामदास राजपूत पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

शस्त्र फैक्ट्री के साथ गिरफ्तार आरोपी राशिद व मौजूद गिरफ्तार करने वाली टीम। खुलासा करते एसपी व सीओ। अमृत विचार

गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 21 अवैध शस्त्र एवं बनाने के उपकरण बरामद किये गये। एसपी ने बताया कि आरोपी 5-6 वर्षों से लगातार असलहे बनाने का कार्य कर रहे थे। तमंचे बेचने पर चार हजार रुपये एवं बड़ी बंदूक बेचने पर 10 से 12 हजार रुपये मिल जाते हैं। राशिद पर छह मामले आर्म्स एक्ट के गुरसहायगंज व कन्नौज कोतवाली में दर्ज हैं।

यह शस्त्र किये गए बरामद: एक देशी रायफल 315 बोर, दो अधिया 315 बोर, एक देशी बंदूक 12 बोर, 14 तमंचे 315 बोर, तीन तमंचे 12 बोर, पांच कारतूस 315 बोर, चार खोखा कारतूस 315 बोर, दो अधबने तमंचे के बट, आठ नाल 12 बोर, छह नाल 315 बोर, एक आरी लकड़ी काटने की, दो आरी लोहे की, दो रूखान, दो रेती, एक हथौडा, दो छेनी, चार शुम्भी, पांच लोहे की पत्ती, एक प्लास, एक लकड़ी का गुटका 18 स्प्रिंग, एक डाई मशीन, एक धौकनी, एक वर्मा मशीन, 12 बर्मा रॉड के अलावा एक मोमबत्ती बरामद हुई है।

- साथी हुआ फरार, ग्राम फूलपुर में चल रही थी फैक्ट्री

शस्त्र बरामद व गिरफ्तार करने वाली टीम

सदर कोतवाली निरीक्षक विष्णुकान्त तिवारी, एसओजी प्रभारी कमल भाटी, दरोगा अजब सिंह कोतवाली कन्नौज, दरोगा पंकज कुमार प्रभारी सर्विलान्स टीम, दरोगा शेखर सैनी कोतवाली कन्नौज, दरोगा दीपक चौधरी कोतवाली कन्नौज, दरोगा अमित पोरवाल कोतवाली कन्नौज, एसओजी टीम के हेड कांसटेबल सुधीर, हेड कांसटेबल रविन्द्र कुमार आदि।

वाहन से टकराई बस कई सवारियां गंभीर

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे वाहन से एक वोल्वो बस टकरा गई। घटना में 12 से अधिक सावरिया गंभीर रूप से घायल हो गईं। दिल्ली से बिहार जाते समय हुए हादसे से सवारियों में भगदड़ मच गई। यूपीडा एम्बुलेंस से घायलों को इलाज के लिए भेजा गया।

बिहार के दरभंगा जिला के थाना रियान के फुलकाई गांव निवासी चालक दीपक मिश्रा साथी चालक राजाराम के साथ शनिवार की रात वोल्वो बस में सौ सवारियां लेकर दिल्ली से बिहार के लिए निकला था। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से गुजर रहा था तभी थाना क्षेत्र के किमी. 149 पर आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करते समय बस उससे टकरा गई। सोमवार को हुए हादसे में चालक दीपक, राजाराम के अलावा बिहार के मधुबनी निवासी तेज प्रताप पुत्र राजवेद समेत 12 से अधिक सवारियां घायल हो गईं जबकि बस क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा अधिकारी एवं यूपीडा एंबुलेंस ने घायल सवारियों का उपचार कराते हुए क्षतिग्रस्त वाहन को टोल प्लाजा पर खड़ा करा दिया। अन्य सवारियों को दूसरे वाहनों से रवाना किया गया। थाना प्रभारी सचिन सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया। घायल हुए लोगों के परिजनों को सूचना दी।

सड़क हादसे में घायल की 17 दिन बाद मौत

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मदारपुर निवासी रामशरण के पुत्र रामू की सोमवार को मौत हो गई। रविवार को उनके परिजन कानपुर हैलट अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर घर लाए थे। यहां अचानक हालत बिगड़ गई। घर वाले जब तक अस्पताल ले जाते, तब तक रामू ने दम तोड़ दिया। विदित हो कि कि 17 दिन पहले जीटी रोड पर ग्राम अकबरपुर के पास अंतिम संस्कार से लौट रहे ट्रैक्टर में बस ने टक्कर मार दी थी, जिसमें दो लोगों की मौके पर मौत हो गई थी और 14 लोग घायल हो गए थे। घायलों में रामू भी था, जिसने 17 दिन बाद दम तोड़ दिया।



रामू।

प्रेम प्रसंग में बाधक बनने पर की थी वृद्ध की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। चार दिन पहले कुएं में बुजुर्ग का शव पड़ा मिलने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा भी बरामद किया गया है। युवक ने मृतक के परिवार की लड़की से प्रेम प्रसंग होने तथा बुजुर्ग के बाधा बनने के कारण हत्या की बात स्वीकार की।

पुलिस लाइन में एसपी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि ठठिया थाना क्षेत्र के गांव जयसुखपुर मौजा उमरन में कुएं में बुजुर्ग का शव मिला था। उसकी शिनाख्त देशराज पाल के रूप में हुई थी। मृतक के पुत्र ब्रजेश ने 11 फरवरी को हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पिता देशराज (70) नौ फरवरी को सुबह नौ बजे खेतों पर गये थे। 10 फरवरी को दोपहर तीन बजे गांव के बाहर कुएं में उनका शव पड़ा दिखा। उनके शरीर पर चोटों के निशान व गले में अंगोछा कसा था। ब्रजेश ने रोशन उर्फ विकास पुत्र राकेश पर हत्या का आरोप लगाया था। ठठिया थाना पुलिस ने आरोपी को मय घटना में प्रयुक्त डंडा के गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि आरोपी ने बताया कि वह देशराज के परिवार की लड़की से प्यार करता था। देशराज इसे पसंद नहीं करता था। वह उसकी शादी दूसरी जगह कर रहा था। इस पर उसने अपनी व लड़की की फोटो वर पक्ष को दिखाई थी। मृतक देशराजपाल आये दिन आरोपी को धमकाता भी था। घटना के दिन देशराज खेत के पास मिला जहां उसने उसे गाली दी थी। गुस्से में आकर उसने उसे डंडे से पीटा जिससे उसको चोटें आयी और वह गिर गया। इसके बाद उसके गले में पड़े अगौंछे से गला कस दिया। मौत के बाद लाश को घसीटकर पास के कुएं में डाल दिया। उसके ऊपर घास फूस डालकर अपने रिश्तेदार के पास वह दिल्ली चला गया था।

भ्रमण करने पहुंचे छात्र-छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

बच्चों ने किया जेके मंदिर, चिड़ियाघर भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 200 छात्र-छात्राएं कानपुर में गए सैर-सपाटा करने
- बेसिक शिक्षा विभाग ने उठाया आने-जाने का खर्च

अमृत विचार। जिले के परिषदीय स्कूलों के 200 छात्र-छात्राएं कानपुर पहुंचे। वहां उन्होंने जेके मंदिर में आशीर्वाद लिया। चिड़ियाघर में शेर के साथ ही कई तरह के पक्षी देखे। आने-जाने समेत पूरा खर्च बेसिक शिक्षा विभाग ने उठाया।

डीसी सामुदायिक शैलेंद्र प्रताप ने बताया कि सभी ब्लॉक से 20-20 छात्र-छात्राओं को ले जाया गया था। आठों ब्लॉक से कुल 10 शिक्षक-शिक्षिकाएं भी गए थे। टूर में बीईओ सदर विपिन कुमार भी शामिल रहे। बीएसए उपासना रानी वर्मा का कहना है कि जनपद से छात्र-छात्राओं को ऐतिहासिक स्मारकों का एक दिवसीय भ्रमण कराया गया है। कानपुर के चिड़ियाघर, जेके मंदिर व बिठूर के राधाकृष्ण मंदिर समेत किले व अन्य स्थल दिखाए गए हैं। बताया कि दिसंबर 2023 को राज्य परियोजना निदेशक का पत्र आया था। उसमें परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं की हाजिरी, ठहराव व अधिगम स्तर बढ़ाने के लिए भ्रमण कराया गया है। विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति की समझ विकसित करने व देश प्रेम जागृत करने को ऐसा किया गया है।

आपदा से निपटने के बताए गए उपाय

तिर्वा। दैवी आपदाओं से से खुद के बचाव और आम लोगों को भी बचाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक गोष्ठी की। इस दौरान दैवी आपदा की स्थिति में क्या करें और क्या नहीं इसकी जानकारी दी। डीएन कालेज सभागार में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शिक्षकों के साथ आशा व प्रधान के साथ एक बैठक की। इसमें जानकारी दी कि भारत तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित विभिन्न प्रकार की दैवी आपदाओं के प्रति जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जा रहा है। जिला आपदा विशेषज्ञ जय लक्ष्मी पाण्डेय ने सूचनाओं के प्रबंधन एवं जनपद में हो रही जन हानि को किस प्रकार से न्यून किया जाए के बारे में जानकारी दी। बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में यथा राजस्व ग्राम, ग्राम पंचायत को जागरूक किया जाएगा। इससे होने वाली जनहानि, धनहानि की घटनाओं को कम किया जा सकता है।

मिस्र में अरोमा उद्योग को तकनीकी सहयोग देगा एफएफडीसी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मिस्र की अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग विशेषज्ञ ने किया केंद्र का भ्रमण
- संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूनीडो) ने दिया अरोमा उद्योग को बढ़ावा

अमृत विचार। यूरोपीय देशों में अरोमा उद्योग को सुरस एवं सुगंध विकास केंद्र (एफएफडीसी) तकनीकी सहायता प्रदान करेगा, जिसके लिए मिस्र के एक प्रतिनिधि मंडल ने इत्र उद्योग की बारीकियों को देखा। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर किस तरह इत्र और सुगंधित मसालों का निर्माण किया जाए, जिससे कि आयात पर निर्भरता कम हो। संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूनीडो) द्वारा अरोमा उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सोमवार को मिस्र से आई आर्थिक सहयोग विशेषज्ञ लामिया मेलेगुई व दीना अहमद अली ने एफएफडीसी का भ्रमण किया। उन्होंने संस्था के प्रधान निदेशक डॉ. शक्ति विनय शुक्ला से अरोमा उद्योग के बारे में जानकारी ली। प्रधान निदेशक ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य मिस्र में सुगंधित तेल व अरोमा उद्योग को बढ़ावा प्रदान करने में एफएफडीसी द्वारा तकनीकी सहायता प्रदान करना है। सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा विश्व के कई देशों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए एफएफडीसी को नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि जून 2015 में मिस्र के 70 उद्यमियों को अरोमा उद्योग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया था। इसी प्रकार यूनीडो के द्वारा 13 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने भी दिसंबर 2015 में एफएफडीसी का भ्रमण किया था। वर्तमान में मिस्र द्वारा जैस्मीन ग्रैंडिफ्लोरा, जेरेनियम, मार्जोरम, लिनालूल रिच बेसिल, मेट्रिकएरिया कैमोमाइल का उत्पादन करते हैं और वह भारत से मिन्ट, चंदन, जैस्मीन, मैरीगोल्ड खरीदते हैं। मिस्र में सुगन्धित तेल, सुगंध और सुरस के उद्योग में अपार संभावनाओं को देख रहें हैं, जिसे विकसित करने के लिए केंद्र तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। इस दौरान आमोद प्रताप सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, मुनेन्द्र त्रिपाठी, विपिन मिश्रा, करीना थापर, प्रज्ञा गुप्ता, राहुल कुमार उपस्थित रहे।

मिस्र की प्रतिनिधियों को जानकारी देते प्रधान निदेशक डॉ. शक्ति विनय शुक्ला।

प्रशिक्षण वैज्ञानिकों ने जनपद में किसानों से सूरजमुखी की खेती फिर से शुरू करने का किया आह्वान

ढाई गुना पैदावार देती हैं सूरजमुखी की संकर प्रजातियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले में सूरजमुखी की खेती फिर से शुरू करने की पहल के तहत कलक्ट्रेट परिसर में किसानों की गोष्ठी हुई। इसमें वैज्ञानिकों ने कहा कि संकर प्रजातियों के बीज के प्रयोग से सूरजमुखी का उत्पादन ढाई गुना अधिक होता है। पहले की प्रजातियों में पानी अधिक लगता था, लेकिन अब ऐसे के बीज आ गए हैं जो कम सिंचाई में अधिक पैदावार देते हैं।

सूरजमुखी व तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने के लिए आत्मा योजना के कृषक प्रशिक्षण के तहत सूरजमुखी, उत्पादन प्रसंस्करण एवं विपणन आधारित कृषक प्रशिक्षण हुआ। इंडिगो सीड्स प्रा.लि. बैंगलूरू के निदेशक डॉ. प्रशांत गोयल ने बताया कि पूर्व में संकुल सूरजमुखी की खेती होती थी जिसका उत्पादन कम हुआ करता था। उस समय बीज भी अधिक प्रयोग होता था। वर्तमान में संकर प्रजातियां विकसित हो गईं हैं जो कम समय की पैदावार हैं। साथ ही कीट, बीमारियों एवं सूखा प्रतिरोधक क्षमता भी है। इनका बीज भी कम लगता है। कम अवधि की फसल होने से पानी भी कम लगता है। डॉ. गोयल ने कहा कि सूरजमुखी खेती से 35 से 40 हजार रुपये प्रति एकड़ शुद्ध आमदनी मिलती है। सीएसए विश्व विद्यालय कानपुर के वरिष्ठ कृषि रक्षा वैज्ञानिक डॉ. वेद रतन तिवारी ने सूरजमुखी की खेती में लगने वाले रोग, कीट एवं बीमारियों एवं उनके निदान के बारे में बताया। स्वस्थ्य बीज, मृदा, संतुलित खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग और सही समय पर बोआई करने से 50 प्रतिशत रोग समाप्त हो जाने की जानकारी दी। खेती के लिए आठों विकास खंडों में 15-15 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है।

- कार्यक्रम में 30 से 40 हजार रुपये प्रति एकड़ शुद्ध आमदनी होने की दी गई जानकारी

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद किसान व अन्य लोग। अमृत विचार

35 फीसदी तेल आयात होता किसानों को होगा फायदा

डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि देश में खाद्य तेलों की बहुत कमी है। कुल मांग का 35 प्रतिशत खाद्य तेल विदेशों से आयात करना पड़ता है। इस कारण से तिलहनी फसलों का समर्थन मूल्य अन्य फसलों की तुलना में अधिक बढ़ाया जाता है जिसमें सूरजमुखी का समर्थन मूल्य पिछले चार सालों से लगभग 300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से हर वर्ष बढ़ाया गया है। सूरजमुखी की खेती से किसानों को फायदा होगा। इस मौके पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक डॉ. अरविंद सिंह, अमरेंद्र यादव, डॉ. पी. श्रीनिवास राव, उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही, जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा, प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान, पूर्व निदेशक बीज विकास निगम एसपी सिंह आदि मौजूद रहे।

रोडवेज स्टैंड पर दो बसों के कर्मचारियों में गालीगलौज

कन्नौज। रोडवेज बस स्टाप पर पहले जाने को लेकर दो रोडवेज बसों के चालकों व परिचालकों पहले जाने को लेकर गालीगलौज व मारपीट की नौबत आ गई। सोमवार को बस स्टैंड सरायमीरा में बरेली डिपो की बस संख्या यूपी 33 एटी 4564 व कन्नौज डिपो की बस संख्या यूपी 30 टी 7670 के चालक अपनी-अपनी बसें निकालने लगे। इसी बीच कन्नौज डिपो के चालक ने मुख्य रास्ते में अपनी बस खड़ी कर दी। इस पर बरेली डिपो के चालक ने उससे बस हटाने को कहा। इस पर दोनों के चालक व परिचालकों में गाली गलौज होने के साथ ही मारपीट की नौवत आ गई।

जानकारी पर स्टैंड पर मौजूद विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दोनों को समझा कर रास्ता खाली कराया।

सार-संक्षेप

गोला फेंक में कोमल का पहला नंबर, रिया का दूसरा

कन्नौज। राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में सोमवार से दो दिवसीय 11वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह की शुरुआत हो गई। स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर स्नेहा, दूसरे पर मधु पाल व तीसरे नंबर पर आयुषी कश्यप रहीं। रस्सी कूद प्रतियोगिता में कोमल का पहला, संध्या का दूसरा व मुस्कान बानो का तीसरा स्थान आया। गोला फेंक प्रतियोगिता में कोमल ने पहला, रिया सिसोदिया ने दूसरा व मधु पाल ने तीसरा स्थान पाया। महाविद्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि चक्का फेंक प्रतियोगिता में मधु पाल ने प्रथम स्थान, नीतू पाल ने द्वितीय व शिवांगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में स्नेहा का पहला, नगमा बानो का दूसरा और इरम बानो का तीसरा स्थान रहा। इससे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलन हुआ। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल व संध्या ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सरस्वती वंदना के बाद अतिथियों का स्वागत व खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। आज प्रतियोगिता का समापन होगा।

पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आईं छात्राएं। अमृत विचार

पांच दिनों में पकड़े गए 601 निराश्रित मवेशी

कन्नौज। विशेष गोसंरक्षण अभियान में पांचवें दिन 123 निराश्रित गोवंशो को पकड़कर गोशाला में संरक्षित किया गया। बताया गया है कि आठ फरवरी से शुरू हुए अभियान में अब तक कुल पांच दिनों में 601 निराश्रित गोवंशो को पकड़ा गया है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर यह अभियान 22 फरवरी तक चलेगा। कैटिल कैचर टीम अपने क्षेत्रों में गोवंशों को पकड़कर गोशाला में संरक्षित कर रही है। सोमवार विकास खंड कन्नौज क्षेत्र से 34, उमर्दा में 39, छिबरामऊ में चार, सौरिख में 31, जलालाबाद में नौ और हसेरन में पांच गोवंशों को पकड़ा गया। इसी तरह नगर पालिका छिबरामऊ में एक गोवंश संरक्षित किया गया।

रूटमार्च कर दिलाया शांति व सुरक्षा का भरोसा

गुरसहायगंज। यूसीसी, ज्ञानव्यापी सहित हल्द्वानी में हुई हिंसा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। सोमवार की देर शाम कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राबिन सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली, गांधी नगर, रेलवे रोड, फर्रूखाबाद रोड, रामगंज आदि स्थानों पर रूटमार्च कर जनता को शांति व सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान उपनिरीक्षक नीलम सिंह, अमन कुमार, सुधीर चैहान, डेविड, कौशल कुमार, दीपांशु गंगवार रहे।

ग्रामीणों ने सांसद से की अतिक्रमण की शिकायत

छिबरामऊ। क्षेत्र के रामपुर निगोह गांव में कुछ लोगों द्वारा नाले पर अतिक्रमण कर लिए जाने की शिकायत सांसद सुब्रत पाठक से की गई है। सोमवार को रामपुर निगोह के लोगों ने सांसद को बताया कि गांव के कुछ लोगों ने सार्वजनिक नाली पर अतिक्रमण कर बंद कर दिया, जिससे दूषित पानी सड़क पर बह रहा है। अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। सांसद ने आश्वासन दिया कि जल्द ही दूसरे पक्ष को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

किशोरी ने की जान देने की कोशिश

सौरिख। थाना सकरावा के ग्राम परौर निवासी रोमल पुत्री रूपलाल (17) अज्ञात कारणों से घर के अंदर कमरे फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों जानकारी हुई तो तुरत फुरत उतारकर सौरिख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

तमंचा व कारतूस के साथ युवक को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विनय शर्मा ने कांस्टेबल नागेन्द्र सिंह व अमन कुमार के साथ सोमवार को संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने जीटी रोड स्थित ईंट भट्ठा के सामने मुरादगंज जाने वाले मार्ग पर छापेमारी की और नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी शैलेन्द्र सिंह को तमंचा व कारतूस के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आयुध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है।

लोकतंत्र की हत्या कर रही है भाजपा सरकार : मिठाई

जलालाबाद। ब्लाक जलालाबाद के ग्राम टिकैयापुर्वा में समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान बचाओ पीडीए सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्य अतिथि मिठाई लाल भारती ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह लोकतंत्र की हत्या कर रही है। भारती ने कहा कि पीडीए बहुजन समाज के लिए बहुत बड़ी ताकत है जो भाजपा को हटाने के लिए पर्याप्त है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का लिखा हुआ संविधान खतरे में है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। आरक्षण को खत्म किया जा रहा है। संविधान व आरक्षण को बचाने के लिए 2024 लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव का साथ दें। इस दौरान यश दोहरे उर्फ अंशुल, सपा नेता जय कुमार तिवारी बउअन, पीपी सिंह, हसीब हसन, राजेश पाल, राकेश कठेरिया, उमा शंकर बेरिया, श्याम सिंह यादव, प्रथवेंद्र दिवाकर, डीएम यादव, कमलकांत कटियार, अरविंद दोहरे, नियाज कुरैशी, कार्तिक वर्मा, नवी आलम, अशोक यादव, भोला कटियार, रजनीकांत पाल, अधिवक्ता शकील अहमद, कल्यान सिंह यादव, नाजिम खां, पवन अवस्थी, नेम सिंह यादव, अजय कश्यप, रोहित कुशवाहा, बालवीर, बीपी यादव, रिजवान खान आदि मौजूद रहे।

समस्याओं को लेकर भाकियू ने दिया धरना, ट्रैक्टर रैली

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन बलराज के पदाधिकारियों व किसानों ने समस्याओं को लेकर ट्रैक्टर रैली निकाली और तहसील परिसर में धरना दिया। तहसीलदार ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया, तब जाकर किसान माने और धरना खत्म किया। सोमवार को भाकियू बलराज के प्रदेश प्रभारी संतोष पाठक के नेतृत्व में किसानों ने सौरिख तिराहा से तहसील परिसर तक ट्रैक्टर रैली निकाली और तहसील में धरना दिया। प्रदेश प्रभारी ने बताया कि सभी कोल्ड स्टोरेज में आलू भाड़ा समान होना चाहिए। बहबलपुर में बंद सरकारी नलकूपों को दोबारा चालू करवाया जाए तथा डायट प्राचार्य के भ्रष्टाचारों की जांच हो तथा तालग्राम में सहकारी समिति के सचिव का स्थानांतरण के संबंध में धरना दिया गया था। तहसीलदार अनुभव कुमार के द्वारा मांगों को मान लेने व संबंधित से कार्य करने का पूर्ण आश्वासन दिए जाने के चलते धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया है। इस दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष जयकिशन, प्रदेश उपाध्यक्ष पिंटू यादव, प्रदेश सचिव विजेंद्र यादव, प्रदेश महामंत्री इंजीनियर सौरव यादव, जिला अध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद कुलदीप यादव, मैनपुरी से अरुण पाठक समेत कई किसान मौजूद रहे।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को आयोजित होगी प्रश्नोत्तरी

कन्नौज। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) के माध्यम से विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। इसमें प्रतिभागी विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। अब लोगों में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालयों में अनिवार्य रूप से मतदाता प्रश्नोत्तरी का आयोजन कराया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रश्नपत्र के माध्यम से कक्षा एक से पांच तक, कक्षा छह से आठ तक के बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों के बीच आज होगी। प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डीआईओएस व बीएसए अपने स्तर से विद्यालयों में प्रतियोगिता का आयोजन कराएंगे।

वसंत पंचमी को ही होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

कन्नौज। शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में ही 14 फरवरी यानि वसंत पंचमी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। कन्नौज ब्लॉक व नगर क्षेत्र समेत जलालाबाद व गुगरापुर विकास खंड के कुल 164 जोड़ों को कार्यक्रम में बुलाया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र कन्नौज के 57 जोड़े, गुगरापुर से 37 व जलालाबाद ब्लॉक इलाके के 46 जोड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र कन्नौज के 24 जोड़े मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत सात फेरे लेंगे। इसमें मुस्लिम जोड़ों का भी निकाह कराया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शादी के बाद कन्या के खाते में 35-35 हजार रुपये भेजे जाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर 10-10 हजार रुपये की सामग्री दी जाएगी। छह-छह हजार रुपये प्रति जोड़ा आयोजन का खर्च काट लिया जाता है। कुल 51 हजार रुपये एक जोड़े का बजट मिलता है। बताया गया है कि मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक होंगे। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व ब्लॉक प्रमुख कन्नौज रामू कठेरिया, जलालाबाद से प्रतिभा दोहरे व गुगरापुर से संदीप चतुर्वेदी भी आमंत्रित किए गए हैं। हालांकि मौसम विभाग ने बारिश व बौछार का अलर्ट जारी कर रखा है।

ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से दो की मौत, दो दर्जन घायल

शमसाबाद क्षेत्र में हुआ हादसा, सभी घायल व दोनों मृतक पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के रहने वाले

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शमसाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार को ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई जिसमे एक महिला भी शामिल है। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो दर्जन यात्री घायल हो गए। 12 घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों मृतक व सभी घायल पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। सभी ट्रैक्टर पर सवार होकर कानपुर नगर के मकनपुर मदार बाबा के मेले में जा रहे थे। घटना की सूचना पाकर डीएम, एसपी, एडीएम व एसडीएम सदर ने लोहिया अस्पताल पहुंच कर घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के निर्देश दिए।

घटनाक्रम के अनुसार पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर के गांव मस्जिद नगला और स्माइल नगर के रहने वाले 25 लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर कानपुर नगर स्थित मकनपुर मदार बाबा के मेले में जा रहे थे। ट्रैक्टर पर सवार साइना के अनुसार, ट्रैक्टर जब शमसाबाद थाना क्षेत्र बलीपुर, ऊलियापुर के पास पहुंचा उसी समय सामने से आ रही कार को बचाने के चक्कर मे ट्रैक्टर ट्राली बाइक को टक्कर मारते हुए पलट गई, जिससे अजीमन पत्नी शहाबुद्दीन व लटूरी पुत्र छोटे खां की मौके पर मौत हो गई। हादसे में कल्लो, शाहीन, नजमा, सरवीर, नन्हकू, सलमान, बाबू खजाना, अजीजन, वर्तिका, अर्जुन सहित 12 लोगो को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि अन्य एक दर्जन घायल लोग निजी चिकित्सको के यहां इलाज करा रहे हैं।

घटना की सूचना पाकर जिलाधिकारी वीके सिंह, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति व एसडीएम सदर गजराज सिंह ने लोहिया अस्पताल पहुंच कर घायलों से बातचीत कर उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के निर्देश सीएमएस डा. राजकुमार गुप्ता को दिए।

घटना की सूचना पाकर लोहिया अस्पताल पहुंचे स्माइल नगर के ग्राम प्रधान फारुख अली ने बताया कि ये लोग ट्रैक्टर से कानपुर नगर स्थित मकनपुर मदार बाबा के मेले में जा रहे थे। रास्ते मे दुर्घटना हो जाने से सभी लोग अपने अपने घर लौट गए हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं जिनमे 12 लोगो को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शेष लोग निजी चिकित्सकों से इलाज करा कर घर लौट गए हैं। सीएमएस डॉ. राजकुमार गुप्ता ने बताया कि सभी घायलों को आपातकाल कक्ष में रखा गया है। तीन की हालत नाजुक बनी हुई है।

घायलों के बारे में जानकारी लेते डीएम और एसपी। अमृत विचार

परिजनों से पूछताछ करते एडीएम। अमृत विचार

निर्माणाधीन पानी की टंकी से गिरकर मजदूर की मौत

फर्रुखाबाद। पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज के गांव चिलौवा निवासी जैवलाल का पुत्र अनुज (22) कायमगंज कोतवाली के गांव पितौरा में बन रही पानी टंकी पर मजदूरी कर रहा था। वह सोमवार को निर्माणाधीन पानी टंकी पर चढ़कर काम कर रहा था। उसी समय पैर फिसलने वह नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों ने आननफानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. अमरनाथ सिंह ने बताया कि 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल अनुज को लाया गया था, उसे मृत घोषित कर दिया गया है। शव मोर्च्युरी में रखवाकर पुलिस को सूचना भेज दी गई है। मृतक के परिजन अभी तक लोहिया अस्पताल नही पहुंचे हैं।

भाकियू ने किया प्रदर्शन एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। किसान यूनियन टिकैत गुट के नेताओं ने मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा की अगुवाई मे तहसील पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीएम रविन्द्र सिंह को तीन प्रार्थनापत्र दिए।

किसान यूनियन के नेताओं ने एसडीएम से 24 घंटे के अंदर समस्याओं के निस्तारण को कहा। तय समय सीमा मे निस्तारण न होने की स्थिति मे किसान यूनियन (टिकैत गुट) द्वारा 13 फरवरी को तहसील प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। किसान यूनियन टिकैट के नेताओं ने एसडीएम को बताया कि 10 एवं 11 फरवरी को ग्राम कमालुद्दीनपुर में राजस्व टीम द्वारा अधिकारियों की उपस्थिति में पैमाइश की गई थी। किसान यूनियन द्वारा राजस्व टीम पर गलत पैमाइश का आरोप लगाकर प्रार्थना पत्र दिया गया। यूनियन द्वारा एसडीएम से मांग की गई है कि 24 घंटे के अंदर उपरोक्त प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया जाए। पदाधिकारियों ने तहसील प्रांगण में 13 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। एसडीएम ने पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह तीन दिन के अंदर समस्याओं का निस्तारण हर हाल में कर देंगे। इसके लिए जांच कमेटी अपना काम करेगी। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा पदाधिकारियो से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे यूनियन के लोग उग्र हो गए। एसडीएम रविंद्र सिंह ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत किया और लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने इसकी जांच तहसीलदार कर्मवीर सिंह को सौंपी। प्रदर्शन के दौरान मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, प्रवक्ता रामबरन राजपूत ,अजय कटियार, कुलदीप अवस्थी, सोनू सोमवंशी, अवधेश सिंह रहे।

एक नजर

व्यापारियों ने गलत बिल के विरोध में दिया ज्ञापन

फर्रुखाबाद। नगर उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के निर्देश पर जीएसटी विभाग द्वारा जारी गलत नोटिसों के विरोध में सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन दिया गया। सांसद के उपलब्ध न होने के कारण उनके पुत्र अंकित राजपूत ने ज्ञापन लिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इख़लाक़ खान व नगर महामन्त्री राकेश कुमार सक्सेना व नगर युवा अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान चेयरमैन सरदार जगदीप सिंह, नगर प्रभारी ठाकुर सर्वेंद्र सिंह, नगर संरक्षक पुनीत दुबे सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

मार्ग दुर्घटनों में चार घायल हालत गंभीर

कायमगंज, फर्रुखाबाद। अलग अलग मार्ग दुर्घटना कंपिल क्षेत्र के गांव शाहआलमपुर निवासी शिवेंद्र, जोगपुर निवासी पंकज, कायमगंज के गांव कुवरपुर निवासी नवाब, झब्बूपुर गांव निवासी करन घायल हो गए। उनके परिजनों ने चारों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद पंकज को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

ऊंचाई से गिरकर एक घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। जनपद शाहजहांपुर के थाना अल्लागंज के गांव चिलावा निवासी अनुज ऊचाई से गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

दुर्घटना में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

फर्रुखाबाद। 27 जनवरी को मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गंगानगर रोहिला निवासी 75 वर्षीय कश्मीर यादव मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए थे। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने कश्मीर यादव को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से स्वजन कश्मीर यादव को लखनऊ ले गए। सोमवार को इलाज के दौरान कश्मीर यादव की मौत हो गई। भतीजे भंवर सिंह ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दारोगा अशोक कुमार ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बारातियों ने कन्या पक्ष के लोगों को जमकर पीटा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना शमसाबाद कस्बा क्षेत्र में आई बारात में गर्म रोटी न मिलने पर बारातियों ने हलवाई को रिवॉल्वर दिखा जमकर मारपीट की। दूल्हे के दोस्तो ने कन्या पक्ष के लोगो को कुर्सियां फेंक फेक कर पीटा। इसमें आधा दर्जन से अधिक जनाती घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस दो दर्जन बारातियों को थाने ले आई।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला चौहट्टा निवासी तुलाराम की बेटी सुधा की बारात 11 फरवरी को जनपद कासगंज के थाना अमांपुर क्षेत्र के गांव सिरौठी निवासी संतोष के पुत्र शिवम लेकर आये थे। बारात रात्रि करीब 12 बजे जनवासे पहुंची, जिसमें कुछ बाराती शराब के नशे में धुत थे। उन्होंने गर्मरोटी मांगी। देर हो जाने की वजह से तंदूर बुझ चुका था। इसलिये वेटर ने गर्म रोटी न होने की बात कही। इस पर दूल्हे पक्ष के लोग व दोस्त भड़क गए और गालीगलौज करते हुए हलवाई को बुलाने के लिए कहा। बाराती गाली गलौज कर मारपीट पर आमादा हो गए। देखते ही देखते बारातियों ने तांडव मचा दिया, वे जनातियों पर कुर्सियां फेंकने लगे व मारपीट करने लगे। इसमें कई लोग घायल हो गए। कन्या के भाई सुनील ने बताया कि बारातियों ने उसे व उसके पिता को गिरागिरा कर पीटा। बारातियों ने तोड़ फोड़ कर 4 लाख रुपये का नुकसान कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो दर्जन बारातियों को हिरासत में ले लिया। वहीं सुबह मोहल्ले के सैकड़ों लोग थाने पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक दोनो पक्ष थाने में थे। गांव वालों ने दूल्हे को पकड़ कर बैठा लिया। थांनाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि दोनों पक्षों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।


मौके पर पड़ी कुर्सियां। अमृत विचार

सफाई महासंघ ने किया प्रदर्शन

फर्रुखाबाद। विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ ने जुलूस निकालकर धरना-प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारियों ने संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थायी किए जाने की मांग की।

जिलाध्यक्ष विरजू वाल्मिकी के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने टाउनहाल से कांशीराम कॉलोनी मोड़ तक जुलूस निकाला। इसके बाद यहां धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए। सफाई कर्मचारियों की मांग थी कि 20 साल से संविदा पर लगे सफाई कर्मचारियों को स्थायी सफाई कर्मचारी किया जाए। वहीं आठ साल से आउटसोर्सिंग पर लगे कर्मचारियों को संविदाकर्मी का दर्जा मिले। इसके साथ ही कर्मचारी की मृत्यु पर उसके परिजन को मृतक आश्रित में नियुक्ति दी जाए। धरना-प्रदर्शन के दौरान पालिका का कोई भी कर्मचारी मौके पर ज्ञापन लेने नहीं पहुंची। करीब एक घंटे बाद जिलाध्यक्ष ने यह कहते हुए धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया कि मांगों का ज्ञापन पहले ही ईओ को दिया जा चुका है। जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर, जिला महामंत्री विमल, जिला प्रभारी शानू कुमार और जिला सचिव अरुन कुमार आदि रहे।

नरैनामऊ में बंद घर से लाखों की संपत्ति चोरी, मचा हड़कंप

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शातिर चोरों ने रविवार की रात गांव नरैनामऊ के बंद घर से लाखों का माल पार कर दिया। इससे गांव में हडकंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

क्षेत्र के गांव नरैनामऊ निवासी रंजीत उर्फ टिंकू श्रीवास्तव व उसका भाई सुरजीत परिवार समेत दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं जबकि गांव स्थित उनके मकान में ताला लगा है। रंजीत के पड़ोसी ने रविवार को सूचना दी कि उसके घर में चोरी हो गई है।

इस पर रंजीत गांव पहुंचा तो देखा नीचे हिस्से के दोनों कमरों व ऊपरी मंजिल पर बने कमरों के ताले टूटे है। सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर जेवर व नकदी चुरा ले गए है। घटना की जानकारी होते ही मौ के पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मौके पर एक शराब का पउआ भी बरामद हुआ। रंजीत ने बताया कि उसका सोने का हार, झाले, तीन अंगूठियां, मंगलसूत्र, बेंदा, बेसर के अलावा तीन हजार रुपए नकद, टीवी, बर्तन आदि सामान चोर चुरा ले गए। रंजीत ने बताया इसके अलावा छोटे भाई का भी सामान चोरी हुआ है। उसके आने के बाद ही नुकसान का सही पता चल सकेगा। रंजीत ने करीब दस लाख की चोरी का अनुमान लगाया है।

मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

पड़ोसी ग्रामीण पहुंचा, बोला-साहब पुत्र ने की चोरी

कायमगंज फर्रुखाबाद। नरैनामऊ के रंजीत के घर हुई लाखों की चोरी के मामले में उस वक्त नया मोड़ आया जब उनके गांव एक व्यक्ति उनके घर पहुंचा और पुलिस के सामने बोला, साहब, कार्रवाई मत करो जो भी सामान गया है। वह हम देंगे। उसके पुत्र ने चोरी की है। उसका कहना है इस बात का पता उसे तब लगा जब उसका पुत्र खूब खर्च कर रहा था। पूछताछ की तो पता चला कि उसने चोरी की है। इस पर पुलिस भौंचक्की रह गई। कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जहां पीड़ित व आरोपित पक्ष से वार्ता होती रही। पीड़ित गृहस्वामी का कहना है आरोपित के पिता ने ही उसे चोरी की सूचना दी थी। इंस्पेक्टर रामऔतार ने बताया गृहस्वामी पड़ोसी पर आरोप लगा रहा है। जांच में यह भी पता चला कि जहां जेबर रखा था, उस कमरे में दरवाजे ही नहीं लगे है। हर विंदुओ पर जांच की जा रही है। पूछताछ के लिए एक को हिरासत में लिया गया है।

अभय मिस्टर जेबा सुल्तान मिस फेयरवेल

कायमगंज फर्रुखाबाद। एपी पब्लिक स्कूल में सोमवार को कक्षा 12 के छात्रों का विदाई समारोह सायोनारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा मैस्प डांस, स्किट डांस के साथ-साथ कक्षा 12 के छात्रों से विभिन्न गेम खिलाए गए। कक्षा 12 के छात्रों को प्रबंधन तंत्र के सदस्य एवं प्रधानाचार्य की ओर से सम्मानित किया गया। कक्षा 12 के छात्रों ने भी अपने शिक्षकों अरुण द्विवेदी, शिवम शर्मा, दिनेश कुमार, सुधीर कुमार, विकास भारती, अमित पांडे ,सतीश पांडे, अलका सिंह, नारायण बाथम्, श्याम सुंदर शर्मा, कोऑर्डिनेटर उमा गुप्ता एवं प्रधानाचार्या डॉक्टर अंजली पांडे के साथ-साथ मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य अंशुल, अनीता, सोनम, श्वेता रस्तोगी को गिफ्ट प्रदान किए। कक्षा 12 के छात्र अभय अग्निहोत्री को मिस्टर फेयरवेल एवं छात्रा जेबा सुल्तान को मिस फेयरवेल चुना गया। संचालन मे रिया, अंशिका, वंशिका, रिचा, कृतिका, आदित्य वर्मा, विनायक, प्रद्युम्न, अंश, मयंक, इफ्फत खान, संदीप कश्यप, विवेक दीक्षित का योगदान रहा।

मेला राम नगरिया में पंडाल में लगी आग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में प्रशासनिक पंडाल में सोमवार को आग लग गई जिससे बड़ा हादसा होते होते टल गया। आग से अंदर का पंडाल, बेड तथा अन्य सामान जल कर राख हो गया। दमकल कर्मियों की सक्रियता से आग पर काबू पा लिया गया। मेला रामनगरिया में जिलाधिकारी, एसपी तथा न्यायिक अधिकारियों को बैठने के लिए और आराम करने के लिए प्रशासनिक पंडाल बनाया गया है। इस प्रशासनिक पंडाल में शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे पंडाल के अंदर का फर्नीचर, बेड तथा अंदर की तिरपाल जलकर राख हो गई। पंडाल में आग लगने की सूचना मेला प्रबंधक संदीप दीक्षित ने मेला प्रभारी सत्य प्रकाश को दी। कोतवाल सत्य प्रकाश आननफानन फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया जिससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया। मेला प्रबन्धक संदीप दीक्षित ने बताया कि जिस समय आग लगी उस समय पंडाल में कोई अधिकारी मौजूद नहीं था।

आग बुझाता दमकल कर्मी। अमृत विचार

वेलेंटाइन डे पर कोई जोड़ा मिला तो होगी शादी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- हिंदू महासभा ने दी चेतावनी, कहा-न फैलाएं अश्लीलता

अमृत विचार। वेलेंटाइन डे से पूर्व सोमवार को हिंदू महासभा ने चेतावनी जारी कर दी है। इसमें कहा गया कि जिले में होटल रेस्टोरेंट 14 फरवरी को अपने यहां अश्लीलता परोसने से बचें।

हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा नें बताया कि संगठन वैलेंटाइन-डे का शुरू से ही विरोध करता आ रहा है। हम अपने नौजवानों को स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि वैलेंटाइन-डे से बचें। किसी भी होटल या रेस्टोरेंट में किसी भी तरह की अश्लीलता न परोसी जाए। हमने होटल-रेस्टोरेंट मालिकों को कहा कि वे अपने यहां ऐसे किसी भी असामाजिक तत्वों को न बैठाएं जो होटल पर अश्लीलता फैलाते हों, नाबालिग बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करता हो। चेतावनी देते हुए कहा कहा कि उनकी टीम शहर में भ्रमण पर रहेगी। यदि कोई प्रेमी जोड़ा किसी होटल, मंदिर, गंगाघाट, राम नगरिया या किसी भी सार्वजिक स्थान पर संगठन की पकड़ में आ गया तो उनकी मौके पर ही किसी मंदिर में शादी कराई जाएगी।

सार-संक्षेप

तहसील में किसानों की हुंकार, उठाईं समस्याएं

कायमगंज फर्रुखाबाद। तहसील में किसानों ने सोमवार को प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और उन्हें क्षेत्र की समस्याएं बताईं। किसानों ने समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग की। भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारी तहसील पहुंचे जहां मंडल प्रभारी ज्ञान चंद्र कश्यप ने कहा कि पूर्व में ब्लाक कर्मचारियों द्वारा आवासों की जांच कराने को कहा गया था लेकिन अभी तक कर्मचारी मौके पर जांच करने ही नहीं पहुंचे। किसान नेताओं ने कहा कि कंपिल क्षेत्र के मजदूरों से शमसाबाद ब्लॉक क्षेत्र में कार्य कराया जा रहा है लेकिन भुगतान पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे मजदूर परेशान हैं। जिले के ब्लाकों में काफी समय से कर्मचारी एक ही स्थान पर तैनात है जो गरीब मजदूरों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सीएचसी में जन्म प्रमाणपत्र के नाम पर दो सौ व प्रसव पर एक हजार रुपए तक की वसूली की जाती है। महिला वार्ड की तरफ गंदगी रहती है। वहां बेहद मच्छर पनप रहे हैं। किसान नेताओं ने कहा कि न्यायमतपुर भुकुसी निवासी रामभजन का खेत कुछ दबंग घेरे हुए है। शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस दौरान किसान नेताओं ने एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान जिला संगठन मंत्री रमेश चंद दुबे, भैया लाल कश्यप, राजकुमार, राजीव कुमार, प्रमोद वर्मा, फूलन देवी ज्योति, संजय कुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

युवक ने जहरीला पदार्थ निगलकर दी जान

उन्नाव। हसनगंज कोतवाली अंतर्गत एक युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ी तो परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के आत्महत्या करने के पीछे भाई से हुए विवाद को कारण माना जा रहा है। लेकिन परिजन इससे इंकार कर रहे हैं। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के इस्माइलाबाद गांव निवासी संदीप रावत (22) पुत्र भैयालाल लखनऊ में मजदूरी करता था। बताते हैं कि सोमवार सुबह किसी बात को लेकर बड़े भाई से उसकी कहासुनी हो गई थी। इसके बाद भाई पत्नी के साथ गांव की गौशाला में मजदूरी करने चला गया। इसके बाद संदीप ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। थोड़ी देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह अचेत गया। मुंह से झाग निकलते देख परिजन उसे हसनगंज सीएचसी लाए। डाक्टर ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। साथ में पिता, भाई प्रकाश, प्रदीप व सोनू रहते हैं। उसकी मां राज दुलारी की करीब डेढ़ महीने पहले बीमारी से मौत हो गई थी। हालांकि पिता ने भाई से विवाद की बात से इंकार किया है। एसएचओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

महिला की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत

उन्नाव। दहेज के लिए पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर पिता के साथ मायके आई विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पोस्टमार्टम में मौत के कारण की पुष्टि नहीं हुई। इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। हसनगंज कोतवाली अंतर्गत तेगापुर गांव निवासी चंद्ररावत ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी रूबी (20) की शादी पांच मई-2023 को हसनगंज कोतवाली क्षेत्र कि जिंदासपुर गांव निवासी मुनेश्वर रावत के बेटे अमित से की थी। बताया कि ससुरालीजन शादी के बाद से बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। दो महीने पहले अमित बेटी को लेकर हरियाणा चला गया था। वहां भी वह उसे प्रताड़ित करता रहा। आएदिन मारपीट से उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर वह बेटी को मायके लोकर इलाज करा रहा था। रविवार सुबह हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वहां ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

वार्षिक समारोह | सदर, अमृतपुर, कायमगंज, भोजपुर विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

सपा व बसपा समर्थक समेत सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जनपद की चारों विधानसभाओं में सोमवार को विधानसभा मिलन कार्यक्रम के तहत सपा व बसपा समर्थकों समेत सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

आवास-विकास स्थित कार्यालय में आयोजित सदर विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने अन्य दलों से आए हुए लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की स्पष्ट नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से सभी प्रभावित हैं, इसीलिए अन्य राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक आदित्य मिश्रा ने बताया कि सदर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 150 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर भूदेव सिंह राजपूत, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला मंत्री अभिषेक बाथम, जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी व विकास पांडेय आदि मौजूद रहे। अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम नवाबगंज के सियाराम गेस्ट हाउस में हुआ। सांसद मुकेश राजपूत ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व पूर्व सपा नेता राजीव चतुर्वेदी सहित 70 लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। सांसद ने कहा कि लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक मतों के साथ तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, विजय गुप्ता, जिला मंत्री अतुल दीक्षित व छत्रपाल सिंह आदि रहे।

कायमगंज विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम कायमगंज के अग्रवाल धर्मशाला में हुआ। बसपा समर्थक पूर्व कंपिल चेयरमैन उमाशंकर शुक्ल सहित डेढ़ सौ लोगों को लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कसीदे गढ़े। इस अवसर पर पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख पति अरुण दुबे, जिला मंत्री अमरदीप दीक्षित, कायमगंज मंडल अध्यक्ष चेतन तिवारी व अजयवीर सिंह आदि रहे।

विधानसभा भोजपुर का कार्यक्रम जहानगंज स्थित स्वामी रामाधार कोल्ड स्टोरेज में आयोजित हुआ, जिसमें 100 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कटियार, ठाकुर, वीरेंद्र सिंह राठौड़, जिला मंत्री गोपाल राठौर व कार्यक्रम संयोजक राम प्रकाश राठौर आदि मौजूद रहे।

आवास विकास कार्यालय पर मौजूद भाजपा नेता। अमृत विचार

परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) परीक्षा को लेकर जनपद में 35 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 17,640 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में गोपनीय ढंग से केंद्र व्यवस्थापकों व कक्ष निरीक्षकों की तैनाती के लिए कार्य किया जा रहा था। 17 व 18 फरवरी को प्रस्तावित पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी के अनुमोदन पर जनपद में 35 केंद्रों पर मोहर लग गई है। वैसे तो परीक्षा की कड़ी निगरानी व अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन के जिम्मे है, लेकिन केंद्र व्यवस्थापकों व कक्ष निरीक्षकों की तैनाती जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से होनी है।

अङ्गणवेदी वसुधा कुल्या जलधिः स्थली च पातालम् ।
वल्मीकश्च सुमेरुः कृतप्रतिज्ञस्य वीरस्य ।

दृढ़ संकल्पित योद्धा के लिए संपूर्ण वसुधा कुटुंब रूपी आंगन के समान है। सागर नदी के समान है। सुमेरू जैसा पर्वत भी चीटियों का धाम ही है।

संपादकीय

कूटनीतिक सफलता

कतर में मौत की सजा पाने वाले भारतीय नौसेना के आठ पूर्व जवानों की सकुशल घर वापसी को मुमकिन बनाने के कतर के अमीर के फैसले की सराहना की जानी चाहिए। ध्यान रहे कतर की एक अदालत ने 26 अक्टूबर, 2023 को भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई थी। साल 2022 में कतर की एक कंपनी में काम करने वाले इन अधिकारियों पर जासूसी का आरोप लगाकर वहां की सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। ये सभी पूर्व अधिकारी वहां की 'अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज' नाम की कंपनी के लिए काम कर रहे थे। सवाल उठा कि क्या सरकार इन्हें बचा पाएगी, वो क्या रास्ता निकालेगी और उन्हें लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर क्या कदम उठाएंगे? इन पर जासूसी के आरोप लगे थे। इनकी वापसी नामुमकिन सी थी, लेकिन भारत सरकार की कूटनीति और रणनीति काम आई। इन्हें रिहा कराने के लिए भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर मजबूत रणनीति बनाई। दरअसल भारत और कतर के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। कतर में आठ लाख से भी ज्यादा भारतीय रहते और काम करते हैं। भारत अपनी 40 फीसदी तरल प्राकृतिक गैस या एलएनजी कतर से हासिल करता है। पैट्रोनैट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। ऐसे में भारत ने शुरू से ही इस मामले को लेकर कतर से बातचीत जारी रखी। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल दिसंबर में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्द अल-थानी से दुबई में हुए सीओपी 28 सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी।

इस बैठक में पीएम मोदी ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई के मसले पर बात की। जानकारों के मुताबिक कतर एक ऐसा देश रहा है जो हमेशा मध्यस्थता करके दो देशों के विवादों को सुलझाने में मदद के लिए जाना गया है। इजराइल और हमास के बीच भी कतर ने मध्यस्थता की। इस पूरे घटनाक्रम के बीच 2014 की संधि को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता, जिसमें तय किया गया था कि अगर किसी कारण से दोनों देशों के नागरिकों को सजा मिलती है तो वो अपने देश में सजा काट सकते हैं। चर्चा इस बात की थी कि भारत सरकार ने इस मामले को कूटनीतिक नजरिए से उठाते हुए अमेरिका और तुर्किए से भी बातचीत की थी। वैश्विक स्तर पर भारत की इस ऐतिहासिक कूटनीतिक सफलता के पीछे दुनिया में भारत का बढ़ता कद भी रहा। भारत ने जिस तरह मामले को उठाया, उसके आगे कतर को कैदियों को राहत देनी पड़ी।

आईसीएआर की पृष्ठभूमि में स्वामीनाथन की भविष्य दृष्टि

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया।

98 वर्ष की उम्र में प्रो.मन्कोम्बू संबाशिवम स्वामीनाथन जिन्हें हम एमएस स्वामीनाथन कहते हैं का देहांत 28 सितंबर 2023 को हुआ। चार महीने बाद 9 फरवरी 2024 को प्रो.स्वामीनाथन को मृत्योपरांत भारत रत्न देने की घोषणा भारत सरकार ने की तब इनके बारे समाचार माध्यमों में चर्चा पुनः शुरू हुई। स्वामीनाथन भारत में कृषि क्षेत्र में पोस्ट-कॉलोनियल रिसर्च इम्प्लीमेंटेशन के जरिए 'हरित क्रांति का पितामह' कहे जाने के कारण लोकस्मृति का स्थायी हिस्सा बन चुके हैं। भारतीय कृषि को कम उत्पादन, मानसून पर ही निर्भरता संबंधी कठिनाई, कृषि भूमि की गिरती हुई उर्वरता, छोटी और अनुत्पादक जोत, फसलों की सिंचाई के लिए पानी और तकनीकि संसाधनों की कमी, कीट-पतंगों के प्रबंधन और इनकी भूमिका के बारे में निम्न स्तर की समझ, कृषि शिक्षा और वैज्ञानिक शोध के स्तर का स्थिर हो जाना, नए बीजों के रचनाक्रम और इनके अभाव, पुराने एवं पारंपरिक बीजों (फार्मर्स वेरायटीज) का संरक्षण किये जाने और इनके जैव-द्रव (जर्मप्लाज्म) को सुरक्षित करने की व्यवस्था के अभाव, कृषि शोध कार्य की कमी की वजह से प्रकाशन की मात्रा का कम होने और किसान कल्याण के लिए प्रबंधकीय, वित्तीय और प्रशासकीय व्यवस्था के भीतर उपेक्षाभाव दूर करने संबंधी निर्णयों के अभाव जैसे संकटों से निकालने के लिए जो नेतृत्व प्रदान किया इस वजह से उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। साफ़ तौर से कहें तो इनके नेतृत्व में और राजनैतिक और वित्तीय संसाधनों की आश्वत मदद और इंटर-मिनिस्टीरियल सपोर्ट, जैसे कि मिनिस्ट्रीज़ ऑफ़ फाइनेंस, ट्रांसपोर्ट एंड रेलवेज़, बिजली और सिंचाई, इंडस्ट्रीज, केमिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स, फर्टिलायिज़र्स एंड फार्मास्यूटिकल्स, हेल्थ और एग्रीकल्चर फारेस्ट एंड एनिमल हसबेंडरी के अनेक सहायक इंस्टिट्युट्स और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नीचे सन 1965 के बाद विशिष्ट सेवा के लिए स्थापित किए गए अनुसंधान संस्थानों के बिना 'हरित-क्रांति' संभव ही न थी। यह तो नहीं कह सकते कि देश में सन 1967 से 1978 के बीच चालू रहे 'ग्रीन रेवलुशन' अर्थात हरित क्रांति का प्रारंभ और सफल आयोजन प्रो.स्वामीनाथन के बिना संभव ही न था लेकिन राजनैतिक इच्छाशक्ति

आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था।

और विज्ञान के अद्भुत मेल को लेकर अगर इसे एक ऐतिहासिक दृष्टि से गहरे और समीक्षात्मक नज़रिए से परखा जाए तो किसी को तो भारत से भूख का निर्वासन करने के लिए नेतृत्व देना ही था। संयोगवश इस नेतृत्व के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राष्ट्रव्यापी काम के लिए प्रो. स्वामीनाथन को पहचाना और इन्हें इसका जिम्मा सौंपा ताकि देश को अनाज उत्पादन में आत्म निर्भर बनाया जा सके। इंदिरा जी की उम्मीदों को पूरा करने के लिए वे एक तेज़ जज्बे और उत्साह से जुटे और खरे उतरकर अगले दस साल में यह काम कर दिखाया। उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की समस्त वैज्ञानिक तकनीकी प्रतिभाओं की बौद्धिक क्षमता का समर्थन प्राप्त हुआ था। प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन और इसकी मॉनिटरिंग के मामले में प्रो. स्वामीनाथन की ही अग्रणी भूमिका रही। इसके अलावा देश के लोगों के न्यूट्रीशनल स्टेटस को सही स्तर पर रखने के लिए जिस प्रकार के अनाज उगाना जरूरी समझा गया उन्हीं 'हाई ईल्डिंग हाइब्रिड सीड्स' को विकास करके उच्च पोषक मान वाली किस्मों की खेती को लोकप्रिय बनाया गया। हरित क्रांति के दौरान अधिकतर जोर पंजाब-हरयाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य और दक्षिण भारत के सिंचित कृषि क्षेत्रों पर रहा। फसल उत्पाद के सुरक्षित भंडारण और वितरण का काम कैसे छोड़ा जा सकता था। इसकी जिम्मेवारी सन 1965 में स्थापित फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया और पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को क्रमशः दी गई थी। कुल मिलाकर हरित क्रांति का प्रभाव आशातीत रहा क्योंकि पंच-वर्षीय योजनाओं के दौरान पूंजी के भारी निवेश और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के अलावा देश के किसानों के अपेक्षित सहयोग से भारत की स्थिति एक अकाल पीड़ित, कुपोषित और क्षुधाग्रस्त लोगों की भीड़ से ऊपर उठकर सन 1990 तक एक अन्न निर्यातक देश के रूप में प्रतिष्ठित हुई। सन 1947 में 50 मिलियन टन से भी कम अनाज का उत्पादन करने वाला देश सन 2021 तक सालाना 290 मिलयन टन विभिन्न प्रकार के अनाज का उत्पादन करने में सक्षम हो चुका था। हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया। इसके आधार पर कंसोलिडेशन का काम तीव्र गति से हुआ। हरितक्रांति के लिए यह सब तैयारी जरूरी थी।

प्रो.स्वामीनाथन को कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्य में नेतृत्व प्रदान करने के लिए जो इज्ज़त भारत और विदेश में हासिल हुई उसके पीछे की कहानी कॉलोलियल भारत में अंग्रेजों द्वारा खेतीबाड़ी और सिंचाई के मामले में सन 1830 के बाद से दी गई तवज्जो से शुरू होती है। सन 1927 में 'रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर' ने भारत में बैठकें की। इसकी सिफारिश पर सन1929 में 'इम्पीरियल कौंसिल ऑफ़ एग्रीकल्चरल रिसर्च' की स्थापना बिहार के पूसा में की गई थी। बिहार में आये भीषण भूकंप से हुई तबाही के बाद इसे दिल्ली रिज़ के पश्चिमी ओर टोडापुर गांव की जमीन पर स्थापित किया गया। देश में कृषि अनुसंधान का काम धीरे-धीरे विशाल आकार लेता रहा और जैसे-जैसे अनुसंधान की जरूरतें बढ़ी और हरित क्रांति जैसी प्राथमिकताएं बनीं, कृषि अनुसंधान के लिए नए संस्थान बनाए जाने की जरूरत महसूस की गई। आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था। यही किस्में दुनिया के गेहूं उत्पादक देशों में अब सर्वाधिक बोई जाती हैं और इनसे प्राप्त अनाज ही प्राथमिकता से खाया जाता है। मुद्दा यह बताना है कि ग्रीन रेवलुशन से बहुत पहले ही भारत में कृषि और पशुओं के बारे आधुनिक तरीके से अधिक उपज देने वाली और रोगरहित फसलों के अनुसंधान और विकास का रास्ता प्रशस्त हो चुका था। हरित क्रांति का आगाज़ एक ऐसे कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया जिसके लिए एक नई दृष्टि और तकनीकों का अपनाया जाना अर्थात अपग्रेड या उन्नत करना अपरिहार्य हुआ। मध्य 18 वीं सदी से लेकर सन 1943 तक देश में दसियों बार-अधिकतर अनावृष्टि के कारण, भीषण दुर्भिक्ष पड़े जिसके असर से करोड़ों मनुष्य और पशु कालकलवित हुए थे। परंपरा से प्रचलित कृषि ज्ञान और प्रौद्योगिकी से देश में बढ़ती हुई आबादी के लिए पर्याप्त मात्रा में अन्न सुलभ करा पाना मुश्किल हो गया था।

इस कारण से अमरीका के पब्लिक लॉ-480 के अंतर्गत, आस्ट्रेलिया और रूस से देश में गेहूं का बड़ी मात्रा में आयात किए जाने से सम्मान को जो ठेस पहुंच रही थी उसे हरित क्रांति के द्वारा दूर कर दिया गया। देश में फ़ूड सिक्यूरिटी और जनसंख्या में पोषण को उचित स्तर को बनाए रखने के लिए न केवल गेहूं बल्कि धान, दालों और तिलहनों की खेती और हॉर्टिकल्चर को नई सोच से विकसित किया गया। इसमें भी प्रो.स्वामीनाथन और हज़ारों अन्य वैज्ञानिकों की दूर-दृष्टि ने काम किया। अब सवाल यह कि प्रो.स्वामीनाथन और हरित क्रांति के बाद आईसीएआर के अंतर्गत काम करने वाले संस्थान आईएआरआई की शोध दृष्टि अब किस ओर गई है और अगले 30-50 साल के लिए किस सोच से काम करने को यह उद्धत है? जाहिर है इस बारे में आईसीएआर का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार है जिसमें फोकस रहेगा फसलों को जहर मुक्त रखना, क्लाइमेट चेंज के अनुसार फसलों को ढालने की टेक्नोलॉजी विकसित करना। हरित क्रांति के जो दुष्प्रभाव बाद में पैदा हुए उनसे बचाव करते हुए देश के किसानों को सजग रखना और उत्पादन एक स्तर से नीचे न चला जाए इस प्रकार से कुदरती खेती के उपाय भी करना। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में महत्त्व का ऐतिहासिक दस्तावेज़ है डॉ.महेंद्र सिंह रंधावा द्वारा चार खंडों में लिखी गई 'हिस्ट्री ऑफ़ इंडियन एग्रीकल्चर'।

व्यंग्य

गाय मार कर जूता दान

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है।

अभी पांच महानुभावों को देश का सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को देने तथा पाने वालों से क्षमा मांगते हुए निवेदन कर रहा हूं। लालकृष्ण आडवाणी देश के भूतपूर्व गृहमंत्री होने के साथ जनसंघ तथा भाजपा के शीर्ष पुरुष रहे एवं रामजन्म भूमि मुक्ति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया है। भाजपा सरकार ने उन्हें यह सम्मान देकर उत्कृष्ट कार्य किया है। लेकिन आडवाणी को अधिक आयु का हवाला देकर जिस तरह से उन्हें सक्रिय राजनीति से दूर किया गया तथा अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास व प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से अलग किया गया, उसकी शायद ही कोई प्रशंसा करेगा। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम जन्मभूमि न्यास के सचिव चंपत राय ने उनके न आने के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया था, शायद ही कोई आडवाणी जी जैसों के लिए वैसी भाषा का प्रयोग करना चाहेगा। बेहतर होता, आडवाणी विनय पूर्वक इस सम्मान को अस्वीकार कर देते क्योंकि इसके मिलने या न मिलने से उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है। संसद में वित्तमंत्री जी ने श्वेतपत्र जारी कर पिछली कांग्रेस सरकारों को जिस तरह धोया है, उससे यह सम्मान मेल नहीं खाता। इसी तरह श्वेत पत्र में 10 वर्ष तक लगातार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह को भी निशाना बनाया गया जबकि राज्यसभा के कार्यकाल की समाप्ति पर उनकी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुक्तकंठ से किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह भी अब भारत रत्न हो गए हैं। किसानों के नेता कभी दलबदल के मसीहा हुआ करते थे तथा वह ऐसे एकमात्र प्रधानमंत्री रहे हैं जिन्होंने एक दिन भी सदन को नहीं झेला। आसन्न चुनावी वैतरणी पार करने में संभवतः वह पतवार का कार्य करेंगे। कर्पूरी ठाकुर भी भारत रत्न हो गए, मरणोपरांत ही सही। सामाजिक न्याय के पुरोधा को यह पुरस्कार पहले ही मिलना चाहिए था लेकिन आगामी चुनाव में पिछड़ों को साधने हेतु विलंब से ही सही,यह कार्य कर दिया गया। डा. स्वामीनाथन को भी यह सम्मान परणोपरांत ही दिया गया।

विरोध प्रदर्शन के समय व्यक्ति की भर्त्सना करना तथा आवश्यकता पड़ने पर उसी की प्रशंसा करना या सम्मानित करना राजनीति का एक दांव है और यह साम, दाम, दंड, भेद नीति का एक हिस्सा है, इसे इसी रूप में देखा जाना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर बाला साहब ठाकरे, नीतीश कुमार, शरद पवार, लालू यादव आदि को भी ऐसे सम्मानित किया जाए तो आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए।

कभी विचार आता है कि योग्य व्यक्तियों को उनके जीवन काल में उचित सम्मान क्यों नही मिलता, उनके दिवंगत होने की प्रतीक्षा क्यों की जाती है? देश में हरित क्रांति के पुरोधा डाक्टर स्वामीनाथन को पुरस्कृत करने में सभी सरकारों ने इतना विलंब क्यों किया? शायद उनके पास किसी जाति, धर्म का वोट बैंक नहीं था। देश में ऐसे बहुत से सपूत रहे हैं जो अशोभनीय, असम्मानित और अगाथा चले गए या अंतिम गति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मृत्योपरांत पुरस्कृत करना सेना एवं सुरक्षाकर्मी के लिए तो उचित है लेकिन जीवित व्यक्तियों को उनके जीवनकाल में उपेक्षित करना उनका अनादर है। यदि सरकार साहस कर ऐसे व्यक्तियों को उचित सम्मान दे सके तो राष्ट्र और समाज हित में होगा।

विवेकवाद बनाम मज़हबों का अयुक्तिवाद



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला।

सभी मज़हबों और संप्रदायों में अयुक्तिवाद का तत्व अपरिहार्य रूप से मौजूद है। यूरोप के लोगों ने बहुत क़ीमत चुकाकर, कई विद्वानों और जिओर्दनो ब्रूनो जैसे वैज्ञानिकों को चौराहों पर ज़िंदा जलाकर, पोप और बिशप की निरंकुश, अमानवीय मनमानी बर्दाश्त कर, व्यर्थ के क्रूसेड चलाकर, एक हज़ार साल के मध्ययुगीन अंधकार में डूबे रहने के बाद, इस चीज़ को समझा और पुनर्जागरण, धर्म सुधार तथा ज्ञानोदय की आग में तपकर औद्योगिक क्रांति की यात्रा की जिसने दुनिया बदल दी।

हर मज़हब मूलतः सत्ता-संगठन है। मनुष्य के जीवन में गुणात्मक उत्थान लाने से अधिक उन्हें अपने अनुयायियों की संख्या बढ़ाने में संलग्न देखा जाता है। मनुष्य का चरित्र और स्वभाव कैसा भी हो, उसे अपने मज़हब में दीक्षित करने को मज़हबी कर्तव्य माना जाता है। माना जाता है कि पूरी दुनिया को संबंधित मज़हब में दीक्षित करने में सफल होने तक यह कर्तव्य प्रासंगिक बना रहेगा। यह इस प्रमेय पर आधारित है कि संबंधित मज़हब में दीक्षित होते ही मनुष्य स्वभाव व चरित्र से कैसा भी हो, उसका उद्धार हो जाएगा। जीवन का सीधा और सही मार्ग एक ही है, जैसे दो बिंदुओं को जोड़ने वाली सीधी रेखा एक ही हो सकती है। संबधित मज़हब को ही वे एकमात्र सीधी रेखा और इसलिए एकमात्र सही मज़हब मानते हैं। तर्कणा बात सही होती अगर मज़हब मनुष्य के स्वभाव और चरित्र को बदलकर उसे बेहतर मनुष्य बना देता। किंतु व्यवहार में ऐसा होता दिखाई नहीं पड़ता। मज़हब कोई भी हो, उसके अनुयायी एक से चरित्र और स्वभाव के नहीं पाए जाते। हर मज़हब में अच्छे-बुरे, ईमानदार-बेईमान, भांति-भांति के इंसान दिखाई पड़ते हैं। यहां तक कि कोई भी दो अनुयायी स्वभाव और चरित्र में हूबहू एक-से नहीं होते। यह तथ्यात्मक सच्चाई है जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। अस्तु, सीधी रेखा सिर्फ़ इंसानियत की हो सकती है, किसी मज़हब की नहीं।

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला। आज ईसाई मज़हब के सिद्धांत केवल उन पुजारियों और धर्म-प्रचारकों तक सीमित हैं जो पिछड़े देशों में मज़हब के प्रचार-कार्य में लगे हैं। उनका वित्त-पोषण करने वाली संस्थाएं भी वस्तुतः सत्ता-विस्तार के ही काम में लगी हैं। भौतिक सत्ता से ही विश्व-शक्ति बने अमेरिका ने तो इस चीज़ को सबसे स्पष्ट तरीक़े से समझ लिया है। रिपब्लिकन पार्टी अपेक्षाकृत अनुदार है तो उसमें कभी-कभी ईसाइयत के प्रति राजनीतिक क़िस्म का आग्रह झलक उठता है। बस राजनीतिक क़िस्म का। जैसे हमारे यहां वर्तमान में 'हिंदुत्व' के प्रति 'राजनीतिक क़िस्म' का आग्रह सफलता का रामबाण बना हुआ है। जो अपने को घोषित तौर पर विवेकवादी मानते हैं, कभी-कभी कट्टरता की मात्रा या तीव्रता के आधार पर मज़हबों की परस्पर तुलना करने लगते हैं। एक मज़हब के अयुक्तिवाद को दूसरे मज़हब के अयुक्तिवाद से ज़्यादा खतरनाक बताने लगते हैं। अयुक्तिवाद की ऐतिहासिक व्याख्या करने, किसी को सही तो किसी को ग़लत बताने लगते हैं। अरे भाई, जब आधार ही अयुक्तिवाद है तो सारा खेल अविवेक और सत्ता का हो जाता है। सत्ता के स्रोत क्या हैं? शक्ति-आक्रामक और सुरक्षात्मक-संपत्ति और संख्या। जिसके पास तीनों का समंजित योग ज़्यादा होगा उसका अयुक्तिवाद जीत जाएगा। सच और झूठ की लड़ाई में सच के जीतने की संभावना कितनी भी क्षीण हो, रहती तो है। किंतु दो झूठ की लड़ाई में ज़्यादा शक्तिशाली झूठ जीत जाएगा। और ज़्यादा शक्तिशाली झूठ प्रायः वही होता है जो ज़्यादा बड़ा झूठ होता है। बिल्कुल सीधी बात है। तो विवेकवाद के आधार पर किसी मज़हब को सही या ग़लत ठहराने का क्या तुक?

जो जैसा है, वैसा है। विवेकवाद भी कहीं न कहीं लड़खड़ा ही जाता है। उसमें भी तो बहुत कुछ अस्तित्ववाद संबंधी मानकर चलना पड़ता है। विवेकवादी को सदा यह कहने को तत्पर रहना पड़ता है-इसके बारे में फ़िलहाल मैं कुछ नहीं जानता क्योंकि सर्वगम्य रूप से, निश्चित तौर पर अभी कुछ भी ज्ञात नहीं है। जब सर्वगम्य और सुनिश्चित रूप से ज्ञात हो जाएगा, बता दूंगा। जो अभी इस तरह ज्ञात नहीं है, वह आगे ज्ञात हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता। लेकिन अज्ञात के साथ भी ठाट से जिया जा सकता है। तो विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है, या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक। अस्तु, विवेकवादी नास्तिक के बजाय तत्वतः अज्ञेयवादी होने के लिए नियतिबद्ध है।

सोशल फोरम

कहानी त्रेतायुग से जुड़ी है

उन दिनों चोरी के लिए मृत्युदंड का विधान था। हमारे गांव में तो आज भी ताला लगाने का रिवाज कम ही है। फैले खेतों से आलू मूली या फल चुराने की कुछ घटनाएं होती हैंलेकिन घर फिलहाल डौणूं में सुरक्षित ही मिलते हैं। राजा सुरथ के राजमहल में ब्राह्म मूहुर्त में चोरों ने करामात दिखा दी लेकिन जाग हो जाने से पहरेदारों ने चोरों का पीछा शुरू कर दिया। झिटपुट अंधेरे में तो चोर भागते रहे लेकिन ज्यों ही प्रकाश का प्रभाव हुआ वे महामुनि मांडव्य के आश्रम में छुप गए।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

माण्डव्य उस समय अष्टांग योग की आठवीं स्थिति अर्थात समाधि लगाए बैठे थे। पहरे दारों ने चोरों को खोज निकाला और यह समझ कर कि मुनि इन चोरों का मुखिया है समाधिस्थ ही उठा ले गए। चोरों को एक-एक करके शूली पर चढ़ा दिया गया। माण्डव्य की समाधि (बंध) यथावत ही रहा और शूली उनके अपामार्ग में किंचित मात्र घुस तो गई लेकिन शरीर छेदन नहीं कर पाई। दंडाधिकारियों को समझ में नहीं आया तो राजा को बुलाया और राजा समझ गए कि अनर्थ हो गया आनन-फानन में त्रृषि के शरीर को शूली से उतारने का उपक्रम किया गया लेकिन शूली की नोंक नहीं निकल सकी और उसे काट दिया गया। समाधि अवस्था समाप्त होने के बाद जब मुनि जागे तो राजा ने पैर पकड़कर क्षमा मांगी और पूरा प्रसंग बताया। त्रृषि ने कहा राजन दोष तुम्हारा नहीं है इसलिए क्षमा करता हूं लेकिन धर्मराज से पूछूंगा कि यह नोंक घुसी रहने का दंड क्यों? प्राण त्याग कर जब धर्म राज के पास पहुंचे तो वहीं प्रश्न। धर्मराज ने कहा कि बाल्यकाल में आप छोटे पतंगों के शरीर में कांटा चुभाकर छोड़ दिया करते थे इसलिए यह दंड देना पड़ा।'बाल्यकाल में पाप पुण्य की जानकारी न होने पर किए गए कार्य का इतना कठोर दंड देकर आपने क्षुद्रबुद्धि का कार्य किया है, इसलिए आप शूद्र बनकर मृत्यु लोक में स्थान प्राप्त करोगे'। आगे की कहानी लंबी है। द्वापर युग में धर्मराज को जन्म लेना पड़ा। इस कलियुग में जो आईएएस अधिकारी समाधि लगाए बैठे रहते हैं उनको ध्यान रखना चाहिए कि उनके आश्रम में चोरों का शरणस्थल तो नहीं बन गया है ताकि दंड का भागी न होना पड़े।

-फेसबुक वॉल से

लखनऊ की सुधि कब

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा , जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है।

इन दिनों प्रकट कारणों वश मुग़ल काल में बनाई गई कतिपय मस्जिदों को हटाकर वहां स्थित हिंदू पवित्र स्थलों को मुक्त कराने का अभियान चल रहा है। इस क्रम में अयोध्या खूब खबरों में रहा और अभी रक्खा जायगा, जहां बाबरी मस्जिद ध्वंस तो बहुत पहले ही हो चुका था, किंतु मंदिर बनाने का मार्ग सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कुछ वर्ष पूर्व ही प्रशस्त किया गया। अब मंदिर निर्माणाधीन है, किंतु गर्भ गृह में मूर्ति स्थापन और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की संपन्नता हो चुकी है। आगे के भाजपाई एजेंडे में मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि और काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर से सटे इस्लामिक स्थापत्यों का हटाया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाभारत काल में पांडवों ने कौरवों से पांच गांव ही मांगे थे,किंतु कौरव 'सुई की नोक बराबर'भी भूमि उन्हें देने को तैयार नहीं हुए, तब महाभारत हुआ था। उनकी (भाजपा की) तो मांग केवल तीन स्थलों की ही थी, जिनमें एक वाया अदालत मिल पाया, अब दो बाकी हैं। यदि ये न मिले तो महाभारत होगा। अर्थात् अब केवल मथुरा और काशी बाकी है।

इस प्रसंग में मुझे यह कहना है कि मांग इतनी सीमित क्यों है? फिलहाल मैं लखनऊ को इसमें शामिल करने पर जोर दे रहा हूं, जहां राम के अनुज और सदा साथ रहे लक्ष्मण जी के महल के ध्वंसावशेषों पर औरंगज़ेब ने मस्जिद बनवाई। वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा , जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है। कहा जाता है कि एक मंदिर वर्तमान मस्जिद के अंदर भी था, जिसे तोड़ा गया था। निकट ही सूर्यकुंड है, जो इस बात का पुष्ट प्रमाण है कि यह स्थान सूर्यवंशी राजावों की पीठिका रहा है। मालूम हो की श्रीराम सूर्यवंशी ही थे। इस टीले का नाम लक्ष्मण टीला आदि से ही विख्यात है, जिसका विस्तार मेडिकल कालेज और बिरहाना तक था। कथित सेकुलर सरकारों ने इसकी पुरातात्विक खुदाई नहीं करवाई, लेकिन अब तो राम वाली ही सरकार है। न तो लक्ष्मण का महत्व कम है और न लखनऊ का। मुस्लिम लेखक भी इस टीले की संबद्धता लक्ष्मण से बताते हैं। अब्दुल हलीम शरर कहते हैं 'उस टीले पर एक गहरा गार या कुंवा था, जिसकी किसी को थाह न मिलती थी, और लोगों में मशहूर था कि यह शेषनाग तक चला गया है। इस ख़याल ने जज़बाते अकीदत को हरक़त दी और हिंदू लोग खुश एतिदाती से आ आकर इसमें फूल पानी डालने लगे"(गुजश्तः लखनऊ-पेज 28)। ऐसा होते हुए भी राजधानी की सुधि न लेना तो चिराग़ तले अंधेरा है। नगरों और स्थानों के नाम परिवर्तन श्रृखला में भी यह नगर उपेक्षित रहा। कई वर्ष पूर्व जब मंत्री और गवर्नर रहे, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.लालजी टण्डन की पुस्तक 'अनकहा लखनऊ' प्रकाशित हुई थी, तब कुछ आस बंधी थी कि अब नगर का नाम भी बदलेगा और लक्ष्मण टीला मस्जिद मुक्त होगा तथा यहां बने मंदिर और हिंदू धर्म प्रतीकों का जीर्णोद्धार होकर पूजा अर्चना प्रारंभ होगी, किंतु निराशा ही हाथ लगी। अब इस पर ध्यान दिया जाएगा।

बिंब और भाषा

कोई संदेह नहीं कि चिंतन एक आंतरिक प्रक्रिया है परंतु यह भी सही है कि जिन बिंबों की भाषा से यह प्रक्रिया चलती है, वे बिंब बाह्य परिवेश में प्राप्त होते हैं। मनुष्य जिस परिवेश में रहता है, उसका बिंब उसके मन पर अंकित हो जाता है। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य बाह्य परिवेश को संवेदना शक्ति के द्वारा (पंच ज्ञानेन्द्रिय और मन के द्वारा :देखकर, सुनकर, सूंघकर, चखकर, छूकर तथा अनुभव करके) आंतरिक बना लेता है। इस प्रकार वह परिवेश स्मृति के द्वारा मनुष्य की चेतना का अंग और अंश बन जाता है। जिस प्रकार जलाशय के तट पर स्थित वृक्ष-आदि का बिंब जलाशय में दृश्यमान होकर जलाशय का अंग और अंश बन जाता है, उसी प्रकार मनुष्य अपने चारों ओर के संसार को जो चित्र मन में बनाता है, वह उसका आधारभूत ज्ञान या अनुभव होता है। आधारभूत इसलिए कि मनुष्य जब भी कोई नया अनुभव करेगा, तो वह पूर्व-अर्जित-अनुभव, उस नए अनुभव का माध्यम बनेगा। उदाहरण के लिए बालक ने गरम दूध पिया तो उसका मुंह और जीभ झुलस गए, यह उसका आधारभूत-अनुभव हुआ। इसके बाद कभी किसी दिन उसे मठा (छाछ) दी गई, तो उसका दूध पीने का आधारभूत-अनुभव स्मृति के द्वारा सजीव हो गया। कहावत है कि 'दूध का जला छाछ को फूंक- फूंककर पीता है।' जब उसे दूध और छाछ का अंतर ज्ञात हो गया तो यह उसका नया ज्ञान हुआ। इस प्रकार पूर्वार्जित बिंब आगे के चिंतन और ज्ञान का माध्यम बन जाता है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक नजर

गेहूं की फसल बर्बाद करने के बाद धमकाया

इटावा। थाना चौबिया में इसी क्षेत्र के गांव मुकुंदपुरा की बेबी ने इसी गांव के विमलेश, उसके भाई कमलेश, हिमांशु व प्रेमकिशोर उर्फ पीका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कहा गया है कि चार बीघा खेत में लहलहा रही गेहूं की फसल पर जहरीले कीटनाशक छिड़ककर फसल पीली करके बर्बाद कर दी।

खौलती सब्जी गिरने से बच्ची की मौत

इकदिल, इटावा। गांव बुआपुर निवासी विनय कुमार की पत्नी छाया अपनी दो साल की बेटी अन्नपूर्णा को लेकर चूल्हे पर भगौना रखकर सब्जी बना रही थी। वह अन्य कामों में लग गई तभी अन्नपूर्णा खेलते खेलते गर्म सब्जी से भरे भगोने को अपने ऊपर पलटा लिया। सब्जी गर्म होने के कारण वह झुलस गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई।

नाले में गिरने से घायल किशोर की गई जान

सैफई, इटावा। वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केलोखर में 23 जनवरी 2024 को घर के बाहर खेल रहा एक किशोर अचानक पैर फिसलने से नाले में गिरने से घायल हो गया था। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्राम केलोखर निवासी विजय सिंह का चौदह वर्षीय पुत्र आशीष 23 जनवरी दोपहर के समय घर के बाहर खेल रहा था इस दौरान घर के पास से गुजरने वाले खुले नाले में जा गिरा था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों द्वारा उसे पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था जहां पर इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर वैदपुरा थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया।

युवक ने लगाई फांसी

सैफई, इटावा। थाना क्षेत्र के गांव हरदोई में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दो बच्चे है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जितेंद्र कुमार 25 पुत्र दामोदर ने अज्ञात कारणों के चलते रविवार को अपने घर के अंदर बने कमरे में जा कर छत के पंखे के कुंदे से गमछा के सहारे फांसी लगा ली थी। जब उसकी पत्नी सरिता देवी छत से नीचे आई तो देखा कि उसका पति पंखे के कुंदे से लटका है यह देखकर उसकी चीख निकल गई। परिजन उसे पीजीआई के ट्रामा सेंटर ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो बच्चे हैं मृतक पानी के बतासे लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसने आत्महत्या क्यों की इसकी वजह सामने नहीं आई। थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया।

ट्रेन में 54 किलो चांदी के साथ तीन गिरफ्तार

इटावा। जीआरपी ने बीकानेर प्रयागराज एक्सप्रेस में अवैध रूप से चांदी लेकर जा रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 54 किलो चांदी बरामद की है। वह बिना टैक्स अदा किए चांदी को ले जा रहे थे। जीआरपी एसओ शैलेश निगम ने बताया कि पुलिस की टीम गस्त पर थी। मुखबिर ने सूचना दी कि तीन लोग बिना टैक्स अदा कर चांदी ले जा रहे है। इस सूचना पर उन्होने बीकानेर एक्सप्रेस के जनरल कोच में चैकिंग की गई तो 54 किलो 540 ग्राम चांदी बरामद हुई। इस सम्बंध में पुलिस ने मुकेश, अजय कुमार व संदीप कुमार निवासी सादाबाद हाथरस को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने उनसे पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि पकड़ी गई चांदी की कीमत 41 लाख के करीब है। छानबीन की जा रही है।

छितौनी गांव में मिले शव की हुई शिनाख्त, पति गिरफ्तार

गुमराह करने के लिए पति ने ही पत्नी के शव को जलाया था

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। वैदपुरा थाना क्षेत्र के गांव छितौनी में नौ फरवरी को खाली पड़े खेत में अज्ञात मानव का जला हुआ कंकाल मिला था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की। शिनाख्त के लिए एसएसपी ने चार टीमों को लगाया था। सोमवार को शव की शिनाख्त रानी देवी पत्नी जितेंद्र निवासी बरौली के रूप में हुई। आपसी कलह के चलते रानी ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। लोगों को गुमराह करने के लिए जितेंद्र ने उसके शव को छितौनी में खाली पड़े खेत में रखी बाजरा की पुआल में दबाकर उसमें आग लगा दी। जिससे वह जल गई थी। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। घटना का खुलासा करने वाली टीम को एसएसपी ने 15 हजार रुपया का इनाम दिया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जला हुआ मानव शव मिलने के बाद पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में लगी थी। इसी क्रम में बाबूराम राठौर पुत्र सेवाराम निवासी बीरपुर सलीमपुर

पत्नी का शव जलाने का आरोपी जितेंद्र।

- आपसी कलह के चलते पत्नी ने कर ली थी आत्महत्या
- 72 घंटे के अंदर पुलिस ने किया घटना का पर्दाफाश

थाना बकेवर द्वारा थाना वैदपुरा पर उसकी पुत्री की ससुराली जनों द्वारा हत्या कर शव को कहीं गायब करने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया।

गठित पुलिस टीमों द्वारा घटना स्थल पर आने-जाने वालों की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही थी एवं सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा था। शव की राख से बरामद टूटी लाल चूड़ियों एवं अन्य साक्ष्यों से शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे थे। सोमवार को वैदपुरा पुलिस टीम भ्रमणशील थी, इसी दौरान सूचना के आधार पर जितेन्द्र उर्फ बबलू पुत्र मुन्नालाल निवासी बिरौली को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गये जितेंद्र से पुलिस टीम ने पूछताछ की तो उसने बताया कि उसकी पत्नी रानी कमरा बनवाने को लेकर कलह करती रहती थी। जिस कारण दोनों में विवाद होता रहता था। इसी के चलते आठ फरवरी की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब उसे पता चला तो पुलिस को गुमराह करने के लिये उसने अपनी पत्नी के शव को छितौनी में खाली पड़े खेत में जला दिया। थाना वैदपुरा पर उसके घर से कहीं चले जाने के संबंध में झूठी सूचना दे दी।

एसएसपी ने बताया कि उसकी निशानदेही पर पुलिस ने आत्महत्या में प्रयुक्त रस्सी भी बरामद कर ली। उन्होंने बताया कि राख से एक अंगूठी दो बिछिया व लाल रंग की चूड़ी के टुकड़े बरामद हुए। एसएसपी ने पुलिस टीम को 15 हजार रुपया का इनाम देने की घोषणा की है। आवश्यक कार्रवाई के बाद जितेंद्र को जेल भेज दिया गया।

तीन चोर गिरफ्तार, कई चोरियां स्वीकारी

संवाददाता भरथना, इटावा

अमृत विचार। थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रपटपुरा नहर पुल के पास से वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उनका एक साथी भागने में सफल रहा। पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात के अलावा तीन तमंचा कारतूस और दो बाइकें बरामद की हैं। पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने क्षेत्र में कई चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने पकड़े गए चोरों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि भरथना क्षेत्र में पिछले दिनों चोरी की कई वारदातें हुई थीं। पुलिस लगातार चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही थी। रविवार की रात को प्रभारी निरीक्षक अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ संदिग्ध बाइक सवार रपटपुरा नहर पटरी के पास खड़े है। वह किसी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। इस सूचना

चोरी की घटनाओं का खुलासा करते एसएसपी संजय कुमार। अमृत विचार

पर पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग करते हुये कुल तीन व्यक्तियों विकास पुत्र रूप सिंह, संदीप पुत्र राजेश तथा लखन पुत्र महेन्द्र सिंह को दो मोटरसाइकिल सहित तुरैया पुल के पास से समय गिरफ्तार कर लिया, जबकि रामपाल उर्फ जितेन्द्र उर्फ भूरा पुत्र विनोद अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयासरत है।

तलाशी में विकास पुत्र रूप सिंह के कब्जे से एक अवैध तमंचा दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 सोने की चेन, 01 अंगूठी व 5,000 रुपये नकद बरामद किये गये। संदीप पुत्र राजेश के कब्जे से एक तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 सोने की चेन, 02 जोड़ी पायल व 5,000 रुपये एवं तीसरे व्यक्ति लखन पुत्र महेन्द्र सिंह के कब्जे से एक तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 12 बोर, 02 जोड़ी पायल, 01 सोने की अंगूठी, 01 कमर की करधनी व 5,000 रुपये बरामद किये गये।

पूछताछ में पकडे लोगों ने बताया कि उन्होंने भरथना के मोहल्ला शुक्लागंज मोहल्ला कल्याण नगर से चोरी किये थे। बताया कि शेष आभूषण हमारे अन्य साथी रामपाल उर्फ जितेन्द्र उर्फ भूरा के पास हैं। पकड़े गए तीनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।

- चोरों के कब्जे से सोने व चांदी के आभूषण, तीन तमंचा कारतूस व दो बाइकें हुईं बरामद

पुलिस टीम में ये रहे शामिल

निरीक्षक देवेन्द्र कुमार सिंह, उनि हाकिम सिंह, सुमेश चन्द्र, राजेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, सुमित मलिक।

व्यवसायी के पुत्र के निधन पर बंद रहा बाजार

महेवा, इटावा। कस्बा महेवा के व्यवसायी के इकलौते युवा पुत्र का बीमारी के चलते निधन होने पर कस्बा का बाजार शोक में बंद रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने आवास पर जाकर शोक जताया।

मूल रूप से लालपुर गांव के निवासी व्यवसायी राजू के 28 वर्षीय पुत्र शुभम को चार दिन पहले बुखार आया। स्थानीय चिकित्सकों से दवा ली पर आराम नहीं मिला तो परिजन उसे ग्वालियर ले गए, जहां पर रविवार की देर शाम इलाज के दौरान उसका निधन हो गया। उसका शव सोमवार की तड़के सुबह कस्बे में पहुंचा तो लोगों का तांता लग गया। युवक के निधन पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र दोहरे, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौबे, प्रधान महेवा कुमुद सिंह, बहेड़ा विजय प्रताप सिंह सेंगर, बम्होरा हरगोविंद पाल, उझियानी देवेंद्र कुमार, पूर्व प्रधान जितेंद्र अवस्थी, मनोज दोहरे, दिवाकर पाण्डेय, महेवा इंटर कॉलेज के प्रबंधक सजंय दुबे, सचिव प्रदीप चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य शिव शंकर त्रिपाठी, प्रताप नारायण तिवारी, राजू दुबे ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

इटावा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचौरा रोड पर पूठन सकरौली के पास एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही के साथ चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आगरा जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के गांव गढवार निवासी सुभाष उर्फ सोनू 28 वर्ष पुत्र राम सेवक अपने साथी सिया राम पुत्र राम शंकर व राम निवासी पुत्र लाल सिंह निवासी जारखपुरा के साथ बाइक से इटावा आ रहे थे। जब वह पूठन सकरौली के पास पहुंचे तभी तेजी से आ रहे एक ट्रैक्टर के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को लेकर भाग गया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया व शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इटावा अर्बन बैंक में मिलेंगी उच्च स्तरीय सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता,इटावा

- नए भवन में शुरू हुआ मुख्य शाखा का कामकाज

अमृत विचार। इटावा अर्बन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड की मुख्य शाखा को भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति मिलने के बाद कृष्णा नगर भरथना रोड इटावा के नवीन परिसर में समारोहपूर्वक कार्य करना प्रारंभ कर दिया। सोमवार को बैंक के अध्यक्ष डॉ. अजंट सिंह यादव, महाप्रबंधक सतीश कुमार ने हवन पूजन के बाद नवीन परिसर के भवन का विधिवत उद्घाटन किया। नवीन परिसर को आधुनिक तकनीकी से युक्त सुविधाओं से लैस किया गया है।

बैंक के अध्यक्ष डॉ. अजंट सिंह यादव ने कहा कि सहकारिता आंदोलन से जन जन को जोड़ने के लिए इटावा अर्बन कोआपरेटिव बैंक की स्थापना की गई है। यह बैंक छोटे मध्यम व्यापारियों को आसान दरों पर ऋण उपलब्ध करा रही है। अर्बन बैंक अपने विश्वास की कसौटी पर सदैव खरी उतरी है। रिजर्व बैंक के सभी नियमों का पालन करते हुए ग्राहकों को उच्चस्तरीय बैंकिंग सुविधाएं दी जा रही हैं।

सचिव एवं महाप्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि अब बैंक की मुख्य शाखा और मुख्यालय एक ही छत के नीचे हो गए हैं। इससे काम काज में सहूलियत होगी। इस अवसर पर बैंक के उपाध्यक्ष रिटायर्ड सीओ राम नाथ सिंह यादव, संचालक अरविन्द कुमार यादव, जगपाल सिंह, आशुतोष नारायण, सेवानिवृत प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद यादव, लड्डन अहमद, प्रमोद शंखवार, धीरेन्द्र सिंह, कश्मीर सिंह, सरला देवी, सुषमा चतुर्वेदी एवं श्याम किशोरी मौजूद रहे। इसके साथ महताब सिंह, शिवपाल सिंह, सीए संजीव कुमार अग्रवाल, पीडी राही, राज पाल यादव, सुरेश चन्द्र त्रिपाठी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अलग अलग दलों के 1400 लोग हुए भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी ने मिलन समारोह का आयोजन किया। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में इटावा, भरथना तथा जसवंतनगर में आयोजित इन कार्यक्रमों में अलग अलग दलों के 1400 कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इटावा सदर में 600, भरथना में 500 तथा जसवंतनगर में 300 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।

सदर विधानसभा का ज्वाइनिंग कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में तथा कार्यक्रम संयोजक विमल भदौरिया के संयोजन में जिला कार्यालय पर हुआ। जसवंतनगर विधानसभा व भर्थना विधानसभा में भी ज्वाइनिंग कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि भाजपा के लिए सबसे वंचित और पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचना सिर्फ एक चुनावी वादा नहीं एक संकल्प है। किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, उज्वला योजना,

कार्यक्रम में बोलते वक्ता। अमृत विचार

पीएम विश्वकर्मा योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं इस बात की साक्षी है कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धांत को समर्पित है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के सेवा, सुशासन एवं जन-कल्याणकारी कार्यो से प्रभावित होकर सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के नेता भाजपा में अपनी आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहें है उन सभी का अभिनंदन है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर आमजन और दूसरे दलों के नेताओं का भाजपा में विश्वास बढ़ता जा रहा है।

सदर विधानसभा क्षेत्र में प्रमुख रूप से अमित राजपूत जिला सचिव सपा, राम किशोर कुशवाहा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, मलखान यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राम नरेश दिवाकर प्रधान, रविंद्र यादव पूर्व प्रधान, सुरेश कुशवाहा बूथ अध्यक्ष बसपा, गौरव गौतम रहे।

भाजपा किसान मोर्चा का ग्राम परिक्रमा अभियान शुरू

इटावा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के ग्राम परिक्रमा अभियान का सोमवार को उद्घाटन हो गया। यहां जुगरामऊ में बजरंगबली के दर्शन करके किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने इस अभियान को शुरू किया। इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदौरिया ने बताया कि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जनपदों में इस अभियान की शुरुआत की गई है। इटावा के जुगरामऊ में इस ग्राम परिक्रमा का आयोजन किया गया। मंदिर में बजरंगबली के दर्शन करने के बादगांव के लोगों के साथ मिलबैठकर बातचीत की गई और राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्राम वासियों को दी गई और पत्रक वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि जिस दिन से केंद्र में मोदी की और प्रदेश में योगी की सरकार बनी है। समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली कैसे आए इसके लिए वह निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी, कार्यक्रम संयोजक रजत तिवारी, यीशु तिवारी, गोविंद दुबे, सदन राजावत मौजूद रहे।

घर में घुस कर मारपीट करने में छह को तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के कौशल किशोर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि वह 22 फरवरी 2016 को ट्रैक्टर से शटिरंग का सामान उतरवा रहा था तभी एक बच्चा वहां आया। उसने बच्चे से हटने को कहा। इसी बात को लेकर देवेंद्र सिंह उर्फ श्री रामपुत्र बालस्टर सिंह, अरूण उर्फ कल्लू पुत्र बालस्टर सिंह, उदयवीर पुत्र लोटन, ऊधम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह, अंकुश उर्फ छोटू पुत्र उदयवीर व धीरेंद्र उर्फ गोलू पुत्र ऊधम सिंह आए और गाली गलौज करने लगे। और उक्त लोगों ने लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। वह घर में घुस गया तो उक्त लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। पत्नी व अन्य लोग उसे बचाने आए तो उक्त लोगों के साथ भी मारपीट की।

विशेष लोक अभियोजक रमाकांत चतुर्वेदी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने देवेंद्र उर्फ श्रीराम, अरूण उर्फ कल्लू, उदयवीर सिंह, अंकुश उर्फ छोटू, ऊधम सिंह व धीरेद्र उर्फ गोलू को दोषी पाया औरउन्हें तीन तीन साल की सजा और दो दो हजार रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई।

जिले की 21 ग्राम पंचायतें होंगी टीबी मुक्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद की 21 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त के लिए चिह्नित की गई की गई हैं।

प्रथम दिन चकरनगर की खिरीटी, कोला, बछेडी, डिंडोली, कचहरी ग्राम पंचायतों का भौतिक सत्यापन जिला पंचायतीराज अधिकारी बनवारी सिंह, डॉ आलोक मनी और पीपीएम कोऑर्डिनेटर निर्मल सिंह के द्वारा किया गया। द्वितीय टीम में एडीपीआरओ रोहित कुमार, डॉ शोभित सिंह व डीपीसी अनस सुलेमान ने बसरेहर की आनन्दपुर, कैलामऊ, चम्पानेर एवं पचावली का और तृतीय टीम में राजेश सिंह सहायक

गांवों में सत्यापन करते विभागों के अधिकारी। अमृत विचार

विकास अधिकारी, डॉ अंकुर, डॉ शिवचरण, हेमराम ने विकास खंड बढ़पुरा के ग्राम पंचायत गढैयता गढ़पुरा बमनपुर भगवतीपुर का भौतिक सत्यापन किया गया।

सत्यापन कमेटी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर आवश्यक अभिलेखों का निरीक्षण परीक्षण किया और ग्राम पंचायतों में जाकर टीबी मरीजों से साक्षात्कार भी किया। 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के संकल्प को पूर्ण करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर से टीबी मुक्ति की पहल शासन स्तर से की जा रही है।

अपाचे सवार बदमाशों ने लूटे 80 हजार रुपये व लैपटॉप

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। बलरई थाना क्षेत्र के नगला तौर मार्ग पर सोमवार की देर शाम को अपाचे बाइक सवार दो बदमाशों ने एक बीसी संचालक को निशाना बनाते हुए गन प्वाइंट पर 80 हजार रुपये, लैपटॉप, डिवाइस, के साथ बैंक कागजात लूट लिये।

पीड़ित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बीसी संचालक की पहचान बलरई थाना क्षेत्र के नगला तौर गांव के रहने वाले सतेंद्र सिंह के रूप में हुई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीसी संचालक सोमवार शाम को बाइक से अपने घर जा रहा था। वह नगला तौर मार्ग पर पाठक इंटर कालेज पास पहुंचा ही था। कि एक पीले रंग की अपाचे बाइक पर सवार 2 की संख्या में पहुंचे नकाबपोश बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। बीसी केंद्र संचालन सतेंद्र को गन प्वाइंट पर रखते हुए बैग में रखे 80 हजार रुपये व एक लैपटॉप लूट लिया। बताया जाता है कि लूट की वारदात को अंजाम देते समय पीड़ित व लुटेरों से लगभग 5 से 10मिनट तक हाथापाई भी हुई तो लुटेरों ने पीड़ित के सिर में तमंचे की बट से प्रहार भी किये जिससे वह घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ अतुल प्रधान व क्राइम ब्रांच समेत बलरई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

समस्या | हाईवे, चौराहे, नदी के पुल पर आड़े-तिरछे खड़े होने से होती है अव्यवस्था, डीएम व एसएसपी के आदेश भी ठेंगे पर

ई-रिक्शों व ऑटो की अराजकता से लगता है जाम

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। क्षेत्र के लोगों को जाम की समस्या ने परेशान कर रखा है। प्रशासन फिर भी मूकदर्शक बना हुआ है। जिस वाहन चालक को जहां जगह दिखाई देती है, वह वहां पर ही अपना वाहन खड़ा कर देता है।

नेशनल हाईवे चौराहे पर आड़े-तिरछे ऑटो के कारण जाम की स्थिति बनती है। नगर के मुख्य चौराहे पर जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके चलते वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके जिम्मेदार, स्थिति में सुधार लाने में लापरवाही बरत रहे हैं।

ऑटो चालक बीच सड़क पर खड़े होकर सवारियां बैठाते। इस दौरान वे हाईवे चौराहे पर बीच में ही ऑटो खड़ा कर सवारियां बैठाने लगाते हैं। कई बार ऐसे चालकों की अन्य वाहन चालकों से कहासुनी भी हो जाती है। क्योंकि ये चौराहा नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा है। यहां से इटावा से आगरा से इटावा व बाह कचौरा घाट से छिमारा सैफई होते हुए मैनपुरी, एटा, जाने के लिए सबसे ज्यादा वाहनों का आवागमन रहता है।

इस चौराहे से हर दिन करीब एक सैकड़ा ऑटो ओर एक सैकड़ा ई रिक्शा संचालित होते हैं। ऑटो के जरिए ही सैकड़ों लोग अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। सवारियों को ऑटो में बैठाने के दौरान कई चालक न केवल बीच सड़क पर ऑटो खड़ा कर देते है, बल्कि सवारी को भी जबरन खींच कर ऑटो में बैठाने का प्रयास करते है। जिससे सवारियों को भी परेशानी होती है।

यहां बनती है जाम की स्थिति

- आगरा से इटावा की तरफ जाने वाले हाईवे के किनारे बने सड़क मार्ग पर जो दुकानें है, उन दुकानों पर कोई भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। जैसे दो शराब के ठेके हैं, ठेकों पर जाने वाले ग्राहक व गल्ला की दुकान पर आने वाले ग्राहक, बैंक में जाने वाले ग्राहक अपनी बाइकों, कार के साथ अनाज लदे हुए ट्रैक्टर ट्रॉली सहित सर्विस रोड पर आड़े तिरछे खड़े कर देते हैं जिससे आगरा की तरफ से नगर क्षेत्र में आने वाले निजी वाहनों के साथ चलने वाली रोडवेज बसों को भी जाम के झाम में जूझना पड़ता है। ये हालात तब है जब इस हाईवे के मेन चौराहे पर 24 घंटे पुलिस के बैठने की व्यवस्था है।

नहीं मानते नियम कानून

- स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑटो और ई रिक्शा चालक अगर सही से ट्रैफिक नियम फॉलो करें तो जाम नहीं लगेगा। सवारियों को बैठाने और एक ऑटो से दूसरे ऑटो को ओवरटेक करने के चक्कर में जाम की स्थिति बनती है। जिन स्थानों पर ऑटो का ठहराव है, वहां पर पीली पट्टी खींच देनी चाहिए, ताकि ऑटो खड़ा करने का स्थान निर्धारित हो सके। एक माह पूर्व डीएम अवनीश कुमार राय, एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने चौराहे पर लगने वाले जाम को लेकर पुलिस के साथ अन्य विभाग के लोगों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी थी। इसका भी कोई असर नहीं दिखा

महफिल में पढ़ी गई तकरीर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। शहीदे आज़म इमाम हुसैन और अलमदारे कर्बला मौला अब्बास की पैदाइश के खुशनुमा मौके पर आकिल रिज़वी, अली अब्बास रिज़वी सलमान के संयोजन में और मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा की अध्यक्षता में दरगाह हज़रत अब्बास महेरे पर महफ़िल का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि मौलाना सैयद अशरफ अली गर्वी वकील आयतुल्ला सिस्तानी इराक ने महफ़िल में तकरीर करते हुए कहा मजलिस व महफिल बेहतरीन इबादत हैं। मुस्कुरा कर सलाम करने से आपस में मोहब्बत बढ़ती है। अली के घर में मौला अब्बास ऐसे शेर थे जिन्हें देखकर शेर भी भाग जाते थे। आयतुल्ला सीस्तानी

महफ़िल में तकरीर करते मौलाना अशरफ अली गर्वी। अमृत विचार

फरमाते हैं कि आशिके रसूल को इल्म हासिल करने के लिए आगे आना चाहिए। शायर शरफ़ अतरौलवी ने कहा हुसैन डाल दें जिस पर करम की एक नजर, गुनाहगार भी अलैहे सलाम हो जाए। शायर मेयार जरवली ने कहा था मुस्लिम मुल्क में बेकफन था शब्बीर का लाशा, यहां तो ताजिया भी हिन्दू दफनाते हैं। संचालन करते हुए शायर फ़ज़ल फतेहपुरी ने बेहतरीन अंदाज में कलाम पेश किए। महफ़िल में हाजी कमर अब्बास नक़वी, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, मो. मियां, हसन अब्बास, जहूर नक़वी, जीशान हैदर, आले रज़ा नक़वी, मो. अहमद, मो. जावेद, नफीसुल जैदी, शब्बर अक़ील, श्यान हसन, मुशीर हैदर, परवेज़ हसनैन, नजमुल हसन, अमीर हैदर, राहिल सगीर, अब्बास हैदर आदि ने भाग लिया।

ऑटो चालक ने बस कर्मियों पर लगाया मारपीट का आरोप

सवारियां बैठाने को लेकर अक्सर बस कर्मियों व ऑटो चालकों में होता है विवाद

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। कस्बा में ऑटो चालकों द्वारा विभिन्न रूटों पर सवारियां भरकर ऑटो चलाया जाता है। वहीं बस में सवारियां न बैठने से ऑटो चालक एवं बस के कर्मियों के बीच कहासुनी हो जाती है।

इसी के चलते सोमवार सुबह ऑटो में सवारियां भरकर एक ऑटो बिधूना की तरफ जा रहा था। जिसको बस कर्मियों ने रोक लिया और सवारियां ऑटो में न ले जाने के लिये कहा सवारियां बस में ले जाने के लिये कहा तो ऑटो चालक करन राजपूत निवासी नगला उम्मेद के बीच कहासुनी हो गयी। जिसकी तहरीर ऑटो चालक ने थाने में देते हुये बस कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस घटना की जानकारी जब अन्य ऑटो चालकों को हुयी तो उन्होंने नहर रोड पर ऑटो खड़े कर विरोध जताया।

विदित हो कि कस्बा में इस समय दर्जनों ऑटो हैं जो कि विभिन्न जगहों पर सवारियां भरकर ले जाते हैं। इससे बस मालिकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। बस मालिकों का कहना है कि हम कई तरह के टैक्स सरकार को देते हैं। जब बसों में सवारियां नहीं चलेंगी तो बसों का खर्चा भी नहीं निकलेगा। थाना प्रभारी भूपेन्द्र राठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मारपीट के विरोध में प्रदर्शन करते ऑटो चालक। अमृत विचार

बिजली विभाग द्वारा पेमेंट न मिलने से धरने पर बैठे पीड़ित

ककोर, औरैया। दिबियापुर क्षेत्र के अंतर्गत बिजली विभाग द्वारा ओटीएस के नोटिस फील्ड का काम निजी दुकान वैदिकी प्रिंटिंग ग्राफिक्स को दिया गया था। जिसमें 42 हजार से अधिक नोटिस का प्रिंट करने का काम दिया गया। उसके बाद विभाग द्वारा उनके बिल की 4 दिसंबर को मंजूरी दे दी गई थी।

तीन माह से सुधीर दुबे विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन पीड़ित सुधीर दुबे का 62,927 का भुगतान आज तक नहीं मिला तो पीड़ित ने आज पावर हाउस के सामने आमरण अनशन शुरू कर दिया। पीड़ित ने बताया विभाग में हम बार बार चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन कोई सही जवाब नहीं दिया जाता। उसके बावजूद भी अधिशासी अभियंता नेहा सिंह के द्वारा हमें बार-बार बेइज्जत किया जाता है। नेहा सिंह से भुगतान को पूछने पर सिक्योरिटी बुलाओ बाहर निकालो जैसे अपशब्दों का प्रयोग मेरे साथ किया जाता है। हमारा बिल भुगतान न होने के कारण और अभद्र व्यवहार से दुखी होकर मैं आमरण अनशन पर बैठ रहा हूं जब तक हमारा बिल भुगतान नहीं हो जाएगा। तब तक आमरण अनशन पर बैठा रहूंगा।

धरने पर बैठे पीड़ित व्यक्ति। अमृत विचार

ई-रिक्शा पलटने से आधा दर्जन घायल

बिधूना, औरैया। बिधूना-किशनी मार्ग पर साहसपुर मोड़ पर अनियंत्रित होकर एक ई रिक्शा पलट गया जिससे उसमे सवार आधा दर्जन महिला पुरुष बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

सोमवार को बिधूना किशनी मार्ग पर साहसपुर मोड़ पर एक तेज गति से आ रहा ई रिक्शा चालक का संतुलन अचानक बिगड़ गया, जिससे वह रिक्शे को नियंत्रित नहीं कर पाया और रिक्शा पलट गया। जिससे उस पर सवार राम, मन्नत, गौरव, रन्नो, रामदेबी, मिथलेश दबकर घायल हो गयीं।

सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर घायलों को कन्नौज जनपद के तिर्वा मेडिकल कालेज के लिये रिफर कर दिया है।

किसानों के हित में कार्य कर रही सरकार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिले के सहार कस्बे में प्रांतीय नेतृत्व के आह्वन पर किसान मोर्चा द्वारा गांव परिक्रमा यात्रा शुरू हुई। सहार कस्बा के एक गेस्ट हाउस में किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी एकत्रित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री आशीष ने कहा कि मुजफ्फरनगर के शुक्रताल से गांव परिक्रमा यात्रा का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा कर रहे हैं।

मोदी ने देश में पहली बार किसानों को किसान सम्मान निधि देकर किसानों का सम्मान किया अभी तक जो सरकारें रही उन्होंने किसानों का सम्मान नही किया। जनता को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराकर किसानो का पूरा ध्यान दिया। मोर्चा के सह क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी भूरे चौबे ने कहा कि सरकार ने अबकी बार समय से नहर और बंबो की सफाई करवाई जिससे किसानों को टेल तक पानी पहुंचाकर किसान को लाभ दिलवाया जिससे किसानो की अच्छी आय हो रही है

कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

- भाजपा किसान मोर्चा की गांव परिक्रमा यात्रा शुरू हुई

। जनता भाजपा की ओर देख रही है जनता भाजपा को वोट देने का मन बना चुकी है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने कहा की आज प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पूरे प्रदेश में गांव परिक्रमा यात्रा प्रारंभ हो रहा है उसी के तहत अपने जिले में सहार कस्बे से इसकी शुरुआत हो रही है उन्होंने सभी पदाधिकारियों से गांव परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम मे पूरी ताकत के साथ जुटने का आबाह्म किया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने बताया कि पूरे जिले के सभी मंडलों में गांव परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम होगा।

भ्रमण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योगी सरकार की योजनाओं का जनता को बताया जनता लाभार्थियों से मिले पत्रक बांटे 2024 में फिर से भाजपा सरकार बनाने के अपील की। कार्यक्रम में टीटू भदौरिया, आशीष कुशवाहा, गौरव श्रीवास्तव ,जॉनी अभिषेक सेंगर, आशीष दुबे,नलनी पांडे, अतुल शुक्ला, साधना पोरवाल, प्रतिमा कठेरिया, अशोक दोहरे, राकेश सिंह चौहान, रोहित पांडे, राघवेंद्र दुबे सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खनन विभाग ने एक ट्रैक्टर किया सीज

अजीतमल, औरैया। तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेवरलालपुर में राघवेंद्र सिंह व अन्य सह खातेदार के खेत से अवैध मिट्टी खनन की सूचना लेखपाल कुमारी नीतू को प्राप्त हुई। लेखपाल ने खनन अधिकारी देशराज सिंह को सूचना दी। उन्होंने तत्काल खनन इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को मौके पर भेजा। कुलदीप कुमार ने अयाना थाना बृजेंद्र सोलंकी ने मय फोर्स के साथ एक ट्रैक्टर को जब्त किया। अवैध खनन माफिया से पूछा तो उन्होंने किसी तरह का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया।

खनन अधिकारी कुलदीप कुमार ने ट्रैक्टर सीज कर अयाना थाने पहुंचाया। लेखपाल ने जमीन की माप कर लगभग 700 घन मीटर एरिया की खुदाई दिखाई।

सार-संक्षेप

सिर पर कलश रखकर चलती महिलाएं। अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा

अछल्दा, औरैया। विकासखंड क्षेत्र के गांव रमनगरा, लहटोरिया में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का उद्घाटन किया गया। कलश यात्रा ने गांव से कस्बे तक का भ्रमण कर महिलाएं भागवत कथा स्थल तक पहुंची। जहां कलश की विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। क्षेत्र के गांव रमनगरा में सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। जिसके आयोजन को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल महिलाओं व युवतियों ने निचली गंग नहर से जल भरने के बाद कलश को सिर पर रखकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा भी निकाली गई। जगह जगह लोगों ने शोभायात्रा को रोककर दर्शन किए यह कथा सात दिनों तक चलेगी भागवत कथा के आयोजक देवेंद्र यादव ने बताया कि स्वामी जागेश्वर चैतन्य की ओर से श्रोताओं को सत्संगत का रसपान कराया जाएगा। इस दौरान परिक्षित अरविंद यादव, राजकुमारी, अमन यादव, हरनारायण यादव, सुबेन्द्र यादव व अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

गेल डीएवी में ज्ञान ज्योति पर्व मनाया गया

औरैया। महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200 वें जन्मोत्सव- स्मरणोत्सव के अवसर पर उनकी जन्मस्थली टंकारा मोरबी (गुजरात) में 10, 11 व 12 फरवरी ज्ञान ज्योति पर्व वृहद रूप में आयोजित किया जाता है। इस गौरवशाली महोत्सव में देश भर के डीएवी शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य तथा शिक्षक सम्मिलित होकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी के स्मरणोत्सव समापन में उनके विचारों व वैदिक यज्ञ संस्कारों को आत्मसात करते हुए गेल डीएवी परिवार के समस्त शिक्षकों व छात्रों द्वारा भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। महर्षि दयानंद जी के 200 वें जन्मोत्सव-स्मरणोत्सव के उपलक्ष्य में गेल डीएवी पब्लिक स्कूल गेल गांव दिबियापुर में इस ऐतिहासिक त्रिदिवसीय पर्व का उद्घाटन 10 फरवरी को वैदिक यज्ञ के साथ किया गया था और संध्या के समय विद्यालय परिसर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय को रंग बिरंगी रोशनियों से प्रकाशित किया गया। सोमवार को विद्यालय प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम विशाल यज्ञ का आयोजन हुआ। प्राथमिक कक्षा के छात्रों द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती जी का वेश धारण किया।

शिविर के दौरान जानकारी देते पीएलवी। अमृत विचार

विधिक साक्षरता शिविर में लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, बिधूना, औरैया

- गरीबों को निःशुल्क न्याय सुलभ कराने का हो रहा प्रयास

अमृत विचार। सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज गिरीश कुमार वैश्य, प्राधिकरण की सचिव स्वांति चंद्रा के निर्देशन में तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुसौली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में नायब तहसीलदार पीयूष साहू ने कहा कि प्राधिकरण के द्वारा समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को निःशुल्क न्याय सुलभ कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने राजस्व सम्बंधी योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ पीएलवी एवं ग्रुप लीडर राघवेंद्र प्रताप सिंह गौर ने हाशिये पर पड़े समाज के लोगों के सशक्तीकरण के बारे में जानकारी देने के साथ ही ट्रांस जेंडर के अधिकारों के बारे में जागरूक किया। कहा कि यह लोग भी हमारे समाज के अंग है और इन्हें भी हमारी तरह सभी अधिकार है। पीएलवी वेद प्रकाश वर्मा ने ग्राम न्यायालय के बारे में विस्तार से अवगत कराया और प्राधिकरण से मिलने वाली निशुल्क कानूनी सहायता आदि के बारे में जानकारियां दी जबकि पीएलवी अनुराग त्रिपाठी ने लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। क्षेत्रीय लेखपाल चंद्र प्रकाश शाक्य ने राजस्व विभाग से सम्बंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अमित शर्मा, ब्रजेंद्र चौहान दयाराम पाल सुशील शर्मा रामाधार, प्रेमचंद शाक्य नीरज शाक्य बेदवती शर्मा राजू शाक्य रामबाबू आदि मौजूद थे।

चौपाल लगाकर संविधान बचाने का दिलाया संकल्प

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। रविवार को पीडीए जन चौपाल में समाजवादी बाबा साहेब आम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि मिठाई लाल ने जहां कार्यकर्ताओं को संविधान बचाने का संकल्प दिलाया। वहीं कहा कि यदि इस बार भी चूके तो भाजपा संविधान खत्म कर देगी।

उन्होंने कहा पीडीए एक आंदोलन ही नहीं बल्कि एक विचार है। जिसकी अवधारणा 1956में ही बाबा साहेब आम्बेडकर एवं डाक्टर राम मनोहर लोहिया ने की थी। कहा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस अवधारणा को मूर्त रूप देने के लिए पीडीए बनाया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक भावनाओं को भड़का कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। कहा भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा भी पूरी तरह खोखला है। उन्होंने समाजवादियों और आम्बेडकर वादियों को एक हो जाने का आह्वान करते हुए कहा कि जिस दिन समाजवादी और आम्बेडकर वादी एक हो जायेंगे तो सत्ता पर समाजवादियों और आम्बेडकर वादियों का कब्जा होगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विनोद यादव काका सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव रचना सिंह सेंगर, विधायक रेखा वर्मा,सपा जिला अध्यक्ष सर्वेश गौतम अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष कठेरिया पूर्व ब्लाक प्रमुख सुमन दिवाकर विधानसभा अध्यक्ष रानू पालीवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमा सिंह यादव आदि ने पीडीए को मजबूत करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष आछेलाल पाल,सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव मीना कठेरिया,सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष रश्मी यादव, पूर्व प्रधान राजेश प्रताप सिंह यादव,सपा नगर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, मीडिया प्रभारी छत्रपाल सिंह वर्मा, सपा महिला सभा की पूर्व जिला अध्यक्ष धनदेवी यादव,जिला पंचायत सदस्य अखिलेश यादव उर्फ कल्लू, धप्पी यादव,सुमन दोहरे मनीषा राजपूत, देवेंद्र यादव महेश कठेरिया राजेश कठेरिया संतोष यादव नरेश यादव अवी दिवाकर आदि पीडीए जन चौपाल में मौजूद थे। इससे पूर्व समाजवादी बाबा साहेब आम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र प्रदान कर प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मिठाई लाल ने कार्यकर्ताओं को अभी से चुनाव तैयारियों में जुट जाने का आव्हान करते हुए कन्नौज लोकसभा से सपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतों से जिताने का आव्हान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

नहर पुल पर लगा लंबा जाम। अमृत विचार

नहर पुल पर लगा जाम, पुलिस ने खुलवाया

अछल्दा, औरैया। कस्बा के नहर पुल पर सोमवार दोपहर करीब 3 बजे पुल के दोनों तरफ लम्बा जाम लग गया। विदित हो कि नहर पुल सकरा होने के चलते दोनों तरफ से वाहन निकल नहीं पाते हैं। जब पुल के एक तरफ वाहन खड़े हो जाते हैं। तभी एक तरफ के वाहन निकल पाते हैं। जब दोनों तरफ से वाहन आमने सामने से आ जाते हैं। तभी पुल के दोनों तरफ जाम लग जाता है। आमने-सामने वाहन व दो पहिया वाहनों से नहरपुल के दोनों तरफ लगभग 500 मीटर दोनों तरफ भयंकर जाम लग गया। जाम लगने से राहगीर हिल भी न सके।

नहर पुल पर जाम की सूचना पर पहुंचे वरिष्ठ उप निरीक्षक शम्भूनाथ ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद पौन घन्टे बाद जाम खुलवाया।

राजनीति | सपा, बसपा सहित अन्य पार्टियों को छोड़कर तीनों विधानसभाओं में लगभग एक हजार लोगों ने भाजपा की सदस्यता की ग्रहण

शिक्षक, वकील, युवा और महिलाओं ने थामा भाजपा का हाथ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिले के तीनों विधानसभा (औरैया, बिधूना, दिबियापुर) में भाजपा का विधानसभा स्तरीय मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें तीनों विधानसभा क्षेत्रों से लगभग एक हजार लोगों ने अन्य दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में अछल्दा के पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित अजीतमल, औरैया के कुछ सभासद, शिक्षक, वकील, युवा, महिलाएं रहीं।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय तुर्कीपुर में औरैया विधानसभा स्तरीय मिलन समारोह में दर्जा प्राप्त पूर्व राज्यमंत्री ब्रजेश शुक्ला, भाजपा जिला प्रभारी आनंद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद सिंह, अजीतमल ब्लाक प्रमुख एवं लोकसभा इटावा के संयोजक रजनीश पांडेय, अजीतमल नगर पंचायत अध्यक्ष आशा चक, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह चौहान,अजीतमल पूर्व चेयरमैन रानी पोरवाल,ओरैया विधानसभा प्रभारी शिववीर सिंह भदौरिया, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष लल्ला शर्मा, भाजयुमो की प्रांतीय पदाधिकारी डॉ रिचा राजपूत ,अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री डॉ सर्वेश कठेरिया,संचालन कर रहे भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी कुलदीप दुबे,राहुल गुप्ता ,मनीष भारती की उपस्थिति में छुन्ना श्रीवास्तव, सभासद राजेन्द्र कुमार बाजपेई ,सभासद राजीव पाल, सभासद पूजा सक्सेना,सभासद राजीव कुमार ,श्याम जी अवस्थी एडवोकेट,सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल अवस्थी, भास्कर पांडेय (पूर्व नगर मंत्री सपा),मुरथल ढाबा संचालक रामजी तिवारी व अजीतमल बाबरपुर के नगर पंचायत सभासद प्रियंका गुप्ता, सभासद,सुशील दुबे, अनुज प्रताप सिंह , नाजरा बेगम, सन्नो देवी, अनीशा बेगम,शाहनुर अली सहित औरैया मुरादगंज, अयाना के लगभग 415 लोग विभिन्न पार्टियों को छोड़कर शामिल हुए। वहीं दिबियापुर विधानसभा स्तरीय मिलन समारोह औरैया रोड स्थित शिव ग्लेक्सी में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता चुन्नू,दिबियापुर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, जिला महामंत्री शिव सिंह भारतीय, मंडल अध्यक्ष दिबियापुर जगमोहन सिंह चौहान ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम गुप्ता की उपस्थिति में अछल्दा ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख होती लाल दिवाकर सहित पूरे दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र से 311 व बिधूना विधानसभा क्षेत्र से पूर्व जिलाध्यक्ष श्री राम मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में 244 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिले के सभी जनप्रतिनिधि,भाजपा के पदाधिकारियों ने शामिल लोगों का मालार्पण कर व भाजपा की पट्टिका डालकर स्वागत किया और सभी से 2024 के चुनावी लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया।

भाजपा में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

- जिले की तीनों विधानसभा में विधानसभा स्तरीय मिलन समारोह हुआ आयोजित

प्रांतीय उपाध्यक्ष बनने पर किया अभिनंदन

औरैया। अखिल भारतीय पुरवार-पोरवाल राष्ट्रीय महासभा द्वारा होमगंज निवासी समाजसेवी आनन्द गुप्ता को प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिससे पुरवार-पोरवाल समाज के लोगों में हर्ष की लहर है।

जिसके अंतर्गत सोमवार को क्रॉनिक एकेडमी में समाज के लोगों द्वारा सामाजिक सेवाओं में अग्रणी आनन्द गुप्ता (डाबर) का पगड़ी पहनाकर फूलमालाओं से जोरदार अभिनंदन किया गया। गौरतलब है कि 11 फरवरी को राठ रोड स्थित शताब्दी महाविद्यालय, उरई में आयोजित नई कार्यकारिणी वर्ष-2023-2028 का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ था। जिसमें दूर-दराज से समाज के लोगों ने सहभागिता की थी। उसमें अखिल भारतीय पुरवार-पोरवाल महासभा की नई राष्ट्रीय कमेटी द्वारा विशाल मंच पर श्री गुप्ता को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई थी।

युवाओं को मिला रोजगार का मौका

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- राजकीय आईटीआई अटसू में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- 92 छात्र-छात्राओं को मिला रोजगार, किया जागरूक

अमृत विचार। सोमवार को ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला अजीतमल ब्लाक के अटसू स्थित राजकीय आईटीआई परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें पहुंचे छात्र-छात्राओं का छह कंपनियों के कर्मचारियों ने साक्षात्कार लिया, जिसमें 92 युवाओं को रोजगार का मौका मिला।

पं. दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना के तहत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, सेवायोजन कार्यालय और राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेला का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष बाबरपुर आशा देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला समन्वयक संजीव कुमार ने चयनित युवाओं से कहा कि वह अवसर को न छोड़ें। मेहनत करें और उच्च शिखर पर पहुंचे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला कौशल प्रबंधक अतुल सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 215 युवाओं ने भाग लिया था।

छह कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सभी का साक्षात्कार लिया और 92 युवाओं को नौकरी के लिए चयनित किया। जिन्हें आगरा, औरैया, लखनऊ, कानपुर, नोएडा में नौकरी करनी प्रदान की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार, अजय कुमार, रमेश कुमार आदि ने सहयोग प्रदान किया।

धर्म दर्शन

जीवात्मा का स्वरूप

जीवात्मा के स्वरूप का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है जो गुणों से सम्बद्ध, फलप्रद कर्म का कर्ता और उस किए हुए कर्म का उपभोग करने वाला है, वह विभिन्न रूपों वाला, त्रिगुणमय, तीन मार्गों से भ्रमण करने वाला प्राणों का अधिष्ठाता जीव अपने कर्मों के अनुसार गमन करता है।

यहां पर गुणों से बंधे हुए जीव के स्वरूप का वर्णन किया गया है, गुणातीत का स्वरूप इससे भिन्न है। जीवात्मा सत्व, रज, तम इन तीन गुणों में बंधा हुआ है, अतः वह नाना प्रकार के कर्म भोगरूपी फल की प्राप्ति के लिए करता है और अपने किए हुए उन कर्मों का फल भोगने के लिए नाना योनियों में जन्म लेकर विभिन्न रूपों में प्रकट होता है। मृत्यु के अनंतर उसकी कर्मानुसार तीन गतियां होती हैं अर्थात् शरीर छोड़ने पर वह तीन मार्गों से देवयान, पितृयान और तीसरा निरंतर जन्ममृत्यु के चक्र से जाता है। जब तक प्राणों का अधिपति यह जीवात्मा मुक्त नहीं हो जाता, तब तक अपने किए हुए कर्मों से प्रेरित होकर नाना लोकों में भिन्न-भिन्न योनियों में घूमता रहता है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक

यह जीवात्मा अंगूठे के बराबर प्रमाणवाला, सूर्य के समान ज्योतिस्वरूप, संकल्प और अहंकार से युक्त तथा बुद्धि और शरीर के गुणों से भी युक्त है। मनुष्य का हृदय अंगूठे के नाप का माना गया है। हृदय में ही जीवात्मा का निवास है इसलिए उसे अंगूठे के माप का कहा जाता है। जीवात्मा का वास्तविक स्वरूप सूर्य की भांति प्रकाशमान (विज्ञानमय) है। उसे अज्ञान रूपी अंधकार छू तक नहीं गया है। संकल्प और अहंकार से युक्त होकर ममता, अहंता आदि से आबद्ध होने के कारण ही यह सूजे की नोंक के समान सूक्ष्म आकार वाला है और इसी कारण परमात्मा से भिन्न है। जीव के तत्व को जानने वाले ज्ञानी पुरुषों ने गुणों से युक्त हुए जीवात्मा का स्वरूप ऐसा ही देखा है।

वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते।।

जीव की सूक्ष्मता को आगे स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि सौ भागों में विभक्त किया हुआ जो केश के अग्रभाग का सौवां भाग है, उस जीव को उसके बराबर जानना चाहिए किंतु वही अनंत रूप हो जाता है।

एक बाल की नोंक के हम सौ टुकड़े कर लें फिर उनमें से एक टुकड़े के पुनः सौ टुकड़े कर लें। यह एक टुकड़ा जितना सूक्ष्म हो सकता है अर्थात् बाल की नोंक के दस हजारवें भाग के समान जीवात्मा को सूक्ष्म समझना चाहिए। यह उसकी सूक्ष्मता का लक्ष्य कराने के लिए केवल उदाहरण स्वरूप ही है। वास्तव में चेतन और सूक्ष्म वस्तु का स्वरूप जड़ और स्थूल वस्तु की उपमा से नहीं समझा जा सकता। यह सूक्ष्म होने पर भी स्थूल वस्तु में सर्वत्र व्याप्त रह सकता है। इसीलिए कहा गया है कि वह इतना सूक्ष्म होने पर भी अनंत भाव से युक्त होने में अर्थात असीम होने में समर्थ है। वह जड़ जगत में सर्वत्र व्याप्त है लेकिन बुद्धि के गुण संकल्प और अपने गुणरूप अहंकार से युक्त होने के कारण ही एकदेशीय बन रहा है।

यह जीवात्मा वास्तव में न तो स्त्री है, न पुरुष है और न नपुंसक ही है। वह जब जिस शरीर को ग्रहण करता है उस समय उससे संयुक्त होकर वैसा ही बन जाता है। जीवात्मा सर्वभेदशून्य है, सारी उपाधियों से रहित है।

सुसंगत है मां सरस्वती का पुत्री और पत्नी होना

मां सरस्वती के संबंध में अनेक धर्मग्रंथों में प्रसंग आता है कि वह त्रिदेवों में सृजन के देवता ब्रह्मा की पत्नी और पुत्री दोनों थीं। इस प्रसंग की गहराई में उतरने के पहले लौकिक जीवन में मां सरस्वती की पत्नी और पुत्री की स्थिति पर गौर करने की जरूरत है। जहां एक नारी पत्नी बनकर जीवन-यात्रा में सहधर्मिणी होती है वहीं पुत्री के रूप एक नारी का पोषण पिता करता है। इस भाव पर दृष्टि डालने से स्थिति स्पष्ट हो जाती है। जब ज्ञान से अबोध शिशु विद्या को अर्जित करता है तब विद्या पुत्री के रूप में होती है क्योंकि नवजात शिशु की तरह विद्या और ज्ञान को संजो-संजो कर मस्तिष्क में संचित करना पड़ता है। जब विद्या शिशु रूप से पुष्ट हो जाती है तब वही विद्या जीवन-संचालन में सहधर्मिणी बन जाती है और उसी ज्ञान एवं विद्या से जीविकोपार्जन होता है। यानी मस्तिष्क और विद्या का रूप समयानुसार बदल जाता है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

पंच भौतिक तत्वों के सम्मिलन से जीव की संरचना होती है और वह इस संसार-सरोवर में जन्म लेता है तो इस सरोवर में तैरने और प्रवाहित होने की क्षमता पंच ज्ञानेन्द्रियों से संचालित मन-मस्तिष्क, बुद्धि, ज्ञान और विवेक से ही संभव है। इनमें जो जिस स्तर तक प्रखर होता है, उसकी छलांग उतनी ही ऊंचाई पर होती है। सरस्वती शब्द में सर (सरोवर, नवनीत आदि) शब्द 'सृ धातु (जिसका अर्थ गतिशील या प्रवहमान

होना है) और अच् प्रत्यय से मिलकर बना है। सरस्वती शब्द में 'सर' शब्द सरोवर का सूचक है। सरोवर शब्द 'सरस्' शब्द+असुन' प्रत्यय से निर्मित है। वाणी एवं ज्ञान की देवी के अर्थ में सरस्वती शब्द की व्युत्पत्ति सरस्वत्+डीप् प्रत्यय से हुई है। इस तरह सरस्वती का अर्थ सरोवर, प्रवाह होता है। यह प्रवाह वैचारिक और मानसिक स्तर पर मनुष्य को कितनी ऊंचाई तक ले जा सकता है, उसका द्योतक है। क्योंकि मनुष्य पशु के नजदीक का प्राणी है। सनातन संस्कृति के 10 अवतारों में भी जलकर-थलचर पशु अवतार का वर्णन है। मनुष्य पशु ही रहना चाहता है या वह देवता बनना चाहता है, यह उसकी साधना पर निर्भर है। इस साधना में विवेक के देवता प्रथम देव गणेश जी होते हैं तथा विद्या की देवी मां सरस्वती होती हैं। माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश-चतुर्थी का पर्व इसीलिए रखा गया क्योंकि अंधकार में ही विवेक के प्रकाश की जरूरत पड़ती है। माता पुत्र के विवेक के लिए ही व्रत-पूजा करती है तो इसी महीने के शुक्ल पक्ष में पंचमी तिथि को माता की पूजा की व्यवस्था ऋषियों ने की। गणेश की चतुर्थी तिथि की पूजा चतुर्दिक दिशाओं में विवेक-युक्त जीवन यात्रा के साथ पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष के लिए सकारात्मक प्राप्ति की कामना परिलक्षित होती है। मां सरस्वती की पूजा पंच ज्ञानेन्द्रियों का उस विवेक से आबद्ध रहने का सूचक है।

सरस्वती के हाथ में प्रमुख रूप से वीणा विद्यमान है। इसका तुम्बा नीचे की ओर है। वीणा सात तारों से बजने वाला वाद्य यंत्र है। मनुष्य यदि पंच ज्ञानेन्द्रियों के सात द्वारों को नियंत्रित करने के लिए यदि भौतिक-कामनाओं के विलोम में जीने की शक्ति अर्जित कर ले तो श्रेष्ठता की ओर कदम स्वतः ही बढ़ने लगेंगे। क्योंकि इंद्रियां लौकिक सुख के पीछे दौड़ती हैं और अधोगामी बनाने में सहायक होती हैं। वीणा का तुम्बा मनुष्य के सिर की तरह नीचे और पैर वाला हिस्सा ऊपर है। इसी वीणा के बल पर नारद हर लोक की सुध-बुध ही नहीं लेते थे बल्कि त्रिदेव तक उनकी बातों और सूचनाओं को तरजीह देते थे। नारद कभी माया के अधीन नहीं बल्कि मायाधीश नारायण के अधीन रहे। जब विश्वमोहिनी पर अनुरक्त हुए और उससे विवाह करने की कामना जागी तब वे नारायण के पास जाकर यह नहीं कहते कि मेरा विवाह विश्वमोहिनी से हो ही जाए बल्कि 'जेहिं विधि होहि नाथ हित मोरा' कहते हैं। मन में जागी किसी अवांछित कामना को विवेक की कसौटी पर कसने से अवांछित कामनाएं विनष्ट हो जाती हैं। इस स्थिति में मां सरस्वती मनुष्य भवसागर में डूबने नहीं देती। विद्या और ज्ञान के पतवार के सहारे मनुष्य श्रेष्ठतम मानव बन जाता है।

ब्रह्म और जीव दोनों चेतन

संन्यासी बनने के बाद रामानुजाचार्य अथवा यतिरामानुजम् की शिष्य मंडली बड़ी तेजी से बढ़ने लगी। उनकी कीर्ति यहां तक बढ़ी कि उनके पूर्व गुरू यादव प्रकाश ने भी, इनका शिष्यत्व स्वीकार किया और "यतिसमुच्चय" नामक ग्रंथ की रचना की। उनके अधीन वैदिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से शिष्य आने लगे। एक दिन उनके गुरू यमुनाचार्य के पुत्र वरदरंगम् आचार्य के पास आ पहुंचे और उनसे श्रीरंगपुरम चल कर वहां के अध्यक्ष पद को स्वीकार करने को सहमत किया। श्रीरंगम् आकर रामानुजम् ने वहां के मंत्रों के ख्याति प्राप्त आचार्य गोष्ठी पूर्ण से दीक्षा ली। गोष्ठी पूर्ण के मना करने पर भी रामानुज ने मंत्रों का रहस्य जन सामान्य के हित में मान उद्घाटित करना शुरू कर दिया। गोष्ठी पूर्ण से यह मंत्र रहस्य जान कर कि मंत्रों में वह सामर्थ्य है कि इनका श्रद्धापूर्वक नियमित पाठ, मनुष्य के मोक्ष या मुक्ति में सहायक हो सकता है, उन परम गोपनीय मंत्रों को खुले आम सार्वजनिक करना शुरु कर दिया। उन्होंने जनहित में मंत्र रहस्य को सार्वजनिक करने के लिए गुरू गोष्ठी पूर्ण को सहमत कर लिया। प्रसन्नता पूर्वक गुरू गोष्ठी पूर्ण ने उनको आशीष दिया कि, "आज से विशिष्टाद्वैत मत तुम्हारे नाम पर 'रामानुजदर्शन' के नाम से विख्यात होगा।" मैसूर के तत्कालीन नरेश राजा विट्टिदेव की सहायता से आचार्य श्री रामानुजने, "श्रीवैष्णवमत" के चतुर्दिक प्रचार के लिए अपने 74 सुयोग्य शिष्यों को नियुक्त किया। इस प्रकार अपना सारा जीवन भजन-साधन तथा वैष्णव धर्म एवं विशिष्टाद्वैत मत के चतुर्दिकसुप्रचार में लगा कर अंततः विक्रम संवत् 1194 में श्री हरि षिष्णु के दिव्य धाम के लिए प्रस्थान किया।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

यतिराराज रामानुजम् या रामानुजाचार्य ने अपने मत की पुष्टि के लिए जिन अनेक ग्रंथों की रचना की, उनमें उनके सुख्यात् "श्रीभाष्य" के अति रिक्त, वेदान्त संग्रह, वेदान्त प्रदीप, वेदान्तसार, वेदान्ततत्वसार, गीताभाष्य, गद्यत्रय, भगवदारा धनक्रम बहुत लोकप्रिय हुए। इसके अतिरिक्त अष्टादशरहस्य, कंटकोद्धार, कूटसंदेह, ईशावास्योपनिषदभाष्य, गुणरत्नकोश, चक्रोल्लास, दिव्यंसूरिप्रकाश दीपिका, देवतास्वारस्य, नारायणमंत्रार्थ, न्यायरत्नमाला, मुंडकोपनिषदव्याख्या, दिव्यसंरिपूरभावदीपिका, योगसूत्रभाष्य, रामपाल, नित्यपद्धति, रामपद्धति, रामपूजापद्धति, रेमरहस्य, राममंत्रपद्धति, विशिष्टाद्वैतभाष्य, विष्णुसहस्रनामभाष्य, शतदूषणी, वेदार्थसंग्रह, संकल्प सूर्योदय टीका, श्वेताश्वतरोपनिषद्व्याख्या, सच्चरित्ररक्षा आदि। दुर्भाग्य वश, इन रचनाओं का कालक्रम निर्धारण असंभव है। इनकी सभी कृतियां संस्कृत में हैं। रामानुज ने गुरू यमुनाचार्य के सिद्धांतों की विस्तृत और बोधगम्य प्रस्तुति को लोक प्रिय बनाया यह भी तीन ही मौलिक पदार्थों का अस्तित्व मानते हैं - चित् (जीव), अचित् (जड़जगत या समूह) तथा ईश्वर या पुरूषोत्तम।

इनके अनुसार स्थूल-सूक्ष्म, चेतन-अचेतन विशिष्ट ब्रह्म ही ईश्वर है। अनंत जीव और जगत उनका शरीर है। वही इस शरीर की आत्मा है। ब्रह्म अशेष गुणों का आलय या आवास है। उसमें निकृष्ट या हेय कुछ भी नहीं है। सर्वेश्वरत्व, सर्वग्यत्व, सर्वनियनतृत्व आदि इसके गुण या लक्षण हैं। यह सूक्ष्म चिंतन और अचेतन रूप में जगत का उपादान (प्राप्ति या प्राप्त करना) कारण है। संकल्प विशिष्ट रूप से निमित्त कारण है। जीव और जगत इसका शरीर है। यही सृष्टि का निर्माता और संहारकर्ता है। यही अंतर्यामी और पूजनार्थ अवतार भेद से शंख, चक्र, गदा, पद्मधारी चतुर्भुज है। श्री, भू और लीला देवी सहित किरीट आदि आभूषणों से अलंकृत है। जड़जगत, ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म ही जगत का उपादान और निमित्त कारण है। यह जगत रूप में प्रकट होकर भी विकार (दोष रहित या निर्दोष) है। यह जगत सत्य है, मिथ्या नहीं है। जीव भी ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म और जीव दोनों चेतन हैं ब्रह्मविभु (सर्वव्यापक) तथा जीव अणु है। ब्रेक पूर्ण तथा जीव खण्डित है। प्रत्येक शरीर में जीव भिन्न या पृथक् है।

प्रदेश

यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस से भिड़ी कार, पांच युवक जिंदा जले

डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई बस, पीछे से आ रही कार बस से भिड़ी

▸▸ दोनों वाहनों में लगी आग, मरने वाले युवक आपस में थे दोस्त

संवाददाता, मथुरा/ फिरोजाबाद

अमृत विचार: सोमवार सुबह करीब सात बजे मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया। यहां स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा गई। इसी दौरान पीछे आ रही कार भी बस से भिड़ गई। इसी बीच धमाका हुआ और दोनों गाड़ियां जलने लगीं। इस हादसे में कार सवार पांचों लोगों की जलने से मौत हो गयी। ये हादसा थाना महावन क्षेत्र माइल स्टोन 116 पर हुआ।

दुर्घटना के बाद जलती बस और कार। अमृत विचार

हादसे के बाद बस की सवारियों ने आनन- फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई। कार में जले पांचों युवकों की पहचान अंशुमान पुत्र मनोज यादव निवासी ककरारा थाना खैरगढ़, अतिन कुमार यादव निवासी एटा चौराहा शिकोहाबाद और फिरोजाबाद निवासी शिव किशन रावत, जायद खान, सरवर हुसैन के रूप में हुई है। पांचों आपस में दोस्त थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि बस में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई और सभी यात्रियों को अलग-अलग वाहनों से उनके गंतव्य के लिए भेज दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

12 मार्च को थी अतिन की शादी

अतिन दिल्ली में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। अतिन की 12 मार्च की शादी थी। पूरा परिवार शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। जैसे ही उनकी मौत की खबर परिवार को लगी तो शादी वाले घर में कोहराम मच गया। घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। अंशुमान की मौत पर उसकी पत्नी विशाखा के अलावा पिता मनोज कुमार, बड़ी बहन अंशिका यादव तथा मां पुष्पा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। शिकोहाबाद से अंशुमान अपनी स्विफ्ट डिजाइर कार को लेकर नोयडा नौकरी के लिए सोमवार सुबह घर से निकले थे। उसके साथ दोस्त अतिन समेत पांच लोग थे। अंशुमान अपने पिता की इकलौती संतान थे। उसकी एक साल पूर्व शादी हुई थी। जैद सईद खान दिल्ली एनसीआर में कॉल सेंटर पर नौकरी करते थे। सरवर हुसैन और शिव किशन सुहाग गुड़गांव में जॉब करते थे।

ज्ञानवापी मामले में सुनवाई 15 तक के लिए टली

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाना में हिंदुओं को पूजा की अनुमति वाले वाराणसी की अदालत के आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई सोमवार को टाल दी और अगली तारीख 15 फरवरी तय की। वाराणसी की अदालत के आदेश के खिलाफ अपील करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के वकील एसएफए नकवी और पुनीत गुप्ता की दलीलें सुनने के बाद नकवी के अनुरोध पर न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनवाई टालने का आदेश पारित किया। अंजुमन इंतेजामिया की ओर से पेश एफएफए नकवी ने दलील दी कि विवादित संपत्ति पर वादी (व्यास परिवार) का क्या अधिकार है, इस पर निर्णय नहीं किया गया और इस प्रकार से वादी का अधिकार निर्धारित किए बगैर पूजा की अनुमति देने का आदेश अवैध है। सोमवार को मुस्लिम पक्ष ने अदालत के आदेशों की प्रमाणित प्रतियां भी दाखिल कीं जो पूर्व में दाखिल नहीं की गई थीं और इन प्रतियों को रिकार्ड में दर्ज किया गया। विवादित संपत्ति पर हिंदू पक्ष का कब्जा दर्शाने वाले कुछ परिपत्र हिंदू पक्ष की ओर से दायर किए गए।

वर्ग पहेली-341

बाएं से दाएं

4.1. वह जो बहुत वीर हो 2. पवनपुत्र हनुमान 3. चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर 4. गौतम बुद्ध 5. सिंह, शेर 6. गरुड़ 7. बाज़ नामक पक्षी 8. वज्र 9. घोड़ा।

5.1. उत्कृष्ट कार्य हेतु किसी को उपहारस्वरूप दिया जाने वाला सोने, चांदी, तांबा आदि धातु का वह टुकड़ा जिसपर प्रायः देने वाले का नाम अंकित रहता है, तमगा, (मेडल) 2. पूजा हेतु निर्मित किसी देवता के चरण की प्रतिमूर्ति 3. आभूषण के रूप में पहना जाने वाला वह धातुखंड जिसपर किसी देवता के चरण-चिह्न अंकित हों 4. वैदिक पद-पाठ का ज्ञाता 5. एक प्रचीन गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

7.1. कक्षा-प्रतिनिधि, कक्षानायक 2. कंप्यूटर सूचना-सामग्री प्रदर्शित करने वाला परदा, कंप्यूटर का वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसके परदे पर किसी प्रक्रम या प्रॉसेस को देखा जाता है।

10. शराब, मदिरा, मद्य।

11.1. मैदे से बनी एक प्रकार की प्रसिद्ध मिठाई 2. एक जंगली वृक्ष और उसका फूल 3. पक्षियों का खाद्य पदार्थ।

ऊपर से नीचे

1.1. एक झाड़ी जिसकी पत्तियां दवा बनाने के काम आती हैं और जिसके बीजों से लाल रंग भी निकलता है 2. इस झाड़ के बीजों से निकलने वाला लाल रंग।

2.1. वस्तुओं के इधर से उधर होने का शब्द 2. कुछ ढूंढ़ने से होने वाली आवाज़।

3.1. अनियमित रूप से व्युत्पन्न, रूढ़ 2. जिसका योग से संबंध न हो 3. जो यौगिक न हो, तत्व या मिश्रण (पदार्थ)।

6.1. स्थान, जगह, ठौर 2. दरवाज़ा, द्वार 3. दहलीज़।, अंदर, में।

8. पैर साफ़ करने का पत्थर, झामक, (प्युमिक स्टोन)।

9. बड़ी बहन का पति, बहनोई।



वर्ग पहेली - 340का हल

1 रू	■	2 छु	ई	3 मु	ई
ठ	■	■	■	ख़	■
ना	■	4 वे	■	ता	■
■	5 फ़ो	ज	दा	री	■
■	■	यं	■	■	6 फे
7 पो	षि	त	■	■	ला
■	■	■	8 क	ढ़ा	व

सुडोकू -58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6	1				4			8
							9	
3	5		1			6		
		7					8	
		3			8	9		
	9				1			7
		6					7	9
	8						4	
5			9					6

सुडोकू - 57 का हल

4	8	1	7	6	9	3	2	5
2	9	7	5	4	3	6	1	8
3	5	6	1	2	8	7	9	4
6	2	4	3	8	7	1	5	9
7	3	5	9	1	2	4	8	6
9	1	8	6	5	4	2	7	3
5	6	9	4	7	1	8	3	2
8	7	3	2	9	6	5	4	1
1	4	2	8	3	5	9	6	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 14.41 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 12.35 तक तत्पश्चात उत्तर रेवती।

मेष — आज घर के किसी सदस्य की अस्वस्थता आपको परेशान कर सकती है। आवश्यक कार्यों को दिन के तीसरे पहर में करना लाभप्रद होगा। व्यापार में स्थितियां संभलती हुई प्रतीत होंगी। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

वृष — आज कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। एक साथ दो मामलों को निपटाना पड़ सकता है। ज्यादा आदर्शवादी होने से भी नुकसान होने की संभावना है। किसी के भी सामने स्वयं अपने मुख से अपनी प्रशन्सा न करें।

मिथुन — आज रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। करियर को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। मित्रों के साथ फोन पर बात होगी। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर सकते हैं।

कर्क — आज चुस्ती फुर्ती के लिए व्यायाम अवश्य करें। दोपहर के बाद कुछ तनाव में आ सकते हैं। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर न फोड़ें। आपके व्यवहार में आए परिवर्तन के कारण लोग अचरज में आ सकते हैं।

सिंह — आज दांपत्य संबंधों में मधुरता होगी। अचानक से बजट में कमी आ सकती है। नए कार्यों में धन निवेश कर सकते हैं। ऐसे मुद्दों पर चर्चा से दूर रहें, जिसके विषय में आपके पास कम जानकारी है। दूसरे लोगों की मदद करेंगे।

कन्या — आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्यों को लेकर भ्रमित न हों। दोपहर के बाद काम में मन नहीं लगेगा। स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है। धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

तुला — आज व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। अटकी हुई पेमेन्ट आपको वापस मिल सकती है। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा।

वृश्चिक — आज आपको हाल में ही शुरू किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। प्रेम संबंध रोमान्टिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। किसी भी काम को कल पर न टालें। संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर का माहौल सुखद रहेगा।

धनु — आज आय में वृद्धि होने की संभावना है। फुटकर व्यापारी नए सामान की खेप मंगवा सकते हैं। आपको भागदौड़ काफी ज्यादा करनी पड़ेगी। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

मकर — आज जॉब में उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। मन में नए और क्रियेटिव विचार उत्पन्न हो सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में हिस्सेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज नौकरीपेशा लोगों को घर पर भी बहुत कुछ काम करना पड़ेगा। विद्यार्थी अध्ययन को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार आयेगा। धन को लेकर आ रही समस्याओं का निपटारा होगा।

मीन — आज का दिन कुछ प्रतिकूल हो सकता है। शांतिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। अपनी किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल नहीं है। अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- आज का अर्जुन — सुबह : 09.00
- हम साथ साथ है — रात : 09.00

SONY SMAX
- पीके — सुबह : 09.00
- कबीर सिंह — शाम : 06.00

Utsav Gold
- हम दो हमारे दो — सुबह : 07.00
- एक विलन — रात : 07.30

ZEE CINEMA
- हमेशा — दोपहर : 12.40
- केदारनाथ — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- नकाब — सुबह : 07.00
- ऐ दिल है मुश्किल — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दोस्त - तेरी बीवी कुछ कहती नहीं, जब शाम को दारू पीकर घर जाता है?
बब्लू - कहती नहीं, बोलती है...
दोस्त - क्या...?
बब्लू - बोलती है, कीड़े पड़ेंगे तुम्हारे दोस्तों को जिन्होंने तुम्हें बिगाड़ा...!

एक बार पति-पत्नी में जमकर लड़ाई हो गई।
गुस्से में आकर पत्नी (पति से) बोली- अब तो हद हो गई, पानी सिर से ऊपर चला गया है, मैं अपनी मां के घर जा रही हूं और कभी वापस नहीं आऊंगी...
पति- जाने से पहले एक खुशखबरी सुनती जाओ, कल तुम्हारी मां भी अपने पति से लड़कर अपने मायके चली गई है...

एक नजर

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की कार्यकारिणी का गठन

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव की तैयारियां करते हुए समाजवादी पार्टी ने अपने युवा संगठनों में पदाधिकारियों की नियुक्ति शुरु कर दी है। सोमवार को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। सपा के सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी देते हुए कहा गया है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से मुलायम सिंह यूथ ब्रिग्रेड, उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में निम्नलिखित प्रमुख महासचिव, उपाध्यक्ष, सचिव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किए जाते हैं। पदाधिकारियों की सूची उनके जिले और मोबाइल नंबर के साथ जारी की गई है।

बरेली में जिला अस्पताल व मानसिक चिकित्सालय का होगा कायाकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : बरेली में जिला अस्पताल और मानसिक रोग अस्पताल का जीर्णोद्धार होगा। भवन मरम्मत के साथ ही मरीजों के लिए उपयोगी संसाधन जुटाएं जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने स्वास्थ्य महानिदेशक को 3.12 करोड़ का बजट जारी करते हुए, अस्पतालों के मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि बरेली के महिला व पुरुष जिला अस्पतालों के साथ ही मानसिक रोग अस्पताल में नए वार्डो के निर्माण का प्रस्ताव आया था। जिसके लिए शासन द्वारा बजट प्राप्त हो चुका है, शीघ्र ही निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। निर्माण कार्य के बाद मरीजों की सुविधाओं के लिए संसाधन जुटाएं जाएंगे।

आवास विकास मुख्यालय में बनेगी चार मंजिला बिल्डिंग

अमृत विचार, लखनऊ : महात्मा गांधी मार्ग स्थित आवास विकास मुख्यालय में खाली जमीन पर चार मंजिला नई बिल्डिंग बनेगी। इसमें परिषद के कई अधिकारियों और स्टाफ के बैठने के लिए कार्यालय बनाया जाएगा। यह बिल्डिंग पीछे की ओर खाली लगभग 4,000 वर्ग फिट भूमि पर बनाई जाएगी। इस प्रस्ताव को पिछली बोर्ड बैठक में मंजूरी मिल चुकी है। हाई सिक्योरिटी जोन होने के चलते परिषद यहां नियमानुसार बेसमेंट सहित तीन तल ही बनाएगा। एक तल पर चार कमरे रहेंगे। यह भूमि नई बिल्डिंग के पीछे काफी समय से खाली है। मुख्यालय में वाहनों की पार्किंग के लिए भी जगह बनायी जाएगी।

राजधानी में जल नीतिकारों का होगा सबसे बड़ा जमावड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 16 व 17 फरवरी को जलनीति पर होगा मंथन

अमृत विचार : राजधानी में 16 व 17 फरवरी को देश के जलनीतिकारों का जमावड़ा होगा। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की सचिव विनी महाजन के नेतृत्व में सभी राज्यों के जलशक्ति विभाग के प्रमुख सचिव और निदेशक यहां मौजूद होंगे। वे अपने-अपने प्रदेशों में किए जा रहे कामों के बारे में चर्चा करेंगे।

इस चर्चा के दौरान जीवनस्रोत जल के संरक्षण के लिए नीति तैयार की जाएगी, जिससे ताकि आने वाली पीढ़ियों को साफ जल मिले और जल के भंडार की कमी न रहे।

दो दिवसीय इस अधिवेशन में अलग-अलग विषयों पर जलशक्ति विभाग की नीतियों के वाहक अपने विचार रखेंगे। वे बताएंगे कि जल जीवन मिशन के तहत उन्होंने अपने-अपने प्रदेश में क्या किया है। इसके अलावा परियोजनाओं को जमीन पर उतारने के दौरान जो चुनौतियां सामने आईं, उन पर भी बात होगी। वहीं, राज्य सरकार भी इस अधिवेशन में घर तक नल से जल पहुंचाने की प्रक्रिया और उसके प्रबंधन के बारे में अपना प्रस्तुतिकरण देगी।

13 आईटीआई कॉलेज को सौर ऊर्जा से लैस करेगी सरकार

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने को मिली प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

शासन ने 3.10 करोड़ रुपये की धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि जारी की है। इसके जरिए हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर, बाराबंकी, मथुरा, महाराजगंज, कन्नौज, देवरिया व आगरा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्र युक्त बनाने की प्रक्रिया को गति देने में मदद मिलेगी।

▸▸ हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर, बाराबंकी, मथुरा, महाराजगंज, कन्नौज, देवरिया व आगरा के आईटीआई को मिलेगा लाभ

प्रदेश के अयोध्या व वाराणसी में मॉडल सोलर सिटी बन रही है। सरकारी विभागों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भी रूफटॉप सोलर पैनल इंपैनलमेंट प्रोजेक्ट के लिए धनावंटन के बाद अब 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्रों से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इनकी क्षमता 40 किलोवॉट होगी। इसमें प्रत्येक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को 23.88 लाख रुपये से रूफटॉप इनेबल्ड सोलर पैनल इंपैनलमेंट व सोलर पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन के कार्यों को पूर्ण किया जाएगा।

जिन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। उनमें हरदोई का पिहानी, पीलीभीत का बरखेड़ा, कुशीनगर का नौरंगिया व हाटा, बाराबंकी का फतेहपुर, मथुरा का गोवर्धन, महाराजगंज का माधोनगर, निचलौल व नौतनवा, कन्नौज का छिबरामऊ व तिर्वा, देवरिया का बरहज तथा आगरा का एत्मादपुर प्रमुख हैं।

सभी प्रक्रियायों को रूलबुक अनुसार किया जाएगा पूर्ण

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा सभी 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा युक्त करने का कार्य प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के निदेशक की देखरेख में होगा। इन सभी क्रय व संचालन कार्यों को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक अनुसार पूरा किया जाएगा। उच्च गुणवत्ता समेत तमाम मानकों को सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के साथ समन्वय भी स्थापित किया जाएगा।

मुआवजे से छूटे साढ़े तीन लाख से अधिक किसानों के बीच 177 करोड़ बांटेगी सरकार

तकनीकी कारणों से मुआवजे के लाभ से छूट गये थे किसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के साढ़े तीन लाख से अधिक किसानों के बीच 1 अरब 76 करोड़ से अधिक धनराशि जल्द जल्द बांट दी जाएगी। धनराशि उन किसानों के सीधे खातों में ट्रांसफर होगी जो वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में मुआवजे से वंचित रह गए थे। इन किसानों को पिछले दो सालों में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान का मुआवजा किन्हीं तकनीकी कारणों से नहीं मिल सका था। हालांकि, मौजूदा वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 से अधिक किसानों को 80,88,68,299 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी जा चुकी है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 में मुआवजे से सबसे अधिक सीतापुर के 27,836 किसान छूट गये थे, जिन्हें 10,72,51,397 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। वहीं, दूसरे नंबर पर बरेली के 22,661 किसानों और तीसरे नंबर पर ललितपुर के 19,420 किसानों को मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है।

▸▸ लापरवाही पर योगी ने जताई थी नाराजगी, लगाई थी फटकार

▸▸ सबसे अधिक सीतापुर के 27,836 किसानों को होगा मुआवजे का भुगतान

इसी तरह, वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुआवजे से सबसे अधिक सिद्धार्थनगर के 21,002 किसान छूट गये थे, जिन्हें 10,07,53,392 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। वहीं, दूसरे नंबर पर झांसी के 17,296 किसानों और तीसरे नंबर पर बलरामपुर के 12,933 किसानों को मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है। बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है।

मुख्यमंत्री ने दिखायी थी सख्ती

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में आपदाओं से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मुआवजे और अन्य राहत को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने त्रुटियों के कारण फसलों के नुकसान के दोबारा सत्यापन में लापरवाही और मुआवजा जारी नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के एडीएम एफआर से जवाब तलब किया था। साथ ही, अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिये थे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुआवजे से छूटे किसानों को सहायता धनराशि देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में दोबारा सर्वे कराया गया है।

-सुधीर गर्ग, अपर मुख्य सचिव

आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित बड़ी तादाद में किसानों के डाटा फिडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या में गलती और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं हो पाया। जिलास्तर पर पिछले दो साल में लापरवाही हुई।

-जीएस नवीन, राहत आयुक्त

वे-इन-मोशन के सामने आया ओवरलोड ट्रक, समझो पकड़ा गया

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : करोड़ों रुपये खर्च कर बनवाए जा रहे मार्ग और पुलों को बर्बाद कर रहे ओवरलोड ट्रकों पर शासन अब सीधी चोट करने की तैयारी में है। बालू, मौरंग, गिट्टी, मिट्टी समेत नदियों से निकाले गए विभिन्न तरह के खनिज और अन्य चीजें लेकर चलने वाले ओवरलोड वाहनों को 'इंट्री प्वाइंट' पर ही रोका जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग यूपी डेस्को के माध्यम से विभिन्न जिलों में बने चेकगेट पर 'वे-इन-मोशन' लगाने जा रहा है।

आधा दर्जन जिलों का चयन किया गया है जहां आगामी तीन माह के अंदर इन्हें स्थापित कर दिया जाएगा। इस पर 496.77 लाख रुपये का व्यय होगा। रोड सेफ्टी फंड से इन्हें लगवाया जा रहा है। धनराशि इसी माह मिल जाएगी।

ये होगी मशीन की खूबी

जैसे ही कोई ओवरलोड ट्रक चेकगेट पर लगे 'वे-इन-मोशन' से गुजरेंगे, वाहनों का स्वत: ही वजन हो जाएगा। मानकों से ज्यादा माल या भार लदा होने पर ओवरलोड गाड़ी का ऑटोमेटिक चालान हो जाएगा। इसके बाद वाहन रोक लिया जाएगा और उसे आगे नहीं जाने दिया जाएगा।

इन जिलों में लगाए जाएगे 'वे-इन-मोशन'

- जालौन (कालपी)
- आगरा (सैंया)
- महोबा (सुनैचा)
- बांदा (गिरवा चौक और नरैनी करतल रोड)
- सोनभद्र (कालपी)
- प्रयागराज (नैनी)

क्षमता से अधिक माल लेकर चलने वाले वाहनों को प्रदेश के जिलों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। चेक गेट पर लगे 'वे-इन-मोशन' इन्हें न केवल रोक देगा बल्कि भारी ऑटोमेटिक चालान करेगा। मशीनों के स्थापित करने के लिए सड़क सुरक्षा फंड से तय की गई धनराशि इसी माह मिल जाएगी।

-पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

ओवरलोड वाहनों को रोकने के लिए चिह्नित छह जिलों के चेकगेट पर 'वे-इन-मोशन' लगाए जा रहे हैं। मंशा है कि जहां से तय मानकों से अधिक माल लेकर ट्रक निकल रहे हैं उन्हें मौके पर ही रोक लिया जाए और ठोस कार्रवाई की जाए। यूपी डेस्को इन मशीनों को इंस्टाल कराएगा। अधिकतम दो से तीन माह में इन्हें शुरू करा दिया जाएगा।

-चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की राजनीति से किया देश को खोखला : केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित युवा संवाद सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा परिवारवाद व भ्रष्टाचार की राजनीति करके ही देश खोखला करती रही है। साथ ही लोकतंत्र और गरीबों को कमजोर करके काम किया है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था और विकास चरम पर पहुंचाया।

विश्वेश्वरैया हॉल में आयोजित युवा संवाद में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए पिछड़े वर्ग के नौजवानों का आह्वान किया कि 2027 तक विकसित भारत बनाने के लिए मोदी की सरकार बनाएं। भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों को जीतकर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस को खाता भी नहीं खोलने देगी। कहा कि जिस प्रकार से मोदी-योगी की डबल

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के युवा संवाद सम्मेलन को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

इंजन की सरकार में पिछड़ा वर्ग के लोग देश की मुख्य धारा से जुड़े हैं। मोदी सरकार ने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया और ओबीसी कमीशन के चेयरमैन को कैबिनेट का दर्जा देकर समाज के संवैधानिक अधिकारों को सुरक्षित करने का बड़ा काम किया है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि लोकसभा चुनावों में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए मोर्चा सामाजिक सम्मेलन करेगा। सभी 18 मण्डलों में मण्डल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन और 17 नगर निगमों में महासम्मेलन होगा। समाज के युवाओं को भाजपा के समर्थन में जोड़ने के लिए सभी 75 जिलों में युवा संवाद कार्यक्रम होगा। उन्होंने बजट में पिछड़ा वर्ग के लिए हुए तमाम प्रावधान भी गिनाए। मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भाजपा प्रदेश महामंत्री रामप्रताप चौहान ने बताया कि प्रदेश में पिछड़ा वर्ग समाज के युवक-युवतियों को शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ते हुए उनके भविष्य को स्वावलम्बी बनाने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

▸▸ भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से आयोजित युवा संवाद सम्मेलन में बोले उप मुख्यमंत्री

सम्मेलन में मोर्चे के प्रदेश महामंत्री रामचन्द्र प्रधान, युवा संवाद कार्यक्रम के सह-संचालक ऋषि चौरसिया, प्रदेश महामंत्री विनोद यादव, संजय भाई पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा, विजय गुप्ता आदि अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

रालोद के अलग हो जाने के बाद कांग्रेस का लालच बढ़ा

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में विपक्षी दलों के गठबंधन से रालोद के अलग हो जाने के बाद कांग्रेस का लालच बढ़ा दिख रहा है। दरअसल, उप्र. में विपक्षी दलों की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते सपा ने निर्णायक भूमिका में आते हुए रालोद के लिए जहां सात सीटें तय कीं वहीं कांग्रेस को 11 सीटें प्रस्तावित कीं। रालोद के अलग होने के बाद कांग्रेस को और सीटें मिलने की संभावना नजर आ रही है। इस बीच उप्र. में लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के तहत सपा और कांग्रेस के बीच बातचीत जारी है। कांग्रेस के ओर से उप्र. में 20 लोकसभा सीटों की मांग सपा के सामने रखी गई है। सूत्रों के मुताबिक, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उप्र. पहुंचने से पहले इस गठबंधन की घोषणा हो सकती है।

एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल अध्यक्ष पद के लिए मांगे गए आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में उप्र. एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल के अध्यक्ष के सोमवार को दोबारा आवेदन मांगे गए हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने दोबारा आवेदन मांगते हुए स्पष्ट किया कि कि पूर्व में 30 अक्टूबर 2023 को मांगे गए आवेदन के सापेक्ष आवेदक संख्या बहुत कम थी, जिसकी वजह से पूर्व का विज्ञापन रद्द कर दिया गया है। पूर्व के आवेदन करने वालों को पुन: आवेदन करना होगा।

भारत जोड़ो यात्रा के साथ नजर आएंगी प्रियंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में अगले सप्ताह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रवेश करेगी। उप्र. में कांग्रेस की महासचिव और राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी भी इस यात्रा में नजर आएंगी। राहुल की यात्रा पूर्वांचल से रास्ते उप्र. में प्रवेश करेगी और बुंदेलखंड के रास्ते मध्य प्रदेश चली जाएगी। राहुल की यात्रा अब लखनऊ और वहां से कानपुर होते हुए झांसी के रास्ते मध्य प्रवेश में प्रवेश करेगी। कांग्रेस की उप्र. इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटा दिया है। प्रवक्ता ने बताया कि उप्र. में पहले यह यात्रा 16 फरवरी से 26 फरवरी तक होनी थी लेकिन अब 22 फरवरी को शुरू हो रही है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 20 फरवरी को रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। वह एक रोड शो में भी राहुल के साथ भाग ले सकते हैं।

अब एक टच से ले उप्र. की विधानसभा कार्यवाही की जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के 137 साल के विधानसभा की कार्यवाही अब स्मार्ट फोन पर एक टच में सामने होगी। प्रथम बैठक से लेकर अब तक की विधान सभा की पूरी कार्यवाहियां ऑनलाइन कर दीं गईं हैं।

सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने विधानभवन के तिलक हॉल में उप्र. विधान सभा का एक एप लांच किया गया जिसमें अंग्रेजों के शासनकाल से लेकर स्वतंत्र भारत में उप्र. की हर सरकार में सदन में गूंजी आवाजों, बदलावों, बने कानूनों का पूरा विवरण दर्ज है।

इस एप में 8 जनवरी, 1887 को इलाहाबाद के थार्नहिल मेमोरियल हाल में 'नार्थ वेस्टर्न प्रोविन्सेज एण्ड अवध लेजिस्लेटिव कांउसिल की सम्पन्न हुई पहली बैठक से लेकर फरवरी, 2023 तक की विधान सभा की पूरी कार्यवाहियां ऑनलाइन दर्ज हैं। जल्द ही इस साल अब तक की कार्यवाही भी फीड कर दी जाएगी।

विधानभवन के तिलक हॉल में उप्र. विधान सभा का एप लॉन्च करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, साथ में अन्य। अमृत विचार

ऐप में केन्द्र व उप्र. सरकार के सरकारी एवं असरकारी गजट, महत्वपूर्ण विषयों पर न्यूजपेपर की क्लिपिंग्स और वर्तमान में निर्वाचित सदस्यों का जीवन परिचय भी है। UPVS Intelligent Search App नाम के इस ऐप को एन्ड्रॉयड के गूगल प्ले स्टोर या ऐप्पल के ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

▸▸ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उप्र. विधान सभा का एप किया लॉन्च

▸▸ प्रथम बैठक से लेकर अब तक की विधान सभा की पूरी कार्यवाहियां हुईं ऑनलाइन

पहले विधानसभा की कार्यवाही की जानकारी मिलने में लंबा समय लगता था लेकिन अब 24 घंटे में जानकारी मिल जाती है। इस ऐप के उपयोग से शोध कर रहे छात्रों को उनके शोध कार्य में भी मदद मिलेगी जो कि समाज पर एक सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

-सतीश महाना, विधानसभा अध्यक्ष

तैयारी पूरी | प्रदेश के 73 जनपदों में आयोजित की जा रही है परीक्षाएं

509 परीक्षा केन्द्रों पर मदरसा बोर्ड परीक्षाएं आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मंगलवार से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक का कहना है कि कंट्रोल रूम और सीसीटीवी के सहारे परीक्षाओं पर निगरानी रखी जाएगी।

मंगलवार से आरंभ हो रही मदरसा बोर्ड परीक्षा प्रदेश के 73 जनपदों में आयोजित होगी। जिसमें मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कुल 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थियों में छात्रों की संख्या 71 हजार 702 रहेगी। जबकि छात्राएं 69 हजार 413 सम्मिलित होंगी। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा का कहना है कि मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसके सहारे 73 जनपदों में स्थापित 509 परीक्षा केन्द्रों को निगरानी में रखा जाएगा।

लखनऊ के चौपटिया स्थित इर मॉडल निस्वां स्कूल। अमृत विचार

लखनऊ में सात सेंटरों पर आयोजित होगी परीक्षाएं : लखनऊ में सात परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गए हैं। सभी में हर विषयों से जुड़ी परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। एकल परीक्षा को भी इन केन्द्रों में कराया जाएगा। मदरसा अलफिरदौस रहमानी स्कूल, मदरसा सुल्तानुल मदारिस, मदरसा इरम मॉडल निस्वां स्कूल चौपटिया, मदरसा इरम मॉडल निस्वां स्कूल बारूदखाना, फातिमा गर्ल्स इण्टर कॉलेज, मदरसा इरम मॉडल स्कूल गोमतीनगर, मदरसा दारुल उलूम वारसिया में परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

डिवाइस का रिकॉर्ड रखा जाएगा सुरक्षित

सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। जिनमें डिवाइस लगी है। बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि परीक्षा केन्द्र प्रभारी को सीसीटीवी की फुटेज डिवाइस के सहारे सुरक्षित रखनी होगी। इसका अवलोकन परीक्षा उपरांत किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

सपा की ओर से राज्यसभा के लिए अलोक रंजन का नाम भी आगे

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यसभा चुनाव के लिए सपा की तरफ से जिन दो प्रत्याशियों का नाम सामने आ रहा है, उसमें मौजूदा राज्यसभा सदस्य जया बच्चन और सपा मुखिया अखिलेश यादव के करीबी व सेवानिवृत आईएएस अफसर, पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन का नाम सबसे आगे है। जया बच्चन पहली बार 2004 में राज्यसभा गई थीं। तब से अब तक वह कुल चार बार राज्यसभा की सदस्य रह चुकी हैं और अब उम्मीद है की पांचवीं बार फिर से पार्टी उन्हें राज्यसभा भेज सकती है। वहीं उप्र. के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को भी राज्यसभा भेजने की चर्चा सपा खेमे में ही चल रही है। अखिलेश सरकार के दौरान आलोक रंजन मुख्य सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बतौर मुख्य सलाहकार भी कार्य कर चुके हैं।

चौ. अजित सिंह को जनता का दर्द समझने की ताकत विरासत में मिली थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ किसान प्रेरणा दिवस के रूप में संपन्न हुई अजित चौधरी की जयंती

अमृत विचार : चौधरी अजित सिंह ने किसानों को उनकी राजनैतिक ताकत का अहसास कराया था। उन्हें जनता का दर्द समझने की ताकत विरासत में प्राप्त थी। वह, ग्रामीण विकास के केंद्रीय मॉंडल के वकील थे। यह बात सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने किसान प्रेरणा दिवस के रूप में मनाए जा रहे रालोद संस्थापक व पूर्व मंत्री चौधरी अजित सिंह की 85 वीं जयंती के अवसर पर संपन्न संगोष्ठी में कही।

रालोद संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि चौधरी अजित सिंह को भारतीय राजनीति में किसानों व वंचित वर्ग को उनका हक दिलाने वाले राजनेता के रूप में याद किया जायेगा। पूर्व विधायक शिव करन सिंह ने कहा कि चौधरी अजित सिंह ने चीनी मिलों की दूरी 25 किमी से घटाकर 15 किमी करने का कार्य किया जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ।

राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि चौधरी अजित सिंह के आदर्शों पर चलकर प्रदेश और देश को खुशहाल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ.सुरेश यादव, वसीम हैदर, संतोष यादव, मनोज सिंह चौहान, रजनीकांत मिश्रा समेत दर्जनों पदाधिकारी शामिल हुये। प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने बताया कि किसान प्रेरणा दिवस के अवसर पर सभी जिलों में संगोष्ठी, अस्पतालों में फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुए।

महिला अस्पताल में फल वितरण

युवा रालोद द्वारा झलकारी बाई महिला चिकित्सालय में मरीजों, तीमारदारों व गरीबों को फल वितरण किया गया। जिसमें रमावती तिवारी, बीएल प्रेमी, बिपिन द्विवेदी, ऋषभ गुप्ता, मुकेष कुमार वर्मा आदि ने अपने हाथो से वितरित किया।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	71,072.49	21,616.05
नुकसान	523.00	166.45
प्रतिशत में	0.73	0.76

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 13 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5400-5500
अरहर	8000-8300
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	14700-14900
अरहरस्पेशल1	12300-12500
चनादाल	7200-7300
मटरदाल	5300-5400
मसूरमलका	7000-7050
मसूरदाल	7100-7150
उड़ददाल	8800-12500
उड़द धोवा	10200-12800
मूँगदाल	9500-10500
मूंग धोवा	9500-11500

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	9100-11000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	7000-8000

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1490-1550
मैदा	1440-1475
सूजी	1500-1550

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1430-1450

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	5050-5100
अलसी	4500-4600 रुपये।

श्रीलंका, मॉरीशस में यूपीआई सेवा शुरू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों के लिए इसे विशेष दिन बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं की शुरुआत सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी से जोड़ने वाला बताया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ ने भी हिस्सा लिया। अपनी टिप्पणी में मोदी ने उम्मीद जताई कि नई फिनटेक सेवाएं दोनों देशों की मदद करेंगी।

उन्होंने कहा कि यूपीआई भारत के साथ साझेदारी को एकजुट करने की नई जिम्मेदारियों को क्रियान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा-आज हिंद महासागर क्षेत्र के तीन मित्र देशों के लिए एक विशेष दिन है क्योंकि हम अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल तकनीक के साथ जोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा-मुझे विश्वास है कि यूपीआई प्रणाली से श्रीलंका और मॉरीशस को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे से भारत में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने 'पड़ोस प्रथम' नीति पर भारत की केंद्रित नीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा-चाहे वह प्राकृतिक आपदा हो, स्वास्थ्य से जुड़ी हो, आर्थिक या अंतर्राष्ट्रीय मंच पर समर्थन, भारत ने सबसे पहले प्रतिक्रिया दी है। भारत आगे भी यह जारी रखेगा।

श्रीलंका और मॉरीशस में भारतीय सेवाओं की शुरुआत दोनों देशों के साथ भारत के बढ़ते द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की पृष्ठभूमि में हुई है। इससे श्रीलंका और मॉरीशस की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के साथ ही भारत की यात्रा करने वाले इन देशों के नागरिकों के लिए यूपीआई की सेवा उपलब्ध होगी।

यूपीआई को लेकर कई देश दिखा रहे हैं रुचिः दास

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) को लेकर कई अन्य देशों ने रुचि दिखाई है और उनके साथ बातचीत जारी है। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए अगले वित्त वर्ष में सात प्रतिशत वृद्धि का अनुमान बिल्कुल उपयुक्त है। यूपीआई के बारे में उन्होंने कहा-कई देशों ने यूपीआई और रूपे कार्ड को लेकर रुचि दिखायी है और इस संदर्भ में उनके साथ बातचीत जारी है। हालांकि, दास ने उन देशों के नाम नहीं बताए, जिन्होंने यूपीआई को लेकर रुचि दिखायी है। उन्होंने भारत और मॉरीशस के बीच रुपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सुविधा और भारत और श्रीलंका के बीच यूपीआई कनेक्टिविटी की जानकारी देते हुए यह बात कही। इसके साथ मॉरीशस जाने वाले भारतीय यात्री एक व्यापारी को वहां यूपीआई के जरिए भुगतान कर सकेंगे।

आरबीआई का पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के खिलाफ की गई कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार किया। कहा कि यह निर्णय पीपीबीएल के कामकाज के व्यापक मूल्यांकन और ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

आरबीआई ने 31 जनवरी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे 29 फरवरी के बाद किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट, फास्टटैग और अन्य उत्पादों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने का निर्देश दिया। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-इस समय मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि पीपीबीएल मामले में फैसले की कोई समीक्षा नहीं होगी। यदि आप निर्णय की समीक्षा की उम्मीद कर रहे हैं, तो मैं यह साफ कर दूं कि इसकी कोई समीक्षा नहीं होगी। केंद्रीय निदेशक मंडल की इस बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संबोधित किया। गवर्नर ने कहा कि आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के खिलाफ कोई भी निर्णय व्यापक मूल्यांकन के बाद ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि आरबीआई वित्त-प्रौद्योगिकी क्षेत्र का समर्थन करता रहा है, लेकिन इसके साथ वह ग्राहकों के हितों की रक्षा और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

▸▸ केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में गवर्नर ने दी जानकारी

शंकाओं का समाधान करेगा एफएक्यू

आरबीआई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को लेकर ग्राहकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान को लेकर इस सप्ताह एफएक्यू (बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची) जारी करेगा। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के परंपरागत संबोधन के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा-एफएक्यू की प्रतीक्षा करें। इसमें पीपीबीएल के ग्राहकों से संबंधित मामलों का स्पष्टीकरण होगा।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,250
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,100
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	40, 500
चांदी (999)	72,800
चांदी तैयार	73,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	73, 300

बरेली

सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	720(अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,150
चांदी आभूषण	73,200।

हवाई पट्टी पर घुसपैठ रोकने के लिए परिपत्र जारी

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हवाई पट्टी पर 'घुसपैठ' की घटनाओं को रोकने के लिए सभी हवाई अड्डों पर रनवे सुरक्षा टीम गठित करने और प्रौद्योगिकी की मदद लेने को कहा है। डीजीसीए ने पिछले महीने जापान के हानेडा हवाई अड्डे पर हवाई पट्टी पर हुई घुसपैठ के कारण विमानों की टक्कर के मद्देनजर एक परिपत्र जारी किया है। इसमें सभी हवाई अड्डों पर हवाई पट्टी सुरक्षा दल की स्थापना और उनका प्रभावी कामकाज सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

मुनाफा वसूली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 523 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर धातु एवं बैंकिंग शेयरों में मुनाफावसूली से सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 523 अंक लुढ़क गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 523 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,072.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 71,756.58 अंक के ऊपरी और 70,922.57 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 166.45 अंक यानी 0.76 प्रतिशत टूटकर 21,616.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी के 50 में से 34 शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-खासकर छोटे एवं मझोले शेयरों में गिरावट की स्थिति रही।

भारत का वनस्पति तेल आयात जनवरी में 28% घटकर 12 लाख टन

नई दिल्ली। देश का वनस्पति तेल आयात जनवरी में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत घटकर 12 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी। जनवरी, 2023 में वनस्पति तेल का आयात 16.61 लाख टन था। भारत दुनिया में वनस्पति तेल का प्रमुख खरीदार है। चालू तेल वर्ष की पहली तिमाही में कुल आयात 23 प्रतिशत घटकर 36.73 लाख टन रह गया, जो इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 47.73 लाख टन था। एसईए के मुताबिक, आयात किए गए कुल वनस्पति तेलों में लगभग 7,82,983 टन पाम ऑयल और 4,08,938 टन सॉफ्ट ऑयल थे।

औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर, 2023 में सालाना आधार पर घटकर 3.8 प्रतिशत रही है। एक साल पहले समान महीने में औद्योगिक उत्पादन 5.1 प्रतिशत बढ़ा था।

सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर के महीने में औद्योगिक उत्पादन 3.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह आंकड़ा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर जारी किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आधिकारिक बयान से पता चलता है कि दिसंबर, 2023 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 3.9 प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले की समान अवधि में 3.6 प्रतिशत था। दिसंबर, 2023 में खनन उत्पादन 5.1 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में आईआईपी की कुल वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत रहा था।

▸▸ सरकार की तरफ से जारी किए गए आंकड़े

राष्ट्रीय

भर्ती की प्रक्रिया को बना दिया पूरी तरह पारदर्शी

रोजगार मेलाः प्रधानमंत्री मोदी बोले-राजग ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार उपलब्ध कराए

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 वर्षों की तुलना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। रोजगार मेले के तहत हाल ही में भर्ती किए गए एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि उस दौरान नौकरी के लिए विज्ञापन जारी होने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक बहुत लंबा समय लग जाता था तथा इसका फायदा उठाकर 'रिश्वत का खेल' भी जमकर होता था।

उन्होंने कहा-हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। इतना ही नहीं, सरकार का बहुत जोर है कि भर्ती प्रक्रिया एक तय समय के भीतर पूरी कर ली जाए। इससे हर युवा को अपनी योग्यता साबित करने का समान अवसर मिलने लगा है। उन्होंने कहा, ''आज, प्रत्येक युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल की बदौलत नौकरी हासिल कर सकते हैं। वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में 1.5 गुना अधिक युवाओं को नौकरी दी है। यह जानकारी देते हुए कि आज रोजगार मेले के माध्यम से रेलवे में भी भर्ती हो रही है, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब यात्रा की बात आती है तो रेलवे आम लोगों की पहली पसंद है।

मोदी ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि भारत में रेलवे बड़े पैमाने पर बदलाव के दौर से गुजर रही है और अगले दशक में इस क्षेत्र का पूरी तरह कायाकल्प होगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले रेलवे पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया था जबकि आज रेल लाइनों का विद्युतीकरण और दोहरीकरण बढ़ा है और साथ ही नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने और यात्रियों के लिए सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद रेलवे के आधुनिकीकरण और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे ट्रेन यात्रा अनुभव को फिर से नया बनाने के लिए एक अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट के तहत वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी 40,000 आधुनिक बोगियां तैयार कर उन्हें सामान्य ट्रेनों में जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रियों के लिए सुविधा और सहूलियत बढ़ेगी।

जम्मू-कश्मीर में घर में आग लगने से तीन बहनों की मौत

बनिहाल/जम्मू। जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के एक सुदूर गांव में एक मकान में आग लगने से सोमवार को तीन बहनों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि उखराल मंडल के धनमस्ता-तजनीहाल गांव में तीन मंजिला मकान में सोमवार सुबह आग लग गयी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त बिस्मा (18), शाइका (14) और सानिया (11) सबसे ऊपरी मंजिल पर सो रही थीं और आग के पूरे घर में फैलने के कारण वे बाहर नहीं निकल पायीं। अधिकारियों ने बताया कि दमकल और आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों ने उनके शव बरामद किए। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चला है। उपायुक्त बशीर-उल-हक ने घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि रेड क्रॉस फंड के तहत शोक संतप्त परिवार को तीन लाख रुपये की तत्काल सहायता राशि दी जाएगी।

राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटाया

लखनऊ, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उत्तर प्रदेश में समय घटा दिया गया है और इसके लिये बोर्ड परीक्षाओं का हवाला दिया गया है। अब यह यात्रा 11 दिन के बजाय छह दिन ही उत्तर प्रदेश में रहेगी। कांग्रेस के एक नेता ने इसकी जानकारी दी।

यह निर्णय उन संकेतों के बाद लिया गया है कि समाजवादी पार्टी की सहयोगी और जयंत सिंह चौधरी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा से हाथ मिला सकती है। हालांकि, कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समय घटा दिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उत्तर प्रदेश में पूरी यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा भी रहेंगी। राय ने कार्यक्रम रद्द किए जाने संबंधी अटकलों को गलत बताते हुए कहा कि रालोद के मामले से इसका कोई लेना-देना नहीं है।

▸▸ पश्चिमांचल के जिलों में नहीं जाएगी यात्रा

देश में लोगों को नहीं मिल रही हैं नौकरियांः राहुल

कोरबा (छत्तीसगढ़)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर सोमवार को निशाना साधा और कहा कि देश में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है तथा वे महंगाई की मार झेल रहे हैं। गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जागने को कहा और आरोप लगाया कि जनता की जेबें लूटी जा रही हैं तथा उन्हें गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा-पिछड़े वर्ग, दलित और आदिवासी देश की आबादी का 74 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इन समुदायों का एक भी व्यक्ति भारत की शीर्ष 200 कंपनियों का मालिक या प्रबंधन में शामिल नहीं है, जिन्हें 'देश का सारा पैसा' दिया जा रहा है।

एक नजर

जयपुर के बाल सुधार गृह से 23 नाबालिग कैदी फरार

जयपुर। जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार सुबह 23 नाबालिग कैदी खिड़की तोड़कर फरार हो गए। थानाधिकारी जुल्फीकार ने बताया कि सुधार गृह प्रशासन की ओर से इस संबंध में दी गई शिकायत के आधार पर इन नाबालिग कैदियों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की अलग अलग टीम फरार नाबालिग कैदियों की तलाश कर रही हैं।

सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन पर की गोलाबारी

मेंढर/जम्मू। सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलाबारी की। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन रविवार देर रात भारतीय क्षेत्र में कुछ देर मंडराने के बाद पाकिस्तान की ओर लौट गया। उन्होंने कहा कि मेंढर के नार मनकोट इलाके में दुश्मन के ड्रोन की गतिविधि देखी गई, जिसके बाद सैनिकों ने उस पर गोलियां चलाईं।

टीएमसी नेता शाहजहां ईडी के सामने अब तक नहीं हुए पेश

कोलकाता, एजेंसी

राशन घोटाला

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शाहजहां शेख सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अबतक पेश नहीं हुए। उन्हें कई करोड़ रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में तीसरा समन जारी किया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारी सॉल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित अपने दफ्तर में सवालों की सूची के साथ टीएमसी नेता का इंतजार कर रहे हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया कि हम सुबह से शाहजहां शेख का इंतजार कर रहे हैं। वह अबतक सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित हमारे कार्यालय में पेश नहीं हुए हैं। उनकी ओर से कोई भी हमारे अधिकारियों के सामने आज पेश नहीं हुआ है। हम उनकी आज शाम तक प्रतीक्षा करेंगे।" ईडी ने करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में कथित संलिप्तता को लेकर टीएमसी नेता को समन जारी किया था।

उच्च न्यायालय ने सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में चार दोषियों को जमानत दी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे चार दोषियों को सोमवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील के लंबित रहने तक उनकी सजा निलंबित कर दी। पीठ ने कहा कि दोषी 14 साल से हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चार दोषियों द्वारा दाखिल अपील पर जवाब देने को कहा था। एक अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली विश्वनाथन की 30 सितंबर 2008 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के पालन के बगैर घरों को ढहा देना फैशन बन गया है

इंदौर, एजेंसी

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने टिप्पणी

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने धार्मिक नगरी उज्जैन में दो घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने को लेकर कहा कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन किए बगैर किसी भी घर को ढहा देना स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए 'फैशन' बन गया है। अदालत ने दो महिलाओं की याचिका मंजूर करते हुए यह टिप्पणी की और उन्हें सरकारी खजाने से एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विवेक रुसिया ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद उज्जैन निवासी राधा लांगरी और विमला गुर्जर की याचिका को स्वीकार किया। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को चार हफ्तों की तय प्रक्रिया के तहत सुनवाई का अवसर नहीं दिए जाने के कारण उनके घरों के कुछ हिस्सों को उज्जैन नगर निगम द्वारा ढहाए जाने को अवैध करार दिया। दोनों याचिकाकर्ताओं ने उज्जैन के सांदीपनि नगर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की आवास योजना के दो घरों के हिस्सों को स्थानीय प्रशासन द्वारा 13 दिसंबर 2022 को ढहाए जाने को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था।

उच्च न्यायालय ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन कर मकानों को ढहाए जाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन को लताड़ लगाते हुए कहा कि अदालत द्वारा लगातार देखा जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए रूप-रेखा बनाकर किसी भी घर को ढहा देना 'फैशन' बन गया है। उच्च न्यायालय ने उज्जैन नगर निगम के आयुक्त को उन अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिन्होंने याचिकाकर्ताओं के घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने की कार्रवाई के संबंध में मौके पर "फर्जी" पंचनामा बनाया था।

एक पृथ्वी-एक स्वास्थ पर बनेगी समग्र चिकित्सा नीतिः राजेश

ब्यूरो, नई दिल्ली

अमृत विचारः यूनानी दिवस पर आयोजित "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य* विषयक सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा है कि यूनानी एवं आयुर्वेद सहित भारत के कई ऐसी चिकित्सा पद्धतियां है जो कम खर्चे में शर्तिया इलाज संभव है। पूसा परिसर में आयोजित इस सम्मेलन में कई यूनानी चिकित्सा पद्धति के डॉक्टरों ने हिस्सा लिया।

आयुष मंत्रालय ने केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) द्वारा एपी शिंदे संगोष्ठी हॉल, एनएएससी, पूसा, नई दिल्ली में यूनानी दिवस 2024 और 'यूनानी चिकित्साः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक चिकित्सा में भारत के वैश्विक नेतृत्व की बात की। कार्यक्रम में वैद्य जयंत देवपुजारी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग, नई दिल्ली, प्रो. शकील अहमद रोमशू, कुलपति, इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, अवंतीपोरा, जम्मू-कश्मीर, डॉ. नज़ीर अहमद गनी, कुलपति, एसकेयूएएसटी-कश्मीर, डॉ. सुंचू ग्लोरी स्वरूपा, महानिदेशक, राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान, हैदराबाद, डॉ. एम. ए. कासमी, सलाहकार (यूनानी), डॉ. एन. ज़हीर अहमद आदि रहे।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की 370, राजग की 400 से अधिक सीट पर होगी जीतः शाह

अहमदाबाद, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्री अहमदाबाद में लोस चुनाव नतीजे के बारे में बोले

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर लोगों के मन में कोई संशय नहीं है क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 370 सीट जीतेगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक सीटें जीतेगा।

शाह ने कांग्रेस पर भी कटाक्ष किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के शासन में से पहले पांच साल विपक्षी दल के शासनकाल में खोदे गए ''गड्ढे'' को भरने में चले गए और अन्य पांच (विकास की) नींव रखने में लगाए गए। वरिष्ठ भाजपा नेता ने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) की 1,950 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद यहां कहा, ''उन्हें (मोदी को) तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। नींव पर एक शानदार इमारत बहुत तेज गति से बनेगी।'' शाह ने कहा, ''मैं कल कर्नाटक में था और मैंने जनवरी में 11 राज्यों का दौरा किया। लोकसभा चुनाव (के नतीजे) के बारे में किसी भी राज्य में कोई संशय नहीं है। पूरे देश में यह माहौल है कि भाजपा को 370 सीट और राजग को 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी।'' उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने कई कार्यों को गति और दिशा दी तथा ऐसे लक्ष्य पूरे किए जिनकी कल्पना करना मुश्किल था। शाह ने कहा कि यह 'गुजरात मॉडल' ही था जिसके कारण लोगों ने 2014 में मोदी को देश का प्रधानमंत्री चुना। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री ने देश को नई ऊंचाई पर ले जाने का खाका खींचा और लोगों को भरोसा है कि 2047 में भारत दुनिया में अव्वल होगा।

एकता-सद्भाव के साथ राष्ट्र का निर्माण करें

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ भागवत ने लोगों से अहिंसा के मार्ग पर चलने का किया आह्वान, बोले अब दुनिया हमारी ओर देख रही



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को लोगों से एकता, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत में दर्शन का उच्चतम स्तर है और दुनिया अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हमारी ओर देख रही है।

भागवत ने जैन तीर्थंकर महावीर के 2550वें 'निर्वाण' वर्ष के उपलक्ष्य में यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लोग अपनी भौतिकवादी जीवन शैली के कारण पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, दुनिया अब अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद से भारत की ओर देख रही है, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि उनकी भौतिकवादी जीवन शैली उन्हें वह खुशी नहीं देती जो हर कोई चाहता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भौतिकवादी चीजों में कोई खुशी नहीं है।

भागवत ने कहा कि सभी के साथ सौहार्दपूर्वक रहें, अहिंसा का पालन करें, धैर्य रखें, चोरी न करें, यही जाने का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज पूर्ण सत्य की खोज के लिए अलग-अलग रास्ते चुनता है। रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है।

हमारे समाज में कई तरह के लोग हैं, जैसे जैन, सिख। लेकिन इस देश के लोग होने के नाते हम सब एक हैं और एक रहते हुए, हमें राष्ट्र का निर्माण करना है। भागवत ने कहा कि भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में लोगों ने पूर्ण "सत्य और शाश्वत खुशी" की तलाश में अलग-अलग रास्ते अपनाए, लेकिन भारत की खोज और बाकी दुनिया की खोज के बीच अंतर यह था कि वे इसे बाहर की दृश्य दुनिया में खोजने के बाद रुक गए और हमने, बाहर की खोज के बाद इसे अपने भीतर खोजना शुरू किया और सच्चाई का एहसास किया।

केवाईसी 28 फरवरी से पहले अपडेट करना जरूरी

नई दिल्ली। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कहा है कि 28 फरवरी के बाद बिना केवाईसी वाले फास्टैग बंद हो जाएंगे, इससे पहले केवाईसी की अंतिम तारीख 31 जनवरी थी, लेकिन अब दिनांक बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। बता दें, बिना केवाईसी वाले फास्टैग में बैलेंस होने पर भी बंद हो जाएंगे। इसलिए केवाईसी कराना जरूरी है। आईए जानते है इसके बारे में फास्टैग क्या है, और केवाईसी कैसे करें अपडेट।

क्या है फास्टैग

फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है जो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ये टैग अधिकृत बैंक द्वारा किया जाता है और ऑनलाइन माध्यम से इससे टोल लिया जाता है। इसके उपयोग से आप टोल टैक्स पर लंबे समय तक लाइन में लगे बिना ही टोल चुका देते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के सभी टोल प्लाजा पर लगे रीडर्स कार की विंडस्क्रीन पर चिपकाए गए टैग को स्कैन करते हैं और लिंक किए गए अकाउंट के माध्यम से भुगतान हो जाता है।

फास्टैग क्यों हो रहे अपडेट

एनएचएआई पिछले दिनों एक गाड़ी, एक फास्टैग इनिशिएटिव शुरू किया गया है। मतलब एक गाड़ी के लिए एक ही फास्टैग जारी होगा। ये फास्टैग जिस गाड़ी के लिए जारी हुआ है केवल उसी के लिए इस्तेमाल होना चाहिए। बिना केवाईसी के फास्टैग जारी करना आरबीआई के नियमों का उल्लंघन है। फास्टैग केवाईसी कैसे अपडेट कर सकते हैं?

सरकार द्वारा अधिकृत वेबसाइट से करें अपडेट

ऑनलाइन अपडेट करने के लिए फास्टैग की वेबसाइट (fastag.ihmcl.com) पर जाएं। पेज पर टॉप में लॉगिन आइकन है। वहां रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड से लॉगिन करें। पासवर्ड याद नहीं तो मोबाइल दर्ज कर ओटीपी जेनरेट करके भी लॉगिन कर सकते हैं। फिर माय प्रोफाइल पर जाकर केवाईसी अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए आईडी व एड्रेस प्रूफ, वाहन की आरसी और पासपोर्ट साइज के फोटो की जरूरत होगी। दूसरा ऑफलाइन तरीका यह है कि आपका फास्टैग जिस बैंक का है, उसकी ब्रांच में जाकर भी केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी टोल प्लाजा जा सकते हैं, या टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल कर सकते हैं। बता दें, सभी दस्तावेज सही हुए तो आवेदन सबमिट करने के 7 दिन में केवाईसी अपग्रेड हो जाता है। आप माई प्रोफाइल पेज में ही अपने केवाईसी की स्थिति की जांच कर सकते हैं।

एक नजर

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फारूक अब्दुल्ला को भेजा समन

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूछताछ के लिए तलब किया है। बता दें कि इससे पहले ईडी ने गत 11 जनवरी को भी उन्हें अपने स्थानीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन डॉ अब्दुल्ला नहीं गए थे। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि डॉ फारूक अब्दुल्ला को जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में हुए घोटाले के मामले में जारी जांच के सिलसिले में बुलाया गया है। जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में जेकेसीए को वर्ष 2001-12 के दौरान बीसीसीआई ने जम्मू कश्मीर में क्रिकेट व संबंधित गतिविधियों के विकास के लिए 112 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई थी।

अमेरिका: चर्च में अंधाधुंध गोलीबारी में पांच साल का बच्चा घायल

वाशिंगटन। ह्यूस्टन में एक चर्च में गोलीबारी की गई। हालांकि, पुलिस ने गोलीबारी करने वाली महिला को मार गिराया। इस दौरान एक छोटे बच्चे समेत दो लोगों को गोली लगी है। शहर के पुलिस प्रमुख ट्रॉय फिनर ने बताया कि पांच साल के एक बच्चे की हालत गंभीर है, जबकि कूल्हे में गोली लगने से घायल 57 वर्षीय एक व्यक्ति की हालत स्थिर है। वहीं, लेकवुड चर्च ने एक्स पर दोपहर में बताया कि एक हमलावर द्वारा लगातार गोलियां चलाई जा रही थीं। जांच में जुटी पुलिस।

कर्नाटक के कोप्पल में महिला से दुष्कर्म, छह आरोपी गिरफ्तार

कोप्पल। कोप्पल जिले के गंगावती में महिला से बलात्कार के आरोप में सोमवार को पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक महिला और उसका पति घर जाने के लिए बस स्टॉप पर बस का इंतजार कर रहे थे। घरेलू विवाद को लेकर दंपति में झगड़ा हो गया। जैसे ही बहस तेज हुई छह लोगों ने हस्तक्षेप किया और पति से झगड़ना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने पीड़िता के पति की पिटाई शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने शिकायत में पति की पिटाई और बलात्कार का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि आठ और नौ फरवरी की रात को 21 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार करने और उसके पति की पिटाई करने का मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में छह लोगों के शव बरामद

कराची। पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सोमवार को गोलियों से छलनी छह शव बरामद किए। शुरुआत में यह संदेह जताया गया कि ये पांच शव उन श्रमिकों के हैं जिनका पिछले महीने तुरबत के होशाब से अपहरण किया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शवों की पहचान की की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अकबर बलूच ने कहा, शव किला अब्दुल्ला के निर्जन इलाके में एक पहाड़ी हिस्से से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रांत में अनसुलझे जनजातीय विवादों के कारण भी कई लक्षित हत्याएं की जाती हैं।

पाकिस्तान: पीएम बनने की रेस में नवाज, इमरान समर्थित पीटीआई की दो टूक

विपक्ष में बैठना मंजूर, गठबंधन नहीं करेंगे

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनाव नतीजे के बाद अब सरकार बनाने के लिए जोड़-तोड़ की कोशिश शुरू हो गई है। हालांकि इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने साफ इनकार कर दिया है कि वे सत्ता के लिए नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन या बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से कोई गठबंधन नहीं करने वाले हैं। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गौहर खान ने पीएमएल-एन और पीपीपी के साथ किसी सीट बंटवारे की बातचीत से साफ मना कर दिया है।

बैरिस्टर गौहर खान ने कहा कि 'वे अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों पार्टियों से गठबंधन करने का कोई इरादा नहीं है।' पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, गौहर खान ने कहा 'हम दोनों के साथ सहज नहीं हैं। इनके साथ सरकार बनाने से अच्छा होगा कि हम विपक्ष में बैठें।' उन्होंने कहा कि अगर वे सरकार बनाने में सफल नहीं हुए तो वे मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। पीटीआई, जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन करने की कोशिश कर रही है। चुनाव नतीजे में जमात ए इस्लामी को खैबर पख्तूनख्वा असेंबली में तीन सीटें मिली हैं। दोनों पार्टियां पहले भी गठबंधन में रह चुकी हैं। हालांकि मई 2018 में जमात ए इस्लामी ने पीटीआई के साथ गठबंधन तोड़ लिया था। पीटीआई मजलिस ए वहदतुल मुसलमीन के साथ भी गठबंधन की कोशिश कर रही है। पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के नतीजे में इमरान खान की पार्टी 101 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है, लेकिन अभी भी वह बहुमत के आंकड़े 133 से दूर है।

नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को 75 और पीपीपी को 54 सीटों पर जीत मिली है। ऐसे में पीएमएल-एन और पीपीपी गठबंधन कर पाकिस्तान में सरकार बना सकती हैं।

नवाज शरीफ को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिला

पाकिस्तान में हुए आम चुनाव और उसके परिणामों की घोषणा के बाद रिकॉर्ड पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीटें जीत कर तकनीकी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इस बीच, असेंबली में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं होने के कारण पीएमएल-एन गठबंधन की सरकार बनाने में जुटी हुई है। वहीं, पार्टी को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिल गया है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी में सभी पांच सदस्यों ने सोमवार को शामिल होने का फैसला किया। मालूम हो कि कि एक दिन पहले इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार ने पीएमएल-एन में शामिल हो गया था। वहीं, इन पांच सदस्यों के पीएमएल-एन में शामिल होने के बाद पार्टी को समर्थन करने वाले कुल निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या अब छह हो गई है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पूर्व पीएम नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ से निर्दलीय नवनिर्वाचित सदस्यों के रूप में सरदार शमशीर मजारी, इमरान अकरम, सोहेल खान, खिज्र हुसैन मजारी और साहिबजादा मोहम्मद गाजिन अब्बासी ने मुलाकात की है।

बायकॉट: चिंतित अमेरिका, युद्ध विराम में झोंकी ताकत

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को चार महीने से ज्यादा हो चुके हैं। इजराइल का समर्थन करने के कारण अमेरिकी प्रोडक्ट का बहिष्कार हो रहा है। कई अमेरिकी मल्टी नेशनल कंपनियों के उत्पादों का मिडिल- ईस्ट से लेकर एशिया और इंडोनेशिया तक के मुस्लिमों ने बायकॉट किया है।

अपनी कंपनियों को हो रहे नुकसान के चलते अमेरिका ने गाजा में संघर्ष विराम के प्रयास तेज कर दिए हैं। बहिष्कार के चलते अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कतर और मिस्र के बाद यरूशलम की यात्री। इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद चार माह में ब्लिंकन ने पांचवी इजराइल यात्रा की थी, लेकिन ब्लिंकन प्रयासों पर खरे नहीं उतर पाए। इजराइल ने संघर्ष विराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इस पर ब्लिंकन ने कहा हैं कि आतंकी हमले से इजराइल को दूसरों पर क्रूरता का लाइसेंस नहीं मिल जाता है।

1967 से 1991 तक कोका कोला का इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने किया था बहिष्कार

बायकॉट अमेरिका अरब से लेकर इंडोनेशिया तक फैला

मैकडोनल्ड- इजराइल समर्थन के कारण बहिष्कार हो रहा है। कंपनी के मुताबिक 2023 की आखिरी तिमाही में मिडिल ईस्ट और एशिया में वृद्धि 0.7% रही। एक साल पहले 3.4% थी। कंपनी ने इजराइली सैनिकों को मुफ्त भोजन बांटा था। स्टारबक्स पिछले सप्ताह कॉफी चेन स्टारबक्स ने कंपनी की ग्लोबल ग्रोथ अनुमान 5 से 7% से घटाकर 4-6% कर दिया है। अमेरिकी में इजराइल विरोधी अभियान के कारण वहां भी ग्रोथ कम हुई है। इंडोनेशिया में भी बहिष्कार हो रहा है।

कोका कोला- इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने 1967 से 1991 तक कोका कोला का बहिष्कार किया। कोक को मार्केट से हटाने के लिए नवंबर 23 में तुर्किये संसद में वोटिंग हुई। तुर्किये में 2023 की अंतिम तिमाही में बिक्री में 22% कम रही है।

डोमिनोज- बहिस्कार करने वालों का दावा है कि डोमिनोज ने भी इजराइली सैनिकों को फ्री फूड दिया। दुनियाभर की फ्रेंचाइजी को झटका लगा है। मलेशिया में डोमिनोज ब्रांड के स्टोर की बिक्री 2023 की दूसरी छमाही में 8.9% कम हो गई।

इजराइल ने दो बंधकों को मुक्त कराया

राफा। इजराइल की सेना ने सोमवार गाजा से दो बंधकों को मुक्त कराया और एक नाटकीय घटनाक्रम में गोलीबारी के बीच बंधकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हमास द्वारा क्षेत्र में बंधक बना कर रखे गए 100 से अधिक बंधकों की देश वापसी की दिशा में इजराइल की यह एक छोटी लेकिन प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण सफलता है। फिलिस्तीनी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 67 फिलिस्तीनी मारे गए। अभियान दक्षिणी गाजा शहर रफह में चलाया गया था।

ईडी के खिलाफ हेमंत की याचिका पर सुनवाई टली अब 27 को होगी सुनवाई

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका 27 फरवरी के लिए स्थगित कर दी है। अदालत इस दिन फिर से याचिका पर सुनवाई करेगी।

अदालत ने फेडरल एजेंसी से एक हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। वकील जनरल राजीव रंजन ने कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी है। हेमंत के वकील राजीव रंजन ने बताया, 'ईडी को जवाब देने का आदेश दिया गया है। अदालत ने 27 फरवरी की तारीख तय की है। हमें संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है।

आग के अंगारे...



आइसलैंड: प्रिंडाविक आइसलैंड की मुख्य सड़क को पार करते हुए और ब्लू लैगून की ओर जाने वाली सड़क पर बहते हुए लावा का एक दृश्य सामने आया है। दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में एक ज्वालामुखी तीसरी बार फटा है। ज्वालामुखी फटने से आकाश में धुएं का गुबार छा गया और द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। ज्वालामुखी विस्फोटे के बाद 3,800 की आबादी वाले द्वीप से सुरक्षाकर्मियों द्वारा लोगों को सुरक्षति जगह ले जाया गया। ● एजेंसी

कोचर दंपती को अंतरिम जमानत देने के खिलाफ याचिका का निपटारा

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर और उनके कारोबारी पति दीपक कोचर को अंतरिम जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया।

जज बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने याचिका का निस्तारण उस समय कर दिया जब जांच एजेंसी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य मामले में पिछले सप्ताह अपना फैसला सुनाया है लेकिन फैसला अभी तक अपलोड नहीं किया गया है। 6 फरवरी को, बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा चंदा कोचर और उनके पति की गिरफ्तारी को अवैध माना और दंपति को जमानत देने के जनवरी 2023 के अंतरिम आदेश की पुष्टि की।

नायडू की याचिका पर सुनवाई 26 तक स्थगित

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में पिछले महीने अग्रिम जमानत दी थी। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की है। याचिका सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने सुनवाई के लिए आई और उसने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 26 फरवरी तय की। याचिका न्यायमूर्ति बेला एम.त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई।

लखीमपुर हिंसा: आरोपी आशीष की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

नई दिल्ली। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को एक बार फिर शीर्ष अदालत से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह मामले की प्रगति के बारे में निचली अदालत से रिपोर्ट प्राप्त करे और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। गौरतलब है, सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को पिछले साल 26 सितंबर को दिल्ली के अस्पताल में जाने की अनुमति दे दी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उन्हें किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग न लेने और मीडिया से बात नहीं करने का आदेश दिया था।

विज्ञान अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के हालिया किए गए शोध से मिली जानकारी

सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: हमारे सूर्य के खत्म होने के बाद ग्रहों का क्या होगा। सम्भव है कि बृहस्पति जैसे बड़े ग्रह सुरक्षित रहेंगे। शेष ग्रह शायद ही बच पाएं। हालिया बाहरी ग्रहों में किए गए शोध से यह जानकारी निकलकर आई है।

पहले समझा जाता था कि सूर्य के खत्म होने के बाद हमारे अन्य ग्रहों का जीवन भी समाप्त हो जाएगा। मगर हाल में हुए शोध में नई जानकारी सामने आई है। अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक सुसान मुल्ली के नेतृत्व में 34 प्रकाश वर्ष की दूरी पर डब्लू डी 1202-232 और 35 प्रकाश वर्ष दूर डब्लू डी 2105-82 नामक अलग-अलग सफेद बौने सितारों की परिक्रमा करने वाले एक्सोप्लैनेट का अध्ययन किया।

35 प्रकाश वर्ष दूर ग्रह व उसका बौना तारा।

अध्ययन में इनके ग्रहों का द्रव्यमान बृहस्पति के 1 से 7 गुना के बीच पाया गया। जेम्स वेब दूरबीन से देखने पर स्पष्ट पता चल पाया कि अरबों वर्ष पुराने बृहस्पति जैसे यह एक्सोप्लैनेट हैं जो संभवतः अपने सफेद बौने मेजबान सितारों के वायुमंडल को प्रदूषित कर रहे हैं और अपने तारे के खत्म होने के बाद बचे रह गए, जो संभवतः अपने अधिक द्रब्यमान के कारण सुरक्षित रह गए। ज्ञात हो हमारा सूर्य भी खत्म होने के बाद व्हाइट ड्वार्फ बन जाएगा। लिहाजा हमारे सूर्य के सफेद बौने में बदल जाने के बाद बृहस्पति और शनि बचे रह पाएंगे।

अब तक पांच हजार एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं वैज्ञानिक

ब्रह्मांड के अथाह सागर में वैज्ञानिक अब तक पांच हजार से अधिक एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं। खगोलविद एक्सोप्लैनेट के अपने मेजबान तारे पर पड़ने वाले प्रभावों का निरीक्षण करते आ रहे हैं और इन पर होने वाले प्रभावों के आधार पर अनेक निष्कर्ष निकालते हैं। हाल में की गई यह खोज सौर मंडल के ग्रहों की भविष्य की जानकारी प्रदान करती है। एस्ट्रोनॉमी जनरल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यूएई: मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु को दर्शाया

अबू धाबी, एजेंसी

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। पीमए मोदी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को रवाना होंगे। बता दें, यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह-अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा। हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है।

मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। यहां 100 से अधिक भारतीय स्कूली बच्चे पत्थरों को चित्रित करने में लगे हुए हैं। दरअसल, मंदिर उद्घाटन में शामिल होने वाले सभी मेहमानों को उपहार के तौर पर दिया जाएगा। पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, जो संयुक्त अरब अमीरात में पहला पारंपरिक हिंदू पत्थर मंदिर है। बच्चे तीन महीने से हर रविवार को मंदिर स्थल पर पत्थर सेवा कर रहे हैं और अब छोटे खजाने कहे जाने वाले उपहारों को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। 12 वर्षीय तिथि पटेल के लिए, पत्थर सेवा एक वीकेंड एक्टिविटी है, जिसमें उन्हें काफी मजा आता है। तिथि पटेल ने बताया, हमने मंदिर स्थल पर बचे हुए पत्थर और छोटी चट्टानें इकट्ठा कीं। फिर हमने उन्हें धोया और पॉलिश किया, उसके बाद प्राइमर की एक परत लगाई और फिर पेंट किया। प्रत्येक चट्टान पर एक तरफ एक प्रेरक उद्धरण है और दूसरी तरफ मंदिर के किसी हिस्से को चित्रित किया गया है। 8 वर्षीय रेवा करिया, जिन्होंने इस रविवार को पत्थरों को उपहार बक्सों में पैक किया है, उन्होंने बताया कि उन्होंने उपहार का नाम "छोटा खजानारखा है क्योंकि बच्चे उन्हें अपने छोटे हाथों से इसे बना रहे हैं।

14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करने के लिए आज रवाना होंगे प्रधानमंत्री मोदी

मंदिर में अयोध्या नगरी को पत्थरों की संरचना में उकेरा

मंदिर में सात देवी-देवता विराजे है, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

खराब मौसम ने मोदी का कार्यक्रम किया छोटा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 'अहलान मोदी' को छोटा कर दिया गया है। इस कार्यक्रम की तैयारियों में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि यूएई में खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया है। दरअसल, रात भर बिजली की चमक के साथ भारी बारिश हुई है, जिसके कारण शहर में ट्रैफिक जाम और जलभराव की स्थिति है। बता दें, लोगों की भागीदारी की संख्या 80 हजार से घटाकर 35 हजार कर दी गई है।